kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-251 ❐ सोमवार, 12 अक्टूबर 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



राहुल गांधी का लक्ष्य देश में विभाजन पैदा करना है, जबकि हमारा लक्ष्य एकता है। तमिल भाषा पर हमले के आरोप गलत हैं। मोदी के कार्यकाल में तमिल संस्कृति दो अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। सुधांशु त्रिवेदी

कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को दिल्ली में रहने के दिए निर्देश 11

उत्तराखंड में शारदीय नवरात्र की धूम, मंदिरों में उमड़ रहे श्रद्धालु 12

संक्षेप

खुदरा महंगाई 23 महीने के उच्च स्तर पर पहुंचेगी

नई दिल्ली। खाने-पीने की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों, ऊर्जा लागत में तेजी और प्रतिकूल आधार प्रभाव के कारण देश में खुदरा महंगाई लगातार बढ़ने का अनुमान है। सितंबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.6% पर पहुंच सकती है, जो करीब 23 महीने का उच्च स्तर होगा। इससे पहले अगस्त में यह 4.82% दर्ज की गई थी। मिंट के 19 अर्थशास्त्रियों के सर्वेक्षण में सितंबर की महंगाई 5% से 5.9% के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। सितंबर के आधिकारिक आंकड़े 12 अक्तूबर को जारी होने हैं। इसलिए 5.6% का आंकड़ा फिलहाल अनुमान है, अंतिम सरकारी आंकड़ा नहीं। महंगाई में इस तेजी का सीधा असर आम परिवारों के बजट पर पड़ सकता है। सब्जियों, दालों, अनाज, खाद्य तेल और प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू खर्च बढ़ेगा। वहीं, कच्चे तेल की महंगी कीमतों का असर परिवहन और अन्य वस्तुओं की लागत पर भी पड़ सकता है। खुदरा महंगाई में तेजी का रुख अप्रैल से ही दिखाई दे रहा है। अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई 3.48% थी, जो मई में बढ़कर 3.93% और जून में 4.38% हो गई। जुलाई में यह 4.45% और अगस्त में 4.82% पर पहुंच गई। सितंबर के लिए अनुमान सही साबित होने पर महंगाई लगातार छठे महीने बढ़ेगी।

दिल्ली से चेन्नई जा रहे विमान में आग लगी, पावर बैंक फटने से लगेज जला

नई दिल्ली। दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की हैदराबाद में इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी।इस फ्लाइट में एक पैसेंजर का पावर बैंक ब्लास्ट होने से बैग में आग लग गई थी। धुआं निकलता देख यात्रियों ने क्रू को खबर दी। इसके बाद प्लेन को हैदराबाद डायवर्ट कर इमरजेंसी लैंडिग करवाई गई। इंडिगो ने कहा कि आग लगने का पता चलते ही केबिन क्रू ने स्थिति को काबू में कर लिया। इसके बाद पायलटों ने विमान को डायवर्ट किया। इंडिगो ने बताया कि यात्रियों को चेन्नई पहुंचाने के लिए एक दूसरे विमान की व्यवस्था की गई।

कांग्रेस कार्यालय में हंगामा, धक्कामुक्की व जूते चले


लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय में आराधना मिश्रा 'मोना' और इमरान मसूद के पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। कार्यक्रम के दौरान अजय राय के साथ एक महिला कांग्रेस नेता द्वारा कथित बदसलूकी किए जाने से उनके समर्थकों में नाराजगी फैल गई। अजय राय नाराज होकर कांग्रेस कार्यालय के बाहर बैठ गए। इस दौरान समर्थकों के बीच हंगामा और धक्कामुक्की हुई और जूते चल गए। स्थिति को संभालने के लिए वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी अजय राय को मनाने में जुटे रहे। पदभार ग्रहण के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होने की तैयारी थी, लेकिन अजय राय उसमें शामिल होने के लिए अंदर नहीं गए।

पुतिन शांति चाहते हैं, यूक्रेन को नए राष्ट्रपति की जरूरत: ट्रम्प

एजेंसी

❐ रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमलों से ट्रम्प नाराज

❐ जेलेंस्की बोले- रूस चाहे तो आज ही हमले रुक सकते हैं



वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन को नया राष्ट्रपति चुनना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने के लिए शांति समझौता करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की बातचीत के मौके गंवा रहे हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रम्प ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिका अब रूस से डीजल खरीदेगा। जेलेंस्की ने इस फैसले का विरोध किया। उन्होंने कहा था कि इससे रूस को युद्ध जारी रखने के लिए और पैसा मिलेगा।

ट्रम्प ने यूक्रेन की ओर से रूस की तेल रिफाइनरियों पर किए जा रहे हमलों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इन हमलों से दुनिया में ईंधन की समस्या बढ़ सकती है। यूक्रेन रूस की तेल से जुड़ी सुविधाओं को निशाना बना रहा है। इससे रूस की तेल से होने वाली कमाई और उसकी सेना तक ईंधन पहुंचाने की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया था। तब से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है। जेलेंस्की ने रविवार को एक्स पर लिखा कि यूक्रेन रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमले रोकने के लिए तैयार है, बशर्ते रूस यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमले बंद करे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा ठिकानों पर हमले आज से ही रोके जा सकते हैं, लेकिन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ऐसा नहीं चाहते। जेलेंस्की के मुताबिक, तनाव कम करने के लिए दोनों देशों को एक-दूसरे के खिलाफ हमले रोकने होंगे और इसके लिए ठोस गारंटी भी जरूरी है। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रिय सिबिहा ● शेष पेज 11 पर

खैबर पख्तूनख्वा में लगी इमरजेंसी

एजेंसी

❐ पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी की प्रांतीय सरकार को राष्ट्रपति ने किया बर्खास्त



इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए रविवार को आपातकाल घोषित कर दिया, जिसके साथ ही जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नेतृत्व वाली प्रांतीय सरकार का अंत हो गया।

आपातकाल के तहत सुरक्षा संकट या संवैधानिक व्यवस्था के ठप होने की स्थिति में पाकिस्तान की संघीय सरकार किसी प्रांत की प्रमुख कार्यकारी और विधायी शक्तियां अपने नियंत्रण में ले लेती हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने संविधान के अनुच्छेद 232(1) और 234(1) के तहत आपातकाल की घोषणा की। राष्ट्रपति की घोषणा के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी प्रांत में बढ़ते आतंकवादी हमलों और संवैधानिक व्यवस्था के ठप होने के कारण यह कदम उठाया गया है। इस घोषणा के तहत मुख्यमंत्री, प्रांतीय मंत्री, सलाहकार, विशेष सहायक और महाधिवक्ता को तत्काल अपने पद छोड़ने होंगे। यह कदम खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल आफरीदी के नेतृत्व में जारी विरोध मार्च के बीच उठाया गया है। आफरीदी इमरान खान की रिहाई और उन्हें इलाज की सुविधा देने की मांग कर रहे हैं। यह मार्च चार अक्टूबर को लक्की मरवत से शुरू हुआ था और प्रांत के कई जिलों से गुजर चुका है। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने शुरुआत में इस मार्च को इस्लामाबाद ले जाकर धरना देने की योजना बनाई थी, लेकिन संघीय सरकार ने कहा कि वह प्रदर्शनकारियों ● शेष पेज 11 पर

युवाओं के पास दुनिया को समाधान देने की ताकत

पीएम मोदी बोले- बड़े सपने देखें, अलग सोचें और निडर बनें

एजेंसी



चेन्नई। तमिलनाडु के चेन्नई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और कुछ परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय भी मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने जनसभा को भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से बड़े सपने देखने, अलग सोचने और निडर होकर अपने विचारों पर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'मैं काशी का प्रतिनिधि हूं। महान कवि सुब्रमण्यम भारती के शब्द हमें निडर होकर जीने की प्रेरणा देते हैं। मैं यहां मौजूद सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि खुद को निडर बनने का मौका दें। अपने विचारों पर काम करें, बड़े सपने देखें, अलग सोचें और निडर बनें। प्रधानमंत्री ने कहा कि जयगोपाल गरोड़िया हिंदू विद्यालय मैट्रिकुलेशन हायर सेकेंडरी स्कूल इस बात का उदाहरण है कि शिक्षा के साथ देशभक्ति से भरे नागरिक भी तैयार किए जा सकते हैं। उन्होंने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए बताया कि गिरिजा अम्मा ने बच्चों को एक विचार से प्रेरित किया था। हर बच्चा एक रुपये बचाकर देश के सैनिकों को समर्पित करेगा। हजारों बच्चों के इस पहल से जुड़ने पर करीब 40 लाख रुपये जुटाए गए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे योगदान बड़ा बदलाव ला सकते हैं और एक छोटी-सी कोशिश भी बड़ा असर पैदा कर सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए जरूरी नए विचार और समाधान न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया का भविष्य तय करेंगे। आज दुनिया समाधान तलाश रही है और युवाओं में ये समाधान देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत में आज असीम अवसर हैं। हर युवा को अपने भविष्य को बड़े लक्ष्य के साथ देखना चाहिए, क्योंकि यह उनका समय और अवसर है। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि सब मिलकर विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दिन तमिलनाडु के लिए ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज से नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो रहा है। उन्होंने तमिलनाडु को शिव और शक्ति की भूमि बताते हुए कहा कि कार्यक्रम में आने से पहले उन्हें जलकंडेश्वर मंदिर में भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। प्रधानमंत्री ने इस तीर्थभूमि से देशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं में कई ऐसी हैं, जो पूरी हो चुकी हैं और जिनका उद्घाटन किया जा रहा ● शेष पेज 11 पर

'मैं हमेशा राज्य के विकास से देश के विकास का मंत्र लेकर चला'

पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ दिन पहले ही आप सभी के आशीर्वाद से, देशवासियों के प्रेम के कारण सरकार प्रमुख के रूप में मैंने 25 वर्षों का एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है। मैं हमेशा राज्य के विकास से देश के विकास का मंत्र लेकर चला।

यूपी चुनाव में तीसरे मोर्चे का विकल्प तलाश रही एआईएमआईएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❐ प्रदेश के छोटे दलों को एकजुट कर लामबंद करने में जुटा एआईएमआईएम

❐ क्षेत्रीय आधार पर सक्रिय जातीय समूहों को भी एक मंच लाने का प्रयास

लखनऊ। विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों की भी बड़ी भूमिका होगी। क्षेत्रीय पार्टियां भी गोलबंद होना शुरू हो गई हैं। ऑल इंडिया मजलिस ए एत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) जैसे प्रमुख दल तीसरे मोर्चे का विकल्प तलाश रहे हैं। इधर, बीच पार्टी मुखिया अससुद्दीन ओबैसी के यूपी में दौरे भी तेज हो गए हैं। खासकर पूर्वांचल के जिलों में। श्रावस्ती, बहराइच में तो अपने प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं। रविवार को आजमगढ़ में सभाकर पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम ने सक्रिय भागीदारी की थी। करीब 95 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। यह दीगर बात है कि कोई उम्मीदवार जीत नहीं सका लेकिन कई सीटों पर एआईएमआईएम के प्रत्याशी चुनाव प्रभावित करने की स्थिति में रहे। इस बार भी पार्टी ने चुनाव तैयारी तेज कर दी है। बहराइच की मटेरा और श्रावस्ती की भिनगा सीट से पार्टी प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं। पार्टी अध्यक्ष अससुद्दीन ओबैसी ने हाल ही में कई जिलों में सभाएं की है। पार्टी का पूरा फोकस पूर्वांचल के जिलों पर है। यहां पार्टी का संगठन भी सक्रिय है और लोगों को जोड़ा भी जा रहा है। कानपुर की एक विधानसभा सीट पर पार्टी चुनाव प्रभावित करने की स्थिति में है। यहां पिछले दो चुनाव सो पार्टी अपने उम्मीदवार उतार रही है। पार्टी समान विचारधारा वाले दलों के भी संपर्क में है। समाज के लोगों को भी जोड़ने के प्रयास जारी हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली कहते हैं कि हमारी तैयारी पूरी है। ● शेष पेज 11 पर

अमेरिका से ऑनलाइन गवाही देंगे गूगल-व्हाट्सऐप के अधिकारी

श्रद्धा वालकर हत्याकांड मामला

एजेंसी

नई दिल्ली। श्रद्धा वालकर हत्याकांड में अमेरिका-ब्रिटेन में रहने वाले गूगल, व्हाट्सऐप और बंबल के चार अधिकारियों की गवाही अब ऑनलाइन होगी। साकेत कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की याचिका मंजूर करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उनके बयान दर्ज करने की अनुमति दे दी है। मामले में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई अंतिम चरण में है। अदालत ने एक दिसंबर से प्रतिदिन एक गवाह का बयान दर्ज करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरविंदर सिंह जग्गी की कोर्ट ने इस संबंध में आदेश दिया। अदालत ने कहा कि गवाह विदेश में रहते हैं। ऐसे में उन्हें व्यक्तिगत रूप से अदालत में बुलाने से अनावश्यक देरी होगी और काफी खर्च भी आएगा। मुकदमे की जल्द सुनवाई और न्याय के हित में ऑनलाइन गवाही की अनुमति दी जाती है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में व्हाट्सऐप और मेटा प्लेटफॉर्म्स के नोडल अधिकारी एड्रियन सिल्वेरा, गूगल की शेल्बी स्मिथ, जीमेल के आरती सेठ और बंबल समूह के नोडल अधिकारी एवं कानून प्रवर्तन संचालन प्रबंधक ल्यूक मित्सी को गवाह बनाया है। इनमें तीन अधिकारी अमेरिका और एक ब्रिटेन ● शेष पेज 11 पर

शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को हिरासत में न लें

एजेंसी

❐ सीजेपी प्रदर्शन: सुप्रीम कोर्ट ने मेट्रो सेवाएं सामान्य रखने को कहा, इंटरनेट बहाली-बंद स्टेशनों पर मांगा जवाब

❐ 13 अक्तूबर को होगी संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई



नई दिल्ली। दिल्ली में सीजेपी के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान कई अहम निर्देश जारी किए। जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को कानून में निर्धारित प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। अदालत ने मेट्रो और रेलवे सेवाओं को सामान्य करने, इंटरनेट बहाल रखने तथा नागरिकों की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में मेट्रो और ट्रेन सेवाओं से संबंधित आदेशों के कथित उल्लंघन को लेकर दायर अवमानना याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किया। यह याचिका सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान परिवहन सेवाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों से संबंधित है।

सुप्रीम कोर्ट ने बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लिए जाने के आरोपों से जुड़ी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं और अन्य संबंधित मामलों को मुख्य मामलों के साथ 13 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 का भी उल्लेख किया, जिसके तहत मौलिक अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। अदालत ने कहा कि मौलिक अधिकारों की रक्षा करना उसका संवैधानिक दायित्व है। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि शुरुआत में 57 मेट्रो स्टेशनों को बंद करने का प्रस्ताव था, लेकिन अदालत के आदेश के बाद यह संख्या 47 रह गई। पीठ ने अधिकारियों से इन सभी 47 स्टेशनों की स्थिति स्पष्ट करने और जवाब के साथ नक्शा दाखिल करने को कहा। अदालत के सामने यह भी बताया गया कि पिछली रात 10 बजे से सभी मेट्रो स्टेशन खोल दिए गए हैं और कोई भी स्टेशन आंशिक रूप से बंद नहीं है। पीठ ने रेलवे अधिकारियों की ओर से जारी परामर्शों के बारे में भी जानकारी मांगी। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित याचिकाओं पर जवाब और अपने आदेशों के अनुपालन की रिपोर्ट मंगलवार तक दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि मेट्रो सेवाएं सामान्य समय-सारणी के अनुसार चलती रहनी चाहिए। हालांकि, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानून के तहत लागू शर्तें प्रभावी रह सकती हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली में इंटरनेट सेवाओं का मुद्दा भी उठा। पीठ ने शहर में इंटरनेट सुविधा बहाल करने की बात कही। इस पर सॉलिसिटर ● शेष पेज 11 पर

नारी का सम्मान और स्वावलंबन ही रामराज्य का आधार : योगी

एजेंसी



बलरामपुर। यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नारी को सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन मिलेगा तो रामराज्य की स्थापना को कोई ताकत नहीं रोक सकती। मां भगवती की आराधना का वास्तविक अर्थ भी यही है कि समाज हर महिला के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हो। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में हर पांचवीं बेटी स्कूल में दाखिला लेने के बाद बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती थी। स्कूलों में शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाएं नहीं थीं। आज प्रदेश के 1.60 करोड़ बच्चों को हर साल दो यूनिफॉर्म, बैग, पुस्तकें, स्वेटर और जूते-मोजे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बेटियों की शिक्षा और महिलाओं का स्वावलंबन सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को देवीपाटन मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्रि की प्रतिपदा और अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित 'शिक्षा की उड़ान' पहल के तहत स्टडी टेबल एवं आशीर्वाद पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवदुर्गा स्वरूप नौ कन्याओं का तिलक किया, चुनरी ओढ़ाई और चॉकलेट भेंट की। बेटियों को सम्मानित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की उपासना की परंपरा रही है। नवरात्रि इसी संकल्प को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने प्रदेशवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और विजयदशमी पर भगवान राम के विजय उत्सव को भव्यता से मनाने की बात कही। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद उन्होंने बड़ी संख्या में बेटियों के स्कूल छोड़ने की वजह पूछी। पहले विद्यालयों की दूरी को कारण बताया गया। जांच के लिए टीम गठित की तो सामने आया कि स्कूलों में शौचालय और पेयजल तक की व्यवस्था नहीं थी। इसके बाद बालक-बालिकाओं के लिए अलग शौचालय बनवाने, पेयजल उपलब्ध कराने और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उस समय 60 से 70 प्रतिशत बेटियां नंगे पैर स्कूल जाती थीं। कई ● शेष पेज 11 पर

दुर्गा पूजा में सुरक्षा के हों कड़े प्रबंध, बाधित न हो यातायात

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अधिकारियों को दुर्गा पूजा में सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि त्योहार में किसी भी दशा में यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। इसके लिए दुर्गा पूजा समितियों से भी बात की जाए ताकि प्रत्येक समिति का आयोजन यातायात सुगमता में सहयोग करे। रविवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर दुर्गा पूजा-दशहरा त्योहार की तैयारियों, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री का विशेष जोर दुर्गा पूजा एवं दशहरा के शांतिपूर्ण उल्लासपूर्ण आयोजन पर था। सीएम ने कहा कि कहा कि सड़क पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित न हों, इसके लिए दुर्गा पूजा समितियों से बात की जाए। त्योहार में सड़कों पर भीड़ अपेक्षाकृत अधिक होती है इसलिए यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध के साथ ऐसी कार्ययोजना बनाएं कि यातायात प्रभावित न होने पाए। उन्होंने त्योहारों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं और पंडालों की ऊंचाई भी बहुत अधिक न हो, इसके लिए भी दुर्गा पूजा समितियों से संवाद किया जाए। त्योहार समाप्त होने पर प्रतिमा विजर्सन के दौरान डीजे की आवाज का लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए। कहा कि डीजे की आवाज निर्धारित मानक के अनुसार ही होनी चाहिए ताकि किसी को परेशानी न होने पाए। उन्होंने अधिकारियों से इस पर ध्यान रखने को कहा। सीएम योगी ने कहा कि प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्थान चिह्नित किए जाएं। जहां कृत्रिम पोखर बनाए गए हैं, विसर्जन वहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। निर्बाध रूप से प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक जाने की व्यवस्था की जाए। रास्ते में अतिक्रमण न हो और कहीं बिजली के तार ढीले हों, जर्जर पोल हो तो उसे बदल लिया जाए। भीड़ का प्रबंधन उचित तरीके से किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि समय रहते प्रशासन और पुलिस के अधिकारी प्रतिमा विसर्जन मार्ग ● शेष पेज 11 पर

मुख्य न्यायाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेगा इंडिया गठबंधन

एजेंसी



नई दिल्ली। संसद से चुनाव आयोग तक मार्च, जनपथ से जंतर मंतर, कनॉट प्लेस से राष्ट्रपिता की समाधि और राष्ट्रपति भवन तक गुहार के बाद अब इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) एक बार फिर सड़क पर उतरेगा। इंडिया गठबंधन सोमवार को वोट चोरी के खिलाफ मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा। इंडिया गठबंधन के सुप्रीम कोर्ट तक इस मार्च में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता और सांसद हिस्सा लेंगे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सीजेआई से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपने के लिए घटकदलों से संपर्क किया जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। सोमवार को इंडिया गठबंधन के नेता सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से मिलेंगे। इस बारे में उन्होंने और राहुल गांधी ने सीजेआई को पत्र भी लिखा है। खरगे के मुताबिक, सोमवार शाम चार से पांच बजे के बीच बैठक तय की गई है। हमारी उनसे कोई मांग नहीं है। खरगे ने कहा कि सीजेआई से हम कोई मांग नहीं करेंगे, पर हाथ जोड़कर अपनी चिंताएं उनके सामने रखेंगे और उनसे दखल देने का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरे देश में अफरातफरी ● शेष पेज 11 पर

प्रदेश के 50 फीसदी से अधिक स्टार्टअप्स का नेतृत्व कर रही नारी शक्ति : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' की भावना को आत्मसात करके कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा प्रदान की है, जिसका परिणाम है कि प्रदेश के 50 फीसदी से अधिक स्टार्टअप्स का नेतृत्व नारी शक्ति कर रही है।

मुख्यमंत्री ने नवरात्रि के प्रथम दिवस पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को उपद्रव प्रदेश से उत्सव प्रदेश बनाने के साथ ही नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले जिन बेटियों के लिए घर



की चौखट पार करना भी एक चुनौती थी, आज वही बेटियां नाइट शिफ्ट में भी काम करते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान कर रही हैं। प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स को आज नारी शक्ति लीड कर रही है। महिला कार्यबल की भागीदारी 12 फीसदी से बढ़कर 36 प्रतिशत से अधिक होना प्रदेश में महिलाओं के बढ़ते विश्वास और विस्तृत होते अवसरों का स्पष्ट प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृशक्ति के स्वास्थ्य से लेकर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य तक डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी योजनाएं नारी सशक्तीकरण को नित्य नई मजबूती प्रदान कर रही हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और पोषण अभियान से माताओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को संबल मिला है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला और सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। वहीं मिशन शक्ति, ऑपरेशन कायाकल्प, कस्तूरबा बालिका विद्यालय, सेफ सिटी, रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर वर्किंग वुमन हॉस्टल जैसी पहलें उनकी शिक्षा, सुरक्षा, गतिशीलता और आत्मनिर्भरता के नए रास्ते खोल रही हैं।

'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में अग्रसर सरकार सीएम योगी ने कहा कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' की भावना को आत्मसात करते हुए प्रदेश की डबल इंजन सरकार 'सशक्त नारी-समृद्ध उत्तर प्रदेश' के माध्यम से 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

अमेरिका-ब्रिटेन-जर्मनी समेत अंतरराष्ट्रीय तकनीकी चुनौतियों का समाधान खोजेगी यूपी की 'टीम 12'

- क्वांटम टेक्नोलॉजी, एआई, रोबोटिक्स और साइबर सुरक्षा में नवाचार से वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की तैयारी
- सीएम योगी के विजन के अनुरूप तकनीक आधारित फॉरेंसिक शिक्षा और स्टार्टअप क्षमता को बढ़ावा
- यूपीएसआईएफएस पहला संस्थान जहां टेक्नोलॉजी, विधि और फॉरेंसिक विज्ञान की 'त्रिवेणी'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी और साइबर सुरक्षा जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश के विद्यार्थी अब अपनी तकनीकी प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) के 150 विद्यार्थियों ने अपने तकनीकी समाधान प्रस्तुत कर यह दिखाया कि फॉरेंसिक शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीक का समन्वय किस तरह नवाचार के नए अवसर खोल सकता है। इनमें से चुनकर 'टीम 12' बनाई गई है, जो अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में भागीदारी के लिए तैयार है। इन विद्यार्थियों ने अपने प्रेजेंटेशन ब्राविटी के सीईओ पवन शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किए। पवन शर्मा अमेरिका में एआई, रोबोटिक्स और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। जिसके बाद यहां के सर्वश्रेष्ठ बच्चों में से 'टीम 12' बनाई गई। यह पहल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान से आगे बढ़कर तकनीक के व्यावहारिक उपयोग और वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप तकनीक आधारित फॉरेंसिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दिशा में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से परिचित कराने, नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने और उनके ज्ञान को व्यावहारिक उपयोग से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। आज दुनिया के सामने साइबर अपराध, डिजिटल सुरक्षा, स्वचालन और जटिल तकनीकी प्रणालियों से जुड़ी कई चुनौतियां हैं। इनसे निपटने के लिए एआई, रोबोटिक्स और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में नए समाधान विकसित किए जा रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की ओर से इन क्षेत्रों में तकनीकी समाधान प्रस्तुत करना उनकी व्यावहारिक समझ और नवाचार क्षमता को सामने लाने का अवसर है।

यूपीएसआईएफएस में विद्यार्थियों की इस पहल का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि यहां फॉरेंसिक विज्ञान के अध्ययन का संबंध तकनीकी और विधिक पहलुओं से भी जुड़ता है। डिजिटल साक्ष्यों की जांच, साइबर सुरक्षा और आधुनिक अपराधों की वैज्ञानिक पड़ताल जैसे क्षेत्रों में तकनीकी ज्ञान की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

इस पहल का प्रमुख आकर्षण 'टीम 12' की अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में प्रस्तावित भागीदारी है। इससे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर तकनीकी कार्यों और परियोजनाओं से जुड़ने की संभावनाएं मिलेंगी। अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों में तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में विकसित हो रहे समाधानों के संदर्भ में भारतीय विद्यार्थियों की प्रतिभा और नवाचार क्षमता को सामने लाना इस पहल का व्यापक उद्देश्य है। तकनीक आधारित शिक्षा का उद्देश्य केवल नई तकनीकों की जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में समस्याओं की पहचान करने, उनका वैज्ञानिक विश्लेषण करने और उपयोगी समाधान विकसित करने की क्षमता पैदा करना भी है।

सगरा तालाब का नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने रविवार को माधोपुर स्थित सगरा तालाब का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब के आसपास फैली गंदगी और अतिक्रमण की स्थिति देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने तालाब क्षेत्र की तत्काल सीमांकन एवं पैमाइश कराने के साथ ही आसपास किए गए अवैध अतिक्रमण को जल्द हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा और निर्धारित प्रक्रिया के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने तालाब और उसके आसपास के परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कूड़ा-कचरा हटाने के साथ ही तालाब परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित



की जाए, ताकि क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि तालाब के संरक्षण और सुंदरीकरण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही चर्चा कर अगले दिन से सफाई तथा आगे की आवश्यक कार्रवाई की योजना पर काम शुरू करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और तालाब की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त रखते हुए उसके संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

खुद कूड़ा उठाने उतरे आयुष मंत्री

- जनसुनवाई से पहले कैंप कार्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान, बोले- स्वच्छता सरकारी कार्यक्रम नहीं, जन आंदोलन है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने अपने कैंप कार्यालय और आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान मंत्री ने स्वयं खरपतवार और कचरा उठाकर कूड़ा गाड़ी में डाला और परिसर की साफ-सफाई की।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को सेवा का महत्वपूर्ण मंत्र बनाया है। स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जनआंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं आगे बढ़कर स्वच्छता अभियान में भाग लेते हैं तो समाज में जागरूकता और जिम्मेदारी की



भावना मजबूत होती है।

डॉ. दयालु ने लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा कचरे का उचित निस्तारण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों और कार्यालयों को स्वच्छ रखना केवल सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने बताया कि डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' प्रतिदिन कैंप कार्यालय में जनसुनवाई शुरू होने से पहले परिसर की साफ-सफाई के लिए स्वच्छता अभियान चलाते हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी में स्वच्छता के साथ पौधरोपण और विभिन्न जनसेवा कार्य भी लगातार किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। मंत्री ने कहा कि जनभागीदारी के बिना स्वच्छता अभियान को स्थायी रूप से सफल नहीं बनाया जा सकता। जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से लोगों को प्रेरित कर स्वच्छता को दैनिक जीवन की आदत बनाया जा सकता है।

गौशालाओं का बुरा हाल



बड़ोखर पेट्रोल पंप के सामने सैकड़ों आवारा मवेशी, गौशालाओं में क्षमता से ज्यादा पशु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। कोरांव ब्लॉक क्षेत्र में गौ संरक्षण की हकीकत बदहाल है। बड़ोखर में पेट्रोल पंप के सामने और लेडियारी बाजार के मुख्य मार्ग पर रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े आवारा मवेशी सड़क पर ही बैठे रहते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। ब्लॉक कोरांव क्षेत्र में जो गौशालाएं संचालित हैं, उनमें क्षमता से कई गुना ज्यादा मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे गए हैं। चारा-पानी और देखभाल के अभाव में जानवर बेमौत मर रहे हैं। आरोप है कि कई गौशालाओं में मरने वाले पशुओं को चुपचाप ठिकाने लगा दिया जाता है। इतनी बड़ी समस्या के बावजूद प्रशासन द्वारा न तो कोई नई गौशाला बनाई जा रही है और न ही आवारा मवेशियों के लिए कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। नतीजा यह है कि गौवंश सड़कों पर भटकने और किसानों की फसल बर्बाद करने को मजबूर है। स्थानीय किसानों और राहगीरों ने कहा कि सड़क पर झुंड में बैठे मवेशियों के कारण दिन में जाम और रात में हादसे का डर बना रहता है। बड़ोखर पेट्रोल पंप के सामने तो हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कोरांव ब्लॉक में नई गौशालाओं का निर्माण कराया जाए और जो गौशालाएं चल रही हैं उनमें क्षमता के अनुसार ही पशु रखे जाएं व उनकी नियमित जांच कराई जाए, ताकि बेजुबानों को बेमौत मरने से बचाया जा सके।

सरोजनीनगर हमारा परिवार है, इस परिवार के प्रत्येक सदस्य की समस्या का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है: डॉ. राजेश्वर सिंह

विकास कार्यों और जनसमस्याओं के समाधान पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसंवाद और जनसमस्याओं के समाधान के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए वार्ड संख्या 18, सरोजनीनगर द्वितीय के अलीनगर सुनहरा तथा वार्ड संख्या 56, विद्यावती द्वितीय स्थित एलडीए कॉलोनी रोड पर 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम आयोजित किए गए। अलीनगर सुनहरा में पार्षद राम नरेश रावत तथा एलडीए कॉलोनी रोड पर पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी के आवास पर आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्रवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को सुना गया।

अलीनगर सुनहरा में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया तथा अन्य के समाधान के लिए संबंधित विभागों को प्रकरण भेजे गए। दोनों कार्यक्रमों में विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत



चर्चा हुई। चर्चा के दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, ह्लसरोजनीनगर हमारा परिवार है और इस परिवार के प्रत्येक सदस्य की समस्या का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारा प्रयास है कि हर नागरिक की बात सुनी जाए और उसकी समस्या के समाधान के लिए हरसंभव पहल की जाए। जनसेवा के संकल्प के साथ यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। पिछले लगभग पौने पांच वर्षों में सरोजनीनगर में 19,000 से अधिक पत्राचार के माध्यम से जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया गया है। इनमें लगभग 3,900 मांगें सड़क एवं नाली से संबंधित थीं, जबकि 2,200 से अधिक सड़क निर्माण एवं संबंधित कार्य पूरे किए गए हैं। क्षेत्र में ?48,000 करोड़ की लागत के 5,725 विकास कार्यों को पूरा करने, स्वीकृत कराने और आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में विधायक निधि और मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से लगभग ?27 करोड़ की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। करीब 3,500 आवेदकों में से 2,000 से अधिक लोगों को उपचार के लिए सहायता मिली है। वहीं, शिक्षा के क्षेत्र में 70 विद्यालयों एवं कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाओं के विकास तथा 2,000 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल, टैबलेट और लैपटॉप सहित विभिन्न माध्यमों से प्रोत्साहित करने के प्रयास किए गए हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं को अवसर देने के लिए सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग में 10,000 से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया है। महिला सशक्तीकरण के लिए तारा शक्ति केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के साथ तारा शक्ति रसोई के जरिए प्रतिदिन हजारों लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। राम रथ के माध्यम से 8,500 से अधिक लोगों को अयोध्या दर्शन का अवसर भी मिला है। क्षेत्र में एक्सप्रेसवे, फ्लाईओवर, एयरपोर्ट विस्तार, मेट्रो और रिंग रोड जैसी परियोजनाओं के माध्यम से आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा हुई।

परिवर्तन रैली में उठे बाढ़, बेरोजगारी और वोट चोरी के मुद्दे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब 169 विधानसभा क्षेत्र में रविवार को सीतापुर रोड स्थित फौजी लॉन में कांग्रेस की ओर से परिवर्तन रैली आयोजित की गई। इसमें कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ललन कुमार ने महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, स्वास्थ्य व्यवस्था और कथित वोट चोरी के मुद्दे उठाए। रैली में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा भी लगाया गया।

ललन कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने किसानों की कर्जमाफी, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा।वहीं

बीकेटी क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित परिवारों



की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए ललन कुमार ने प्रत्येक प्रभावित परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को बाढ़ की समस्या से स्थायी निजात दिलाने के लिए प्रभावी इंतजाम किए जाने चाहिए। साथ ही बाढ़ प्रभावित परिवारों के बिजली बिल माफ करने और किसानों को तत्काल राहत देने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों की कर्जमाफी और हर घर से एक व्यक्ति को रोजगार से जोड़ने की दिशा में काम किया जाएगा। रैली में महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और मंदिरों में चंदे के कथित दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया गया।

नवरात्रि पर पूजन-हवन, किसानों की समृद्धि की कामना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के प्रधान कार्यालय में विधि-विधान से पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना की सफलता, किसानों की खुशहाली और प्रदेश की समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर एवं बैंक के अध्यक्ष श्री विवेक सिंह तोमर की ओर से योजना की सफलता की कामना की गई। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सहकारिता अजय कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक श्री आर.के. कुलश्रेष्ठ, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर अधिकतम 6 लाख रुपये तक का दीर्घकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। किसान https://mksyldb.in/ पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और कृषि आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है।

मिशन शक्ति 5.0 से नारी सुरक्षा को मिली नई ताकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की योगी-मोदी डबल इंजन सरकार द्वारा चलाए जा रहे ''सशक्त नारी - समृद्ध प्रदेश'' अभियान का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। कोरांव थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मिशन शक्ति के 5वें चरण को जन-जन तक पहुंचाने में बेहतरीन काम किया है, जिसकी क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

मिशन शक्ति प्रभारी शिवानी पटेल, उपनिरीक्षक, महिला कांस्टेबल, डीसीपीसी कार्यकर्ता और जमुनापार भाजपा उपाध्यक्ष संतरा देवी के साथ पुलिस टीम ने रात-दिन बाजारों, गलियों और गांवों में पैदल गश्त कर महिलाओं को जागरूक किया। हाथ में बैनर लेकर ''नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन'' का संदेश दिया। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने स्वयं महिलाओं से



संवाद कर भरोसा दिलाया कि कोरांव पुलिस 24 घंटे उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। पुलिस की इस सक्रियता से महिलाओं में सुरक्षा का भाव बढ़ा है। योगी सरकार द्वारा जारी पोस्टर-पम्पलेट के माध्यम से सरकार की 9 महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाएं - 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112, 108, 102, 101, 181 और 1098 चाइल्ड लाइन का महत्व समझाया जा रहा है। ये नंबर महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रहे हैं। सरकार ने सभी 1,647 थानों में महिला हेल्प डेस्क और 9,172 महिला पुलिस बीट का गठन कर यह साबित कर दिया है कि ''काम दमदार - डबल इंजन सरकार'' सिर्फ नारा नहीं बल्कि जमीनी हकीकत है।

स्थानीय महिलाओं ने कहा'पहले पुलिस से डर लगता था, अब शैलेंद्र सिंह जी की टीम ने भरोसा दिलाया है। योगी जी की पुलिस सच में मिशन शक्ति को सफल बना रही है। निश्चित ही कोरांव पुलिस का यह प्रयास सरकार की मंशा को सफल बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

शोरूम से 500 ग्राम सोने के सिक्के और 7.65 लाख रुपये गबन करने वाले तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- सिगरा पुलिस ने वांछित तीन आरोपियों को पकड़ा, बरामदगी के प्रयास में जुटी पुलिस

वाराणसी। थाना सिगरा पुलिस ने शोरूम से करीब 500 ग्राम गोल्ड क्वाइन और 7.65 लाख रुपये का गबन करने के मामले में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से शोरूम से करीब 82 लाख रुपये कीमत के 500 ग्राम गोल्ड क्वाइन तथा 7.65 लाख रुपये नकद गबन किए जाने का मामला सामने आया था।

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन, अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज और प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिथिलेश चौबे (36) पुत्र विद्यासागर चौबे निवासी सोयेपुर, ट्यूबवेल के पास वैष्णो विहार कॉलोनी, थाना लालपुर पांडेयपुर, वाराणसी; रविशंकर चौबे (31) पुत्र सूर्यबली चौबे निवासी बड़ालालपुर, चांदमारी पुलिस चौकी के पास, थाना शिवपुर, वाराणसी तथा आशुतोष सिंह (36) पुत्र राज बहादुर सिंह निवासी एसए-5/36-जी-1, इंद्रपुरी कॉलोनी, पांडेयपुर रामरेपुर, थाना लालपुर पांडेयपुर, वाराणसी के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी मु0अ0सं0-0383/2026, धारा 316(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), थाना सिगरा, कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित मामले में वांछित थे। आरोप है कि शोरूम से करीब 500 ग्राम गोल्ड क्वाइन, जिसकी कीमत लगभग 82 लाख रुपये बताई गई है, और 7 लाख 65 हजार रुपये नकद का गबन किया गया था।

त्योहारों पर सफाई और बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आगामी दशहरा, दीपावली सहित अन्य त्योहारों के मद्देनजर प्रदेशवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कल देर रात वर्चुअल माध्यम से नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को त्योहारों को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने और व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

नगर विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने नगरीय क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई, गड्ढामुक्ति, जल निकासी, कूड़ा निस्तारण, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दशहरा और दीपावली प्रकाश, उल्लास और उत्सव के पर्व हैं। ऐसे में नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए, ताकि त्योहार के दौरान आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंत्री ने विशेष रूप से मंदिरों, पूजा पंडालों और मूर्ति विसर्जन वाले मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ ही इन मार्गों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगर आयुक्तों से अपने-अपने क्षेत्रों में त्योहारों की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की आवाजाही सुगम एवं सुरक्षित रहनी चाहिए। इसके लिए सड़कों की मरम्मत, कूड़े का नियमित उठान, जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान और पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। प्रमुख धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। लखनऊ के फैजुल्लागंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को जल निकासी के कार्यों को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों से



पानी की निकासी के बाद व्यापक स्तर पर फॉगिंग कराई जाए और एंटी लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए, जिससे मच्छरजनित बीमारियों के प्रसार की आशंका को कम किया जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जल निकासी के कार्यों की नियमित निगरानी करने और आवश्यकता के अनुसार संसाधनों को बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

पंडालों में विद्युत सुरक्षा की जांच ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने आगामी त्योहारों में विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों का निरीक्षण कर वहां विद्युत सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की जाए। बिजली के कनेक्शन, तारों और अन्य विद्युत उपकरणों की स्थिति का परीक्षण किया जाए, ताकि कहीं भी दुर्घटना की आशंका न रहे। संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने जुलूस और शोभायात्राओं के निर्धारित मार्गों का सर्वेक्षण कराने के साथ ही वहां से गुजरने वाले विद्युत तारों की स्थिति की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलूस मार्गों पर बिजली के तार ढीले या नीचे लटके हुए नहीं होने चाहिए। जहां भी ऐसी स्थिति मिले, उसे तत्काल ठीक कराया जाए।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि जुलूस और शोभायात्राओं के मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और विद्युत सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सकें। मंत्री श्री शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान रात्रि में विद्युत आपूर्ति पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान बिजली की मांग बढ़ने की संभावना रहती है, इसलिए आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी कर ली जाएं और किसी भी क्षेत्र में अनावश्यक विद्युत व्यवधान न हो। उन्होंने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को सतर्क रहने और किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुशल संविदा कर्मियों को पुनः सेवा में रखने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए, ताकि विद्युत व्यवस्था के संचालन और रखरखाव में अनुभवी कर्मियों की सेवाएं ली जा सकें। मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान फील्ड में सक्रिय रहने और व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने को कहा।

भव्य कलश यात्रा का शांतिपूर्ण समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज लखनऊ ।थाना क्षेत्र के भूहर चौकी अंतर्गत रविवार, को एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तपस्या आश्रम दुबग्गा से शुरू होकर दुबेश्वर नाथ तक पहुंची यह धार्मिक यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। भूहर चौकी इंचार्ज मुदित राय की देखरेख में सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस बल की मौजूदगी ने यह सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम बिना किसी बाधा के सुचारू रूप से चले। पुलिस प्रशासन द्वारा इस कलश यात्रा के लिए पहले ही अनुमति जारी की गई थी। जिसमें सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए अधिकतम सैकड़ों लोगों के शामिल होने का निर्देश दिया गया था। निर्धारित नियमों का पालन करते हुए



श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था और अनुशासन के साथ यात्रा में हिस्सा लिया।

कलश यात्रा के सकुशल और शांतिपूर्ण समापन पर आयोजकों और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है, जिससे क्षेत्र में आपसी सौहार्द और शांति का संदेश गया है।

छात्र को घेरकर पीटा, मुकदमा दर्ज

चिनहट लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। चिनहट के बीबीडी थाना क्षेत्र में हॉस्टल लौट रहे बीएएलएलबी के एक छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि हॉस्टल के बाहर कुछ युवकों ने छात्र और उसके मित्र के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। घटना में छात्र को चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, छत्तीसगढ़ के चित्रकूट जिले के रायपुर थाना क्षेत्र के सुजानगंज निवासी अमित सिंह (18) तिवारीगंज स्थित सिटी व्याज हॉस्टल में रहकर बीएएलएलबी की पढ़ाई कर रहे हैं। अमित के मुताबिक, 10 अक्टूबर की रात करीब 9:20 से 9:30 बजे के बीच वह अपने मित्र राजवीर सिंह के साथ खाना खाकर हॉस्टल लौट रहे थे। आरोप है कि हॉस्टल के बाहर शिवचरण, सत्यम, अभिनव सिंह और संग्राम सिंह समेत कुछ युवकों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आसपास के लोग भी जुटने लगे। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। मारपीट में अमित को चोटें आईं। पीड़ित ने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

पुलिस अलर्ट, थाना प्रभारी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।शारदीय नवरात्र के मद्देनजर नगराम पुलिस सतर्क है। थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ नगराम कस्बे में विभिन्न नवदुर्गा पूजा पंडालों और प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने पूजा पंडालों के आयोजकों और कमेटी के सदस्यों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने त्योहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक चर्चा की। पुलिस टीम ने पंडालों के आसपास और प्रमुख मार्गों पर निगरानी करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। नवरात्र के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए नगराम पुलिस लगातार सक्रिय है।

शटर तोड़कर लाखों की नकदी व जेवरात चोरी

बंथरा,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके के बंथरा कस्बे के हनुमान मंदिर के पास स्थित ईनोद ज्वेलर्स की दुकान में शनिवार की रात बेखौफ चोरों ने शटर तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि दुकान का सिर्फ ताला ही टूटा है समान कोई नहीं गया। दुकानदार ने जो चीजें गायब होने की बात लिखकर दी है इसकी जांच की जा रही है। जो भी सच्चाई होगी पता चल जाएगी। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।उन्नाव जिले के सोहरामऊ क्षेत्र के बिलौरा-चौपाई निवासी विनोद रावत की बंथरा स्थित हनुमान मंदिर के पास 'विनोद ज्वेलर्स' के नाम से दुकान है। विनोद के मुताबिक, शुक्रवार शाम वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। शनिवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण दुकान बंद थी। रविवार सुबह मकान मालिक शिवम ने फोन कर दुकान का शटर टूटा होने की जानकारी दी। जिसके बाद वह दुकान पहुंचे तो अंदर का सामान अस्त-व्यस्त मिला। वहीं दुकान में रखे करीब एक तोला सोने, आधा किलो चांदी के जेवरात और गल्ले में रखे तीन हजार रुपये गायब थे। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरों का पता लगाया जा रहा है।

सिपाही ने सीपीआर देकर बचाई बुजुर्ग की जान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी के महानगर इलाके में खाकी का मानवीय चेहरा देखने को मिला। पत्नी के साथ सब्जी लेकर घर लौट रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग अनिल अचानक सीने में तेज दर्द होने के बाद सड़क पर गिर पड़े। उनकी हालत बिगड़ती देख पत्नी घबरा गईं। इसी दौरान रहीमनगर पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही संदीप यादव ने तत्परता दिखाते हुए बुजुर्ग को तत्काल सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। सिपाही की इस त्वरित कार्रवाई से बुजुर्ग को संभालने में मदद मिली। जानकारी के मुताबिक, रविवार दोपहर महानगर चौराहे के पास अनिल अपनी पत्नी के साथ सब्जी खरीदकर पैदल घर लौट रहे थे। तभी अचानक उनके सीने में असहनीय दर्द उठा और वह बेसुध होकर सड़क पर गिर पड़े। उनके हाथ से सब्जियों का थैला छूटकर बिखर गया। बुजुर्ग को इस हालत में देखकर उनकी पत्नी परेशान हो गईं। आसपास मौजूद लोग भी मौके पर जुट गए।

आम के बाग में पेड़ से लटका मिला ई-रिक्शा चालक का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- घर से 600 मीटर दूर हुई घटना, घुटनों के बल जमीन पर बैठी अवस्था में मिला शव
- फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, मौत की वजह स्पष्ट नहीं

बख्शी का तालाब,लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र के वीरमपुर मजरा शिवपुरी गांव में रविवार को एक ई-रिक्शा चालक का शव आम के बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। शव मिलने की सूचना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान वीरमपुर निवासी राजन उर्फ रजनू लोध (35) के रूप में हुई है। रविवार को उसका शव घर से करीब 600 मीटर दूर स्थित गांव के आम के बाग में पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे लटका मिला। स्थानीय लोगों के मुताबिक, युवक के घुटने जमीन पर टिके हुए थे और उसकी गर्दन रस्सी से कसी हुई थी। शव की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि, मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों के मुताबिक, राजन ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी और दो नाबालिग बच्चे हैं। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यूपीआई पर एमडीआर लगाने के प्रस्ताव का सीमेंट व्यापारियों ने किया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने हजरतगंज स्थित रॉयल कैफ़े में प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता के नेतृत्व में बैठक कर यूपीआई भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने के प्रस्ताव का विरोध किया। व्यापारियों ने आयकर समाप्त करने और सीमेंट कंपनियों की नीतियों में सुधार की मांग उठाई। साथ ही जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में व्यापारियों को राहत देने के लिए लिए गए निर्णयों का स्वागत किया। बैठक में मनीष मोदी ने कहा कि सरिया और सीमेंट कारोबार में एक प्रतिशत से भी कम मुनाफा होता है। ऐसे में यूपीआई पर अतिरिक्त शुल्क लगने से व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय अवस्थी ने वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था अपनाने की बात कही, जबकि दीपक सिंघल ने आयकर समाप्त करने की मांग उठाई। प्रदेश अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता ने कहा कि यूपीआई पर



एमडीआर के विरोध में प्रधानमंत्री, केंद्रीय वित्त मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्र भेजकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए एमडीआर लगाने का प्रस्ताव वापस लिया जाए। बैठक में सीमेंट कंपनियों की नीतियों पर भी नाराजगी जताई गई। श्याममूर्ति गुप्ता ने कहा कि कम मुनाफ़े और बढ़ती लागत के कारण व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कंपनियों को डीलरों के हितों को ध्यान में रखते हुए व्यापारिक नीतियों में सुधार करना चाहिए। इस दौरान डालमिया सीमेंट के अधिकारी अनुज तिवारी का स्वागत किया गया। बैठक में अनिल जैन, अभिषेक मंसानी, मनीष मोदी, दीपक सिंघल, मनीष यादव, ज्ञानेंद्र अवस्थी, विजय अवस्थी, विजय साहू, महेश गर्ग, कुलदीप गुप्ता और संचित जैन समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

छोहरिया माता मंदिर शक्तिपीठ की पहल

हर वर्ष 11 अक्टूबर को बेटियों के सम्मान में होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट लखनऊ। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को छोहरिया माता मंदिर शक्तिपीठ की ओर से बेटियों के सम्मान में बेटी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ और बाराबंकी की प्रतिभाशाली छात्राओं को साइकिल सहित विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाराबंकी के सफदरगंज स्थित नेता श्यामलाल यादव इंटर कॉलेज की सात छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए साइकिल भेंट की गई। समारोह में छात्राओं को दुर्गासप्तशती, कॉपी, ज्योमेट्री बॉक्स, पानी की बोतल, कंबल, स्वेटर, नमकीन, बिस्किट, टॉफी और चॉकलेट सहित अन्य उपहार दिए गए। आयोजकों ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बेटियों का उत्साह बढ़ाना और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में भी सुविधा मिलेगी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को समाज की प्राथमिकता बनाने पर जोर दिया। समारोह में समाजसेवी अजय त्रिपाठी (मुन्ना भैया), वरिष्ठ पत्रकार सुरेश यादव, संरक्षक शैलेंद्र पांडेय, विवेका श्रीवास्तव, व्यापारी नेता नीरज गुप्ता, प्रदीप सिंह और विनोद सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने बेटियों को समान अवसर उपलब्ध कराने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया। छोहरिया माता मंदिर शक्तिपीठ के महंत लल्ला बाबा ने कहा कि शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन बेटियों के सम्मान में बेटी दिवस की शुरुआत की गई है। अब प्रत्येक वर्ष 11 अक्टूबर को बेटी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा, ताकि उनका मनोबल बढ़े और वे अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित हों। महंत लल्ला बाबा ने कहा कि बेटियां समाज का गौरव हैं। उनके सम्मान, शिक्षा और प्रोत्साहन के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। बेटी दिवस के माध्यम से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को मजबूत करने और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

झटपट पोर्टल पर आवेदन निरस्त होने से उपभोक्ता परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोमती नगर जोन में नए अधिशासी अभियंता के कार्यभार संभालने के बाद 10 से 15 आवेदन निरस्त होने का दावा

लखनऊ। राजधानी में उपभोक्ताओं को ऑनलाइन और समयबद्ध विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए शुरू किए गए 'झटपट पोर्टल' की कार्यप्रणाली को लेकर गोमती नगर जोन में सवाल उठने लगे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि नवनियुक्त अधिशासी अभियंता (कलेक्शन) योगेश यादव के कार्यभार संभालने के बाद पोर्टल पर कई आवेदनों में आपत्तियां लगाकर उन्हें निरस्त किया जा रहा है।

गोमती नगर जोन के उपभोक्ता ध्रुव ने बताया कि उन्होंने झटपट पोर्टल पर विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन संख्या जे8436828101 के तहत आवेदन किया था। विभागीय स्थल निरीक्षण के बाद उनसे मकान मालिक की अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) मांगी गई। उन्होंने अपने पिता से शपथ पत्र तैयार कराकर उसे पोर्टल पर अपलोड कर दिया। इसके बावजूद उनका आवेदन 'दस्तावेज अपर्याप्त' बताते हुए निरस्त कर दिया गया।

उपभोक्ताओं और विभागीय सूत्रों के अनुसार नए अधिकारी के आने के बाद करीब 10 से 15 आवेदन निरस्त किए जाने का दावा किया जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि पहले पोर्टल के माध्यम से कनेक्शन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही थी।

उपभोक्ताओं ने पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने की तैयारी की है। उनका कहना है कि आवेदन निरस्त करने के स्पष्ट कारण बताए जाएं और पात्र उपभोक्ताओं को नियमानुसार कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए।

दुसाध पासवान समाज की बैठक में बड़े कार्यक्रम के आयोजन पर सहमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। दुसाध (पासवान) समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मंत्री ओम प्रकाश राजभर के आवास, 20 गौतम पल्ली, लखनऊ में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री दिनेश पासवान ने की। इसमें समाज के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे और समाज के हित में आवश्यक कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। इस दौरान समाज को संगठित करने, शिक्षा एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने तथा सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अति शीघ्र लखनऊ में दुसाध (पासवान) समाज का एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों को एक मंच पर लाने और समाज के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

बैठक में श्री शिव बच्चन प्रसाद, रवि पासवान, अमरनाथ पासवान, चौथी राम, अखिलेश कुमार, सुभाष चंद्र राम, ओम प्रकाश आर्या, सुरेश प्रसाद, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राजीव रंजन, दिलीप पासवान सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

नवरात्र की धूम, कुलपति का जगह-जगह स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन नगराम कस्बे में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह मां दुर्गा के पंडाल सजाए गए और प्रतिमा स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा व पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान) के कुलपति अमेरिका सिंह का कनकहा, रामपुर और इस्माइल नगर समेत विभिन्न स्थानों पर स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला, अल्का पांडेय, मनोज श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, दीपक, दिग्विजय, विक्रम प्रताप सिंह, गौरव यादव, अनूप अग्रवाल, धीरेंद्र सिंह, करण शुक्ला, अमित यादव, संचित अग्रवाल, विजय अवस्थी और एससी मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे। नगराम में आदिशक्ति नवदुर्गा पूजा समिति की ओर से मुख्य आयोजक विक्रम वर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति अमेरिका सिंह समेत



मुख्य अतिथियों को समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम में कुलपति अमेरिका सिंह ने बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र के लोग कॉलेज निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराएं तो लड़कियों के लिए कॉलेज स्थापित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा को समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया। वहीं, समाजसेवी संदीप शुक्ला ने भी क्षेत्र की बालिकाओं के लिए कॉलेज खोलने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि कॉलेज बनने से क्षेत्र की लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें बेहतर शैक्षिक अवसर मिल सकेंगे। इस अवसर पर कुलपति अमेरिका सिंह ने पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें मेहनत व लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नगराम कस्बे के दक्षिण टोला में भी मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा और पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। यहां समाजसेवी संदीप शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में समिति के अमर सिंह, दिलीप कुमार, सुशील कुमार, अभिषेक गुप्ता, अमलेश कुमार, मनोज वर्मा समेत कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

माँ गौरी देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर निकली भव्य कलश यात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

कलश यात्रा में अभिषेक गुप्ता सपरिवार हुए शामिल

मंदिर कमेटी के सदस्य कलश यात्रा में भक्तों की व्यवस्था का रखते है ध्यान

थाना प्रभारी अनिल सिंह यात्रा के दौरान दल बल के साथ रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद (सीतापुर)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर खैराबाद के मोहल्ला भूलनपुर स्थित माँ गौरी देवी मंदिर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी अभिषेक गुप्ता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने सपरिवार मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से माता रानी का पूजन-अर्चन किया तथा भव्य कलश यात्रा में सहभागिता कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कलश यात्रा माँ गौरी देवी मंदिर से प्रारंभ होकर खैराबाद नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुरुदयालु आश्रम पहुंची और वहां से पुनः माँ गौरी देवी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर परिसर में पहुंचने पर अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप फल वितरित किए। इस दौरान उपस्थित भक्तों ने 'जय माता दी' के जयघोष के साथ माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति प्रकट की। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

सड़क चौड़ी पुल पतला ,दुर्घटनाओं का रहता डर, चोटिल होते राहगीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर-बिसवाँ मार्ग पर मानपुर थाने के निकट निकली खीरी शाखा नहर पुल अंग्रेजी शासन में बना था चौड़ीकरण न होना राहगीरों की बनी समस्या

मानपुर (सीतापुर) सीतापुर-बिसवाँ मार्ग पर मानपुर थाने के निकट से निकली खीरी शाखा नहर पर बना पुल हादसों का स्पाट साबित हो रहा है। आए दिन वाहनों की टक्कर से पुल की रेलिंग टूटती है और लोग दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। इसकी वजह सीतापुर-बहराइच मार्ग के चौड़ीकरण के बाद भी पुल का पतला होना है। पुल इतना पतला है कि इस पर दो ट्रक या अन्य भारी वाहन एक साथ निकल नहीं पाते हैं। ट्रक व भारी वाहनों की टक्कर से रेलिंग का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। मरम्मत के बाद भी पतले पुल की रेलिंग कमजोर है। इससे सीतापुर से बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर गोंडा के लिए वाहन इसी मार्ग से आते जाते हैं। इसके अलावा बिसवां, महमूदाबाद, फतेहपुर होते हुए बाराबंकी के लिए वाहन भी इसी मार्ग से आते-जाते हैं। पुल एक तो सिंगल रोड के हिसाब से बहुत पतला है। ऊपर से मार्ग पर यातायात अत्यधिक है। ऐसे में रात के समय वाहन अक्सर दुर्घटना का शिकार होते जाते हैं। दर्जनों बाइक सवार नहर में गिरकर जख्मी हो चुके हैं। मार्ग पर लगभग पैंतीस सौ से अधिक वाहन रोज निकलते । पुल बहुत पुराना भी हो चुका है। इस मार्ग पर नए पुल की जरूरत है। पुल अंग्रेजी शासनकाल में सन 1935 यह बना था। सड़क चौड़ीकरण के बाद नया पुल बनाया जाना चाहिए था। लोगों ने यह मुद्दा उठाया था,

विनय शुक्ला''मोनी', इटदहा निवासी सड़क का काफी पहले चौड़ीकरण हो गया, लेकिन नया पुल नहीं बनाया गया। इससे मार्ग पर यातायात प्रभावित होता है। अक्सर हादसे होते रहते हैं।स्थानीय निवासी खीरी शाखा नहर पर नया पुल बनना चाहिए। सड़क बन चुकी है और पुराने पुल से आवागमन हो रहा है।

राजेश शुक्ला मानपुर निवासी खीरी शाखा नहर पर नया पुल बनना चाहिए। सड़क बन चुकी है और पुराने पुल से आवागमन हो रहा है।

छह दिन से लापता सहीम का हरदुआ नाले में मिला शव, पत्नी ने जताई हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा, संवाददाता। धौरहरा नगर पंचायत के आचार्य टोला मोहल्ले से छह दिन पहले लापता हुए 48 वर्षीय सहीम का शव रविवार सुबह हरदुआ नाले में उतराता मिला। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं, मृतक की पत्नी ने पैसों के लेनदेन को लेकर दो लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत धौरहरा के आचार्य टोला निवासी सहीम पुत्र सगीर भुर्जी बीती छह अक्टूबर की सुबह घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। काफी तलाश करने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उनकी पत्नी बेबी ने सात अक्टूबर को कोतवाली धौरहरा पहुंचकर पति के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

शनिवार 10 अक्टूबर को दोपहर बाद हरदुआ नाले के पास सहीम का गमछा मिलने की आशंका के बाद नाले में तलाश अभियान चलाया गया। अंधेरा होने के कारण अभियान रोकना पड़ा। इसके बाद रविवार सुबह दोबारा तलाश शुरू की गई। सुबह करीब 10 बजे नाले में सहीम का शव बरामद हुआ। शव मिलने की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

पत्नी ने दो लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

मृतक की पत्नी बेबी ने आरोप लगाया कि पैसों के लेनदेन को लेकर धौरहरा निवासी शकील और सब्बू ने उनके पति की हत्या कर दी। हालांकि, यह आरोप अभी जांच का विषय है। परिजनों ने मामले में पुलिस को दूसरी तहरीर देने की बात कही है। पुलिस की ओर से आरोपों की पुष्टि नहीं की गई है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि सहीम मंगलवार से लापता थे और पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। रविवार सुबह करीब 10 बजे हरदुआ नाले में उनका शव उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

बताया गया कि मृतक के परिवार में चार बच्चे हैं, जिनकी उम्र करीब दो से दस वर्ष के बीच है। पिता की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अब परिजनों को मामले की निष्पक्ष जांच और मौत की असली वजह सामने आने का इंतजार है।

स्वस्थ मिट्टी से समृद्ध फसल समृद्ध फसल से पौष्टिक आहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौष्टिक आहार से स्वस्थ परिवार एवं खुशहाल गांव का निर्माण संभव

सीतापुर। किसानों और ग्रामीण महिलाओं ने खेतों व आंगनों में वैज्ञानिक तकनीक अपनाने का लिया संकल्प कृषि में बढ़ती लागत को कम करने, मिट्टी की सेहत सुधारने और ग्रामीण परिवारों को पोषण सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड कसमंडा के ग्राम कमोलिया में एक दिवसीय 'विथिन डिस्ट्रिक्ट' कृषि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आत्मा योजना के तहत उप कृषि निदेशक कार्यालय, सीतापुर के प्रायोजन तथा कृषि विज्ञान केंद्र-2, कटिया, सीतापुर के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें गांव के 66 प्रगतिशील किसानों और ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रभारी एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने मृदा परीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग और जैविक कार्बन संरक्षण के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि फसल चक्र में ढैंचा, सनई और लोबिया जैसी हरी खाद वाली फसलों को शामिल करने से मिट्टी की उर्वरता स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। इसके अलावा, उन्होंने जीवामृत और घनजीवामृत के वैज्ञानिक प्रयोग से खेती की लागत कम करने के व्यावहारिक उपाय साझा किए। गृह वैज्ञानिक डॉ. रीमा ने ग्रामीण परिवारों की सेहत और पोषण सुरक्षा पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बाजरा, रागी, ज्वार एवं कोदो जैसे 'श्रीअन्न' (मोटे अनाज) के औषधीय व पोषण मूल्यों की जानकारी दी। महिलाओं को घर के पास पोषण वाटिका लगाकर ताजा मौसमी व हरी सब्जियां उगाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, श्रीअन्न से मूल्यवर्धित खाद्य उत्पाद बनाकर स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और अतिरिक्त आय कमाने के अवसरों से भी अवगत कराया।

केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ. शुभम सिंह राठौर ने किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ-साथ फल एवं सब्जी उत्पादन अपनाने की सलाह दी। उन्होंने उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी और अनुदान योजनाओं की जानकारी दी, जिससे किसान अपनी खेती को अधिक सरल और व्यावसायिक रूप से लाभप्रद बना सकें।

कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक श्री धर्मपाल यादव ने प्राकृतिक खेती के अपने सफल अनुभवों को किसानों के साथ साझा किया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागी किसानों ने श्री धर्मपाल यादव के खेत पर जाकर प्राकृतिक खेती के मॉडलों का प्रत्यक्ष भ्रमण भी किया।

प्रशिक्षण के समापन पर उपस्थित किसानों एवं महिलाओं ने अपने खेतों, घरों और आंगनों में वैज्ञानिक व प्राकृतिक तरीकों को अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

नवरात्र में एसपी ने दो मंदिरों में दर्शन पूजन कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने प्राचीनतम मां कालिकन धाम मन्दिर व मां देवी पाटन मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दर्शन पूजन किया।शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने थाना क्षेत्र संग्रामपुर अन्तर्गत मां कालिकन धाम मंदिर व थाना क्षेत्र अमेठी अन्तर्गत मां देवी पाटन मंदिर में पूजा अर्चना कर पूरे समाज में सुख, शांति, सौहार्द व समृद्धि की मंगलकामना की। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने मंदिर परिसर व मेला प्रांगण का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रद्धालुओं,दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये ड्यूटी में लगे अधिकारियों कर्मचारियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये तथा मेला प्रबंध समिति के पदाधिकारी पुजारियों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा संबन्धी सुझावों पर वार्ता की गयी एवं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि जनपद में एक हजार चार सौ अस्सी स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई है जिनकी निगरानी के लिये कैमरा लगवाये गये है और सुरक्षा व्यवस्था को देखते ही अग्निशमन यंत्र भी लगाये गये हैं। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये स्थानीय पुलिस के साथ ही साथ सादी वर्दी में भी पुलिस टीम भ्रमणशील है।इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को लेकर डीएम ने जायस नगर क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उददेश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने नगर पालिका परिषद जायस के विभिन्न क्षेत्रों का पैदल भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूर्ति विसर्जन मार्ग सहित पूजा पंडालों एवं मूर्ति स्थापना के लिए निर्धारित स्थलों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सड़क मरम्मत, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से मूर्ति विसर्जन मार्ग की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मार्ग पर पर्याप्त साफ सफाई सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जायस को दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। इसके लिये संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुये आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी करें। जिलाधिकारी ने जायस नगर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कराई जाय ताकि त्योहारों के दौरान लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में लापरवाही नही होनी चाहिये तथा आवश्यक मरम्मत कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराये जाये। जिलाधिकारी ने कस्बा जायस में स्थापित होने वाले पूजा पंडालों एवं मूर्ति स्थापना स्थलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित स्थल साफ सुथरे हों तथा वहां सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखी जाएं जिससे धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकें।उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को कस्बे में खुली नालियों की समुचित साफ सफाई कराने तथा आवश्यकतानुसार उन्हें ढकने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। इसके साथ ही सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर किये गये अतिक्रमण को हटवाने पर जोर देते हुये कहा कि नगर क्षेत्र में आवागमन सुचारु बना रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय नगरवासियों से संवाद स्थापित किया और आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, सदभाव एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारी सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतीक हैं। सभी नागरिक प्रशासन का

खीरी में 254 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

गोला में 171 और फूलबेहड़ में 83 जोड़ों का विवाह, जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद

पगड़ी पहनकर पहुंचे अतिथि, उपहारों से सजी गृहस्थी; विदाई के समय छलकीं परिजनों की आंखें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । नवरात्र के प्रथम दिन जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 254 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। गोला के स्व. राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में 171 और फूलबेहड़ के आसिता मैरिज लॉन में 83 जोड़ों ने नई जिंदगी की शुरुआत की। कहीं मंत्रोच्चार के बीच सात फ़ेरे लिए गए तो कहीं निकाह की रस्में अदा हुईं। दोनों आयोजन स्थलों पर शहनाई की गूंज, सजे मंडप और अपनों की मौजूदगी ने माहौल को खुशियों से भर दिया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीएसडब्लूओ वंदना सिंह ने किया। गोला में विधायक अमन गिरि, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ योगानंद पाण्डेय, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू और विकासखंड प्रशासक ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। फूलबेहड़ में विधायक मंजू त्यागी, सीडीओ योगानंद पाण्डेय और ब्लॉक प्रमुख/प्रशासक प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। पगड़ी पहनकर पहुंचे अधिकारी, नवदंपतियों पर बरसाए फूल*

समारोह में पारंपरिक पगड़ी पहनकर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। उन्होंने नवदंपतियों को उपहार भेंट किए और सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों की टीम के साथ उपहार सामग्री का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता भी परखी। प्रशासन की ओर से वर-वधू पक्ष को बैने के रूप में ड्राई फ्रूट और लड्डू से सजी डलियां भेंट की गईं।

गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान है योजना : डीएम

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत दांपत्य जीवन की शुरुआत के लिए 64 हजार रुपये की राशि सीधे कन्या के बैंक खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देने के साथ नवदंपतियों को सम्मानपूर्वक नई जिंदगी शुरू करने का अवसर देता है। सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए सम्मान और संबल : विधायक

विधायक अमन गिरि ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए सम्मान और संबल का माध्यम है। यह योजना बेटियों के विवाह की चिंता दूर करने के साथ दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करती है। सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता, भाईचारे, समानता का संदेश देता है। उन्होंने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखमय, समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की। माताओं की चिंता हुई दूर : विधायक

फूलबेहड़ में विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने उन माताओं की चिंता दूर की है, जो आर्थिक संकट के कारण बेटियों के विवाह को लेकर परेशान रहती थीं। सरकार की यह पहल गरीब परिवारों को सहारा देने के साथ बेटियों के सम्मान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सीडीओ योगानंद पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के सपनों को नई उड़ान देने और बेटियों के जीवन में खुशियों के रंग भरने की पहल है। उन्होंने नवदंपतियों को शुभाशीष देते हुए विश्वास, प्रेम और आपसी सम्मान के साथ जीवन की नई पारी शुरू करने का संदेश दिया।

जयमाल स्टेज और आर्केस्ट्रा बना आकर्षण

दोनों समारोहों में आकर्षक जयमाल स्टेज और सेल्फी प्वाइंट लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। आर्केस्ट्रा की धुनों ने आयोजन में उत्सवी रंग भरे। बारातियों के लिए भोजन और नवरात्र का व्रत रखने वालों के लिए विशेष फलाहार की व्यवस्था की गई।

उपहारों से सजेगी नवदंपतियों की गृहस्थी

नवदंपतियों को 05 साड़ी, चुनरी, चूड़ियां, सिंदूर, वर के वस्त्र, कुकर, पंखा, आयरन प्रेस, डिनर सेट, गद्दा, तकिया, चादर, कंबल, ट्रॉली बैग और वैनिटी किट सहित घरेलू उपयोग की सामग्री दी गई। अतिरिक्त उपहार के रूप में फोल्डिंग बेड, मिक्सर ग्राइंडर, स्टील बॉक्स और कैसरोल भी प्रदान किए गए।

विदाई की बेला में छलकीं आंखें

विवाह की रस्में पूरी होने के बाद विदाई का समय आया तो माहौल भावुक हो गया। माता-पिता ने बेटियों को गले लगाकर नई जिंदगी के लिए आशीर्वाद दिया। खुशियों के बीच नम आंखों से हुई विदाई ने समारोह को यादगार बना दिया।

दो दिवसीय तेरहवीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता लखनऊ जोन का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में लखनऊ जोन के दो दिवसीय तेरहवीं अन्तर्जनपदीय मलखम्भ प्रतियोगिता का समापन किया गया।समापन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शशांक चौधरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभाग कर रही जोन की टीमों के प्रबंधक एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता का द्वितीय (समापन) दिवस बेहद ही उत्साहपूर्ण एवं रोमांचक रहा।प्रतियोगिता में आज लखनऊ जोन की कुल छह जनपदों की टीमों (अम्बेडकर नगर, सुलतानपुर, बाराबंकी, उन्नाव, खीरी व अमेठी) द्वारा प्रतिभाग कर एक-दूसरे के लिये कड़ी प्रतिद्वन्दता प्रस्तुत कर अपने अपने प्रदर्शन से दर्शक दीर्घा में उपस्थित व्यक्तियों एवं निर्णायक मण्डल को आश्चर्यचकित कर दिया गया।प्रतियोगी टीमों द्वारा शारीरिक मानसिक संतुलन बनाते हुये विभिन्न प्रकार की कलाकृतियों का कलात्मक प्रदर्शन किया गया।जिलाधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा लखनऊ जोन की मलखम्भ की विजेता टीम व खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।समापन दिवस पर निर्णायक मण्डल के निष्पक्ष निर्णय के उपरान्त टीम प्रतिस्पर्धा में साढे अड़तीस अंकों के साथ जनपद अमेठी की टीम प्रथम स्थान पर, बाइस अंकों के साथ जनपद अम्बेडकरनगर की टीम द्वितीय व छह अंकों के साथ जनपद बाराबंकी की टीम तृतीय स्थान पर रही वहीं एकल प्रतिस्पर्धा में जनपद अमेठी के आरक्षी कुमार गौरव नौ अंकों के साथ प्रथम, आरक्षी प्रमोद कुमार आठ अंकों के द्वितीय एवं आरक्षी शिवम तिवारी तीन अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।जिलाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन श्वेताभ भास्कर, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक राजेन्द्र कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

सपा कार्यालय में महापुरुषों को दी गई श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौरीगंज/अमेठी। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय गौरीगंज में रविवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण और महाराजा अग्रसेन की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रामउदित यादव ने की। इस दौरान दोनों महापुरुषों के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने लोकतंत्र की रक्षा, सामाजिक परिवर्तन और जनहित के लिए अपना जीवन समर्पित किया, जबकि महाराजा अग्रसेन ने समाज को समानता, सहयोग, भाईचारे और जनकल्याण का संदेश दिया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता, न्याय और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं।



शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी डॉ. संजय त्रिपाठी को जिताने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. संजय त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्हें जनपद अमेठी से अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता एडवोकेट राजेश मिश्र, डॉ. रमेश शुक्ल, मनीराम वर्मा, चंद्रशेखर यादव, सोनू अंसारी, राम प्रसाद, दीपू तिवारी, डॉ. आशीष चंद्र सरोज, अशोक यादव, मनुपाल, अनिल यादव, देवा सरोज, अर्जुन कुमार, दिलीप कुमार, बृजमोहन, रजलू गुर्जर, दिलीप वर्मा, सूरज शुक्ला, रिजवान, मनीष, ओम प्रकाश, राम अचल और विमलेश कुमार सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

नवरात्र के पहले दिन कालिकन धाम में उमड़ी भीड़, एसपी ने परखी सुरक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर/अमेठी। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को संग्रामपुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कालिका धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह चार बजे से ही दर्शन-पूजन के लिए भक्तों का तांता लग गया। मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

नवरात्र के अवसर पर मंदिर को फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया। कई स्थानों पर कन्या पूजन हुआ, जबकि महिलाओं को चूड़ी, बिंदी, मेहंदी और सिंदूर सहित श्रृंगार सामग्री वितरित की गई। पूरे परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। नवरात्र के पहले दिन पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने मां कालिका धाम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पीठाधीश्वर श्री महाराज ने उन्हें विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया। इसके बाद एसपी ने मंदिर परिसर और



आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्क रहने और भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। दर्शन-पूजन के दौरान सुचारु व्यवस्था बनाए रखने और कानून-व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष संजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

नवरात्र पर स्मृति ईरानी ने 40 देवी मंदिरों को भेजी पूजन सामग्री

विभिन्न वर्गों के लोगों तक पहुंचाया जा रहा वैष्णो माता का प्रसाद और शुभकामना संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। शारदीय नवरात्र के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद स्मृति ईरानी की ओर से जिले के 40 देवी मंदिरों में नारियल, चुनरी सहित अन्य पूजन सामग्री भेजी गई है। इसके साथ ही विभिन्न वर्गों के लोगों तक मां वैष्णो देवी का पंचमेवा प्रसाद और नवरात्र की शुभकामनाएं पहुंचाई जा रही हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अगुवाई में दुर्गन भवानी, मां कालिकन धाम, समशेरियन माता मंदिर और मेढुरीन धाम सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में पूजन सामग्री वितरित की गई। इसी क्रम में अधिवक्ताओं, चिकित्साकर्मियों, पत्रकारों, होमगार्ड, पीआरडी जवानों, आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ताओं तक भी प्रसाद व शुभकामना संदेश पहुंचाया जा रहा है। स्मृति ईरानी ने अपने संदेश में अमेठी के लोगों के सुख, शांति और



समृद्धि की कामना की। उन्होंने मां दुर्गा से सभी परिवारों के कल्याण और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की। मां कालिकन धाम में प्रसाद वितरण के दौरान एसडीएम पंकज कुमार मिश्र, थानाध्यक्ष संजय सिंह और संग्रामपुर मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वित्तविहीन विद्यालयों की समस्याओं को लेकर सात सूत्री ज्ञापन देगा संगठन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहगढ़/अमेठी। उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन की ब्लॉक स्तरीय बैठक शनिवार को शाहगढ़ के बगिया कैलाश स्थित राम प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक रतिपाल कश्यप के यहां हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने की। इसमें संगठन को ब्लॉक स्तर तक मजबूत बनाने और विद्यालय प्रबंधकों की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार को सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें यू-डायस पोर्टल पर कक्षा दो से 12 तक के विद्यार्थियों का विवरण दर्ज करने में आ रही समस्याओं, विद्यार्थियों के नाम व पते में संशोधन और विद्यालयों की मान्यता प्रक्रिया सरल करने सहित अन्य मांगें शामिल होंगी।

बैठक में शाहगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राहुल मिश्रा, गौरीगंज ब्लॉक अध्यक्ष आकाशदीप मिश्रा, भादर ब्लॉक अध्यक्ष जेएस यादव, जिला महासचिव विजय यादव, दिनेश चौहान, नीरज कश्यप, राजीव कुमार तिवारी, अंजनी कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, श्याम नारायण यादव और उमेश चंद्र यादव सहित कई विद्यालय प्रबंधक उपस्थित रहे।

निलंबित सिपाही की गिरफ्तारी न होने पर एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन, सुरक्षा कर्मियों ने बंद किए गेट

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली कोतवाली क्षेत्र में शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से मना करने के बाद युवती के मौत के मामले में भागे चल रहे हरदोई में तैनात निलंबित सिपाही जीशान की गिरफ्तारी नहीं हुई है। शनिवार को युवती के परिजन एसएसपी कार्यालय पहुंचे तो सुरक्षा कर्मियों ने कार्यालय के दोनों गेट बंद कर दिए। इस पर बजरंग दल के पदाधिकारियों के साथ परिजनों ने गेट पर धरना दिया। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात कर दिया। कुछ देर बाद परिजन अंदर गए। एसपी ग्रामीण से मिलकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। परिजन ने कहा कि घटना के 15 दिन बाद भी आरोपी गिरफ्तारी नहीं हुई है। युवती के परिजनों के साथ शनिवार को एसएसपी कार्यालय बजरंग दल के पदाधिकारी भी पहुंचे। नारेबाजी करने पर वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने एसएसपी कार्यालय के दोनों गेटों को बंद कर दिया। इसके बाद परिवार और संगठन के पदाधिकारी कार्यालय के गेट के सामने ही जमीन पर धरने पर बैठ गए। सुरक्षा के लिहाज वहां पुलिस बल तैनात कर दिया। इसके बाद परिजनों ने एसपी ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया को ज्ञापन देकर आरोपी सिपाही जीशान की गिरफ्तारी की मांग की। एसपी ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही है। सिपाही जीशान के खिलाफ एनबीडब्ल्यू की भी कार्रवाई की गई। टीमें जल्द उसकी गिरफ्तारी करेगी।

देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़, भक्तों ने की मां शैलपुत्री की आराधना

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही नगला, बिरुआबाड़ी और हरप्रसाद मंदिरों में कतारें लग गईं। मंदिर परिसर आकर्षक ढंग से सजाए गए थे, जिससे भक्तिमय माहौल रहा। शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल नजर आया। सुबह होते ही मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही। शहर के प्राचीन सिद्धपीठ नगला मंदिर में कपाट खुलने के साथ ही भक्तों की कतारें लग गई। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय नजर आया। शहर के बिरुआबाड़ी और हरप्रसाद मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर माता रानी को चुनरी, फूल और प्रसाद अर्पित किया। मंदिरों में मां के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। भीड़ को देखते हुए प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। नवरात्र के पहले दिन दोपहर 12 बजे के बाद तक श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते रहे। मंदिरों में महिलाओं की संख्या अधिक रही, वहीं युवा और बच्चे भी बड़ी संख्या में माता के दर्शन करने पहुंचे। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। देवी मंदिरों के बाहर पूजन सामग्री की दुकानें भी सजी रहीं। दुकानों पर चुनरी, फूल, नारियल और प्रसाद खरीदने के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। नवरात्र को लेकर दुकानदारों में भी उत्साह दिखाई दिया। मंदिरों के आसपास दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। नवरात्र के नौ दिनों तक मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी।

आज पहुंचेंगे सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामजी लाल सुमन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन आगामी 15 नवंबर 2026 को आगरा में होने वाले विशाल दलित सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में कल, 12 अक्टूबर को बदायूं पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वह दोपहर एक बजे समाजवादी पार्टी कार्यालय, गांधी नगर, बदायूं में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इसके पश्चात, दोपहर 2 बजे सपा नेता फखरे अहमद शोबी के आवास, मोहल्ला सोथा पर एक प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य दलित सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देना है।

भारतीय पटेल महासभा की बैठक सम्पन्न,पटेल जयंती कार्यक्रम और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापना को लेकर हुई चर्चा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुनीता लान में भारतीय पटेल महासभा, इकाई बदायूँ की एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री कुलदीप सिंह पटेल (प्रदेश महासचिव) एवं संचालन जिलाध्यक्ष श्री रवीश कुमार पटेल द्वारा किया गया। ?बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती को जनपद स्तर पर ऐतिहासिक, गरिमामयी और धूमधाम से मनाने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया। इस अवसर पर सर्व समाज के बीच और कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। जयंती की अंतिम तैयारियों की समीक्षा हेतु अगली बैठक को नियत की गई है।पश्चात बदायूँ शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज जी की प्रतिमा स्थापित करने पर विचार विमर्श किया गया।और सर्वसम्मति से जल्द ही शिवाजी महराज जी की प्रतिमा स्थापना के लिए स्थान निश्चित करने की सहमति बनी। ?बैठक में आशीष कुमार,यशपाल सिंह,जोगेंद्र सिंह पटेल,रवि पटेल,सुजान सिंह ,महेश राठौर ,रूपेंद्र सिंह ,सत्येन्द्र सिंह,डी. एस. राठौर एडवोकेट ?,शिवेंद्र पटेल एडवोकेट, जयनेन्द्र पटेल,कालीचरण सिंह,सर्वेश सिंह,सतीश सिंह,सुदीप सिंह पटेल एडवोकेट आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गेहूं व बाजारा के समर्थन मूल्य पर केंद्र सरकार पर प्रहार

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने उझानी मंडी पर धान की किसानों की दुर्दशा पर जाम में फंसे होने पर कड़ा ऐतराज जाहिर करते हुए कहा किसने की दुर्दशा का मय ब्याज के जवाब दिया जाएगा, गेहूं व बाजारा के समर्थन मूल्य पर केंद्र सरकार पर भी प्रहार करते हुए कहा मोदी योगी सरकार घोरकिसान विरोधी मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा है उझानी मंडी कई ब्लॉकों का किसान यहां आकर बल्कि दूसरे जनपदों से भी कासगंज और फर्रुखाबाद शाहजहांपुर जिलों के किसान धान की मंडी उझानी में करते हैं प्रशासन ने जाम लगाने का खुद जिम्मेदार आखिर इतनी बड़ी मंडी में पुलिस प्रशासन की व्यवस्था क्यों नहीं करती है सरकार व प्रशासन यातायात में भी तमाम लोग फंसे रहते हैं जो लोग मथुरा एटा आगरा अलीगढ़ का सफर कर रहे हैं उनको कई कई घंटे तक जाम में फंसा रहना पड़ता है इसका जिम्मेदार बदायूं का पुलिस प्रशासन है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा गेहूं व बाजारा के समर्थन मूल्य पर केंद्र सरकार को आने हाथों देते हुए कहा मोदी जी यही है किसानों का सम्मान चवन्नी बढ़कर किसानों को क्या दिया महंगाई के दौर में आपका डीजल किराया रासायनिक खाद विद्युत दरें किसानों का लागत मूल्य में दोगुना लागत आ रही है और आप चवन्नी दिखाकर किसानों का मजाक उड़ा रहे हैं। सबसे बड़ा धोखा किसानों के समर्थन मूल्य पर किया गया है इसका जवाब उत्तर प्रदेश के चुनाव में ब्याज सहित दिया जाएगा मंडल प्रवक्ता के साथ पूर्व फौजी रमेश चंद्र सिंह ज्ञान शंकर यजुर्वेदी चंद्र मोहन वर्मा पूरनलाल पाली शिवदयाल सागर चंद्रकेश यादव समेत कई दर्जन लोग मौजूद रहे।

फोर्स की कमी का हवाला देकर जांच पूरी होने से पहले ही बहाल किए पांच पुलिसकर्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जरीफनगर थाना क्षेत्र की बिस्तोई सीकरी चौकी पर तैनात निलंबित चौकी प्रभारी दरोगा मनीष भारद्वाज समेत पांच पुलिसकर्मियों को विभागीय जांच पूरी होने से पहले ही बहाल कर दिया गया है। बहाली के पीछे फोर्स की कमी का हवाला दिया गया है, जबकि अभी एसपी सिटी की जांच चल रही है।थाना क्षेत्र के गांव दियोहरा शेखपुर में एक परिवार के घर में रात में दबिश देने, डोडा बरामदगी के केस में फंसाने की धमकी देकर पिता-पुत्रों को थाने लाकर पीटने के आरोप पुलिस पर लगे थे। मामले में एसएसपी अंकिता शर्मा ने चौकी प्रभारी मनीष भारद्वाज के अलावा सिपाही हरीश, सुरजीत, लोकेश और संदीप भाटी को निलंबित किया था। निलंबन के बाद जांच एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह को सौंपी गई थी। जांच में पांचों निलंबित पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज हो चुके हैं और थाना प्रभारी बाबूराम गौतम का पक्ष भी लिया गया है, लेकिन अंतिम रिपोर्ट आना बाकी है। जांच में थाना प्रभारी समेत अन्य की भूमिका भी सामने आ सकती है। इससे पहले ही पांचों को बहाल कर दिया गया, जिससे विभागीय कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। निलंबित पुलिसकर्मियों को बहाल किया गया है। एसपी सिटी की जांच अभी मिली नहीं है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अंकिता शर्मा, एसएसपी

अमेठी में मां चंडिका माता का भव्य आगमन, जयकारों से गूंजा नगर

ढोल-नगाड़ों और भांगड़ा की धुन पर झूमे श्रद्धालु, महेश सोनी व लक्ष्मी सोनी रहीं मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शनिवार देर शाम मुंशीगंज रोड स्थित मां चंडिका माता दुर्गा पूजा समिति में माता रानी का भव्य आगमन हुआ। ढोल-नगाड़ों, डीजे और भांगड़ा की धुन पर निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जय माता दी के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु नाचते-गाते हुए माता रानी को नगर भ्रमण कराकर पूजा पंडाल तक लेकर पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग पर माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में उद्योग



व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा नेता महेश सोनी तथा नगर पंचायत अमेठी के अध्यक्ष पद की पूर्व प्रत्याशी लक्ष्मी सोनी शामिल हुईं। दोनों ने मां चंडिका माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति अध्यक्ष हिमांशु कसौधन के साथ सुरेश मौर्या, प्रधान दुर्गेश सोनी, दीपक अगहरी, अभिषेक मोदनवाल, विवेक मोदनवाल, हर्षित बरनवाल, संदीप अग्रहरी, कमल अग्रहरी, पवन वैश्य, राज वैश्य, प्रिंस सोनी, अनिल सोनी सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य और नगरवासी मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने मां से सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

किसानों को तत्काल राहत प्रदान करने के संबंध में मुख्यमंत्री जी द्वारा जारी किये गये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में माह सितंबर एवं अक्टूबर 2026 के दौरान चक्रवाती तूफान, तेज आंधी तथा अत्यधिक वर्षा (अतिवृष्टि) के कारण किसानों के खेतों व भूमि पर भारी संख्या में वृक्षों के उखड़ने व गिरने की घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से संज्ञान में लिया है। डीएम श्री पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी जिलाधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी तथा उत्तर प्रदेश वन निगम को निर्देशित किया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी का सामना न करना पड़े और गिरे हुए पेड़ों का नियमानुसार तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मा. मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि प्रदेश सरकार संकट की इस घड़ी में अन्नदाता किसानों के साथ पूरी प्रतिबद्धता से खड़ी है तथा उनकी प्रत्येक समस्या का त्वरित निस्तारण करने के लिए संकल्पबद्ध है। डीएम ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि किसानों के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए किसानों द्वारा अपनी निजी भूमि अथवा खेतों में गिरे हुए वृक्षों को हटाने व निस्तारित करने हेतु दिए जाने वाले आवेदनों पर वन विभाग एवं वन निगम अविलंब नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब न किया जाए। परिवहन अनुमति (ट्रांजिट परमिट) का सुगम निर्गमन किया जाय। किसानों को अपनी काष्ठ (लकड़ी) के परिवहन व निस्तारण में कोई समस्या न आए, इसके लिए नियमानुसार आवश्यक अभिवहन अनुज्ञा पत्र (ट्रांजिट परमिट) प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाएं।

मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा यातायात एवं मार्ग अवरोधों का तत्काल समाधान कराये जाने के भी निर्देश दिये गये हैं। आंधी-तूफान के कारण सड़कों व सार्वजनिक मार्गों पर गिरे पेड़ों को त्वरित रूप से हटाकर यातायात सुचारू रखा जाए। इस कार्य में प्रशासनिक व वन विभाग को समन्वय रखने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति की निगरानी कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं कि प्रभावित किसानों को किसी भी प्रकार का मानसिक या आर्थिक उत्पीड़न न झेलना पड़े। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए गिरे हुए वृक्षों के निस्तारण की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित वन नियमों के अनुरूप संपन्न करने की दिहदायत भी दी गयी है।

शहीद पार्क गेट पर अश्लील हरकतें करने का आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। मिशन शक्ति और एण्टी रोमियो टीम ने शहीद पार्क गेट पर अश्लील हरकतें करने एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। रविवार को मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियो टीम थाना सदर बाजार क्षेत्र में एसपी कॉलेज से शहीद पार्क टाउनहाल की ओर भ्रमण एवं गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि शहीद पार्क गेट के पास एक युवक आने-जाने वाली महिलाओं एवं राहगीरों के सामने अश्लील हरकतें कर रहा है और उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा है। जिससे महिलाओं एवं आमजन को काफी परेशानी हो रही है। सूचना पर मिशन शक्ति और एण्टी रोमियो टीम शहीद पार्क गेट पर पहुंची और उस युवक को काफी समझाने का प्रयास किया और उसे सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार की हरकतें न करने की हिदायत दी, लेकिन वह नहीं माना। जिसके बाद पुलिस टीम ने सख्ती दिखाई और पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र महेश चन्द्र निवासी मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी थाना सदर बाजार बताया। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से उसे हिरासत में लिया और उसे थाने ले आई। सदर पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना सदर बाजार की महिला उपनिरीक्षक नम्रता सिंह के साथ महिला कांस्टेबल शीतल और शिवानी मौजूद रहीं।

पोस्टर प्रतियोगिता से शास्त्री कॉलेज ने दिया नशा मुक्ति का संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

52 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा, कशिश सोनी ने मारी बाजी,205 छात्र-छात्राओं की रही मौजूदगी

गोंडा । युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जाग रूक करने और नशामुक्त भारत के संकल्प को म जबूत बनाने के उद्देश्य से श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। सेवा संकल्प अभियान के तहत शिक्षा शास्त्र विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य वि कसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं को नशे से दूर रहने के प्रति प्रेरित करना रहा।महा विद्यालय के मुख्य परिसर में आयोजित प्रतियोगि ता

कशिश सोनी प्रथम,अंजू,उनजिला फातिमा द्वितीय

प्रतियोगिता में बीए पंचम सेमेस्टर की कशिश सो नी ने प्रथम स्थान हासिल किया।बीए प्रथम सेमेस्ट र की अंजू और बीए तृतीय सेमेस्टर की उनजिला फातिमा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं, बीए तृतीय सेमेस्टर की श्रद्धा मिश्रा ने तीसरा स्था न प्राप्त किया।निर्णायक मंडल में मुख्य नियंता प्रो संदीप कुमार श्रीवास्तव,डॉ.संतोष कुमार श्रीवास्त व और डॉ. ममता शुक्ला शामिल रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन में सैन्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील तिवारी, डॉ.हरीश शुक्ला, डॉ.अर्जुन चौबे, प्रवीण शुक्ला और विकास तिवारी का सहयोग रहा।अंत में शिक्षा शास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़े सर मनीष मोदनवाल ने अतिथियों और प्रतिभागि यों के प्रति आभार व्यक्त किया।नशामुक्त युवा फॉ र विकसित भारत समिति की संयोजक डॉ.रेखा शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

गोलियों की तड़-तड़ाहट से गूज उठा मदनपुर गांव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । छपिया थाना क्षेत्र में रविवार तड़के गोलियों की तड़तड़ाहट से सनसनी फैल गई। मसकनवा-गौराचौकी मार्ग पर मदनपुर गांव के पास चार पहिया वाहन से पहुंचे हमलावरों ने बाइक सवार युवक पर कई राउंड फायरिंग कर दी।हमले में 33 वर्षीय भोला पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके दाहिने हाथ की उंगली और पीठ में गोली लगी है।वारदात के बाद हमलावर मौके से निकल गए।घायल को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

गोंडा जाने के लिए रुके,तभी बरसने लगीं गोलियां

छपिया थाना क्षेत्र के सुमेरपुर नाकई बनकट निवा सी भोला पांडेय के मुताबिक, रविवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे वह अपने भांजे सूरज मिश्रा और शिवम पांडेय के साथ बाइक से मसकनवा-गौरा चौकी मार्ग पर मदनपुर गांव के पास पहुंचे थे। गोंडा जाने के लिए तीनों वहां रुके हुए थे।इसी दौरान मसकनवा की ओर से चार पहिया वाहन में सवार होकर कई लोग पहुंचे।पीड़ित ने आरोप लगाया कि अभिषेक राणा निवासी नरिचा, थाना छपिया,विवेक मदनवाल निवासी चंद्रदीप घाट, थाना खोड़ारे,शशांक पांडेय और कुछ अज्ञात लोग असलहे व अन्य हथियार लेकर आए।आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और फायरिंग शुरू कर दी।अचानक हुए हमले में भोला पांडेय घायल हो गए, जबकि उनके साथ मौजूद सूरज मिश्रा और शिवम पांडेय सुरक्षित बच गए।

प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर

गोली लगने के बाद घायल भोला ने पुलिस की मद द से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार क राया।प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें गोंडा जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया,जहां मेडिकल परीक्षण के बाद भर्ती कर लिया गया।घट ना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्च अधि कारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर घायल से भी घटना के संबंध में जानकारी ली।

गिरफ्तारी के लिए पुलिस की लगी तीन टीमें

छपिया थाना प्रभारी उमेश कुमार के अनुसार, प्रारं भिक जानकारी में मामला आपसी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।आरोपियों की गिरफ्तारी और घटना के खुलासे के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई हैं।पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

सात दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस, न चोर पकड़े गए, न माल बरामद

कुम्हरगढ़ी चोरीकांड में तफ्तीश पर सवाल,पीड़ित के संदेह और एफआईआर में नकदी के जिक्र को लेकर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । करनैलगंज के कुम्हरगढ़ी में हुई चोरी की वा रदात के सात दिन बीतने के बाद भी पुलिस के हा थ खाली हैं।न चोरों का सुराग मिला, न चोरी गया सामान बरामद हुआ।छत के रास्ते घर में घुसे चोर लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर ले गए थे।घटना के बाद कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे पीड़ित को अब तक नतीजे का इंतजार है। मामले की तफ्तीश की सुस्त रफ्तार पर सवाल उठ रहे हैं।

पीड़ित की तहरीर में लाखों के गहने और नकदी चोरी होने का आरोप है, लेकिन दर्ज प्राथमिकी में नकदी का जिक्र नहीं होने की बात भी सामने आई है।पीड़ित ने जिन लोगों पर संदेह जताया है,उनसे भी पूछताछ नहीं किए जाने का आरोप है। ऐसे में सवाल है कि आखिर जांच किस दिशा में आगे बढ़ रही है और पुलिस अब तक किसी नतीजे पर क्यों नहीं पहुंच सकी है ? सात दिन बाद भी गिरफ्तारी और बरामदगी न होने से पुलिस की जांच पर सवा ल खड़े हो रहे हैं हालांकि,मामले में एसएचओ अ भय सिंह का कहना है कि प्रकरण की जांच चल रही है।अब देखना है कि जांच का यह दावा कब ठोस कार्रवाई और बरामदगी में बदलता है।

नवरात्रि में 'शिक्षा की उड़ान' को नई ऊंचाई, एक लाख स्टडी टेबल का लक्ष्य पूरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मां पाटेश्वरी मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने छात्राओं को बांटी स्टडी टेबल,विद्यार्थियों को दिए आशीर्वाद पत्र

लक्ष्य पूरा होने पर मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की सराहना,कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

बालिका शिक्षा और सशक्तीकरण का संदेश,,,,अब पढ़ाई के नतीजों पर होगी असली परीक्षा

गोंडा । नवरात्रि की आस्था,बालिका शिक्षा का संक ल्प और भविष्य संवारने की पहल मां पाटेश्वरी मं दिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ये तीनों संदे श एक साथ नजर आए।मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने 'देवीपाटन शिक्षा की उड़ान' अभियान के तहत छात्राओं को स्टडी टेबल और विद्यार्थियों को व्यक्तिगत आशीर्वाद पत्र वितरित किए।अभियान के अंतर्गत एक लाख स्टडी टेबल वितरण का ल क्ष्य पूरा होने को मंडल की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया।मुख्यमंत्री ने लक्ष्य हासि ल करने के लिए मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की विशेष प्रशंसा की और प्रशासनिक कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

सौगात से आगे, पढ़ाई के माहौल की चुनौती

स्टडी टेबल वितरण का उद्देश्य विद्यार्थियों को घर में बैठकर व्यवस्थित ढंग से पढ़ने की सुविधा देना है।आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी के बीच पढ़ाई करने वाले बच्चों के लिए यह पहल उपयोगी साबित हो सकती है।हालांकि,शिक्षा की उड़ान को वास्तव में ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए जरूरी है कि बच्चों को नियमित पढ़ाई,गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, मार्गदर्शन और बेहतर शैक्षिक सुविधाएं भी मिलें। स्टडी टेबल का वितरण इस दिशा में एक कदम है, जबकि इसका वास्तविक असर बच्चों की पढ़ाई में होने वाले सुधार से सामने आएगा।

बालिका शिक्षा को मिला खास संदेश

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयो जित इस कार्यक्रम ने बालिकाओं की शिक्षा,आत्म निर्भरता और समान अवसरों के महत्व को भी रे खांकित किया।नवरात्रि के दौरान शक्ति की आराध ना के साथ बालिकाओं की शिक्षा का संदेश सामा जिक रूप से महत्वपूर्ण है।मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत आशीर्वाद पत्र देकर मेहनत, अनुशा सन और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

चार जिलों तक पहुंचा अभियान

देवीपाटन शिक्षा की उड़ान' अभियान के तहत गोंडा बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती में विद्या र्थियों को अध्ययन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।एक लाख स्टडी टेब ल वितरण का लक्ष्य पूरा होने के बाद अब अभिया न की सफलता का अगला पैमाना यह होगा कि इससे बच्चों की नियमित पढ़ाई,एकाग्रता और शै क्षिक प्रदर्शन में कितना सुधार आता है।कार्यक्रम में मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल,पुलिस उपमहा निरीक्षक अशोक कुमार शुक्ल,जिलाधिकारी विपि न जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता और बेसिक शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी मौजू द रहे।

त्योहारों से पहले पुलिस का शक्ति - अभ्यास,बलवा ड्रिल में परखी तैयारी

एएसपी पूर्वी की मौजूदगी में हुआ अभ्यास,,,,भीड़ नियंत्रण और त्वरित कार्रवाई पर रहा जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । आगामी त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए गोंडा पुलिस ने तैया रियां तेज कर दी हैं।इसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइ न में बलवाड्रिल आयोजित कर पुलिस बल को आ पात परिस्थितियों से निपटने का व्यावहारिक प्रशि क्षण दिया गया।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजी त कुमार रजक की उपस्थिति मेंहुए अभ्यास में भी ड़ नियंत्रण, दंगा निरोधक उपकरणों के इस्तेमाल और उपद्रव की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित का र्रवाई की प्रक्रिया पर जोर दिया गया।माक ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों को सिखाया गया कि तनाव पूर्ण परिस्थितियों में सतर्कता और संयम बनाए रखते हुए किस तरह स्थिति को नियंत्रित किया जा ए।किसी अप्रिय घटना की आशंका पर तत्काल प्र तिक्रिया देने, आपसी तालमेल के साथ कार्रवाई क रने और कानून-व्यवस्था बहाल रखने के तरीकों का भी अभ्यास कराया गया।

संभावित चुनौती से निपटने की तैयारी

त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ और संवेदनशील परि स्थितियों को देखते हुए पुलिस बल की शारीरिक एवं मानसिक तैयारी को मजबूत करना इस अभ्या स का प्रमुख उद्देश्य रहा।पुलिस की कोशिश है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल करते हुए शांति व्यवस्था का यम रखी जा सके।गोंडा पुलिस ने आमजन से त्यो हारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ म नाने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्र शासन का सहयोग करने की अपील की है।

बेझिझक बोलें महिलाएं, मदद के लिए धानेपुर पुलिस तैयार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिशन शक्ति के तहत, जागरूकता रैली साइबर अपराध से बचाव महिला अधिकारों पर दिया जोर

साइबर अपराध से बचाव और महिला अधिकारों पर दिया संदेश,बेझिझक दर्ज कराए शिकायत

साइबर अपराध सुरक्षा तक,जागरूकता पर जोर

रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को साइ बर अपराधों से बचाव, महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम और जरूरत पड़ने पर पुलिस से संपर्क करने के तरीकों की जानकारी दी गई। अभियान का उद्देश्य केवल सुरक्षा का भरोसा दिलाना नहीं, बल्कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जा गरूक बनाकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ ने के लिए प्रेरित करना भी है।

झिझक टूटे, पुलिस पर भरोसा बढ़े

मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस और आमजन के बीच संवाद तथा विश्वास मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।धानेपुर पुलिस का यह अभियान महिलाओं और बालिकाओं को यह संदेश देने की पहल है कि वे अपनी समस्याओं को बिना झिझक सामने रखें और जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लें।महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाना अभियान का प्रमुख ल क्ष्य है।

गोंडा । महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मा न और स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति 5.0 के तहत धानेपुर पुलिस सक्रिय नजर आई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पै दल जागरूकता रैली निकालकर महिला सुरक्षा का संदेश दिया।अभियान के जरिए पुलिस ने म हिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी परेशानी में चुप्पी साधने के बजाय पुलिस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

अग्रसेन जयंती पर नानपारा में निकली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में नानपारा में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। स्टेशन रोड स्थित राम-जानकी मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा इमामगंज चौराहा स्थित विश्वनाथ मंदिर होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी। इसके बाद शोभायात्रा पुनः राम-जानकी मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगों में उत्साह और धार्मिक उल्लास देखने को मिला। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश भीमराजका ने आयोजन में सहभागिता के लिए समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज की एकजुटता, आपसी सहयोग और महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर देते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक सद्भाव और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम में उमेश चंद्र शाह, राजेश कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार पोरवाल, सुधीर शाह, राजेश शाह, सुरेश चंद्र शाह, मुक्तेश्वर पोद्दार, अभय मदेसिया और चमन चौरसिया सहित अग्रवाल सेवा समिति, अग्रवाल महिला समिति, मारवाड़ी युवा मंच एवं मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

अवैध खनन पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी का शिकंजा, बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में अवैध खनन एवं बालू के अनधिकृत परिवहन की शिकायत पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने त्वरित कार्रवाई की। रविवार को शिकायत प्राप्त होते ही उन्होंने राजस्व टीम को मौके पर भेजा। टीम ने कार्रवाई करते हुए बालू से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ ली। पकड़े गए वाहन को अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना मोतीपुर में थानाध्यक्ष की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया। प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी बहराइच को रिपोर्ट प्रेषित की गई है।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध खनन और खनिजों का अनधिकृत परिवहन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निगरानी बढ़ाने के साथ शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

श्रीराम पार्क का हुआ लोकार्पण, 51 पौधों का भी किया गया रोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। नवरात्रि के प्रथम दिवस शनिवार को नगर पालिका परिषद के वार्ड सिविल लाइन स्थित वेदान्ती आश्रम के निकट नवनिर्मित श्रीराम पार्क का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया गया। नगर पालिका बोर्ड द्वारा नामित पार्क का भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने विधिवत पूजन-अर्चन के बाद लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने की। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी, गिरीश नरायन सिंह, जगजीत सिंह छंगू, एमपी सिंह, डॉ. आरए वर्मा, डॉ. सीताशरण त्रिपाठी तथा पूर्व मंत्री एवं विधायक ओम प्रकाश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन वार्ड सभासद रमेश सिंह टिन्नू ने किया, जबकि संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीती प्रकाश ने किया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी ने कहा कि मोहल्लेवासियों ने लंबे समय से इस भूमि पर पार्क बनाए जाने की मांग की थी। भूमि पर कब्जे के प्रयासों के बावजूद पालिकाध्यक्ष और सभासद के प्रयास से पार्क का



निर्माण संभव हो सका। उन्होंने पार्क निर्माण के लिए नगर पालिका का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्क बनने से स्थानीय लोगों को टहलने, घूमने, योगाभ्यास और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा मिलेगी। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि करीब 9.30 लाख रुपये की लागत से पार्क का निर्माण कराया गया है। पार्क में दो गेट, पेयजल के लिए सबमर्सिबल पंप, बैठने के लिए बेंच और एलईडी लाइट सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। वंदन योजना के तहत सीताकुंड घाट की तर्ज पर विकसित किए जा रहे हनुमान घाट का शीघ्र लोकार्पण प्रस्तावित है। इसके अलावा गोमती नदी के तट पर मुख्यमंत्री की महती वंदन योजना के तहत नए रामघाट के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद नगरवासियों को एक और घाट की सौगात मिलने की उम्मीद है। सेवा संकल्प अभियान के तहत 51 पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम में सभासद रमेश सिंह टिन्नू, दिनेश चौरसिया, मो. जाहिद, अरुण तिवारी, प्रवीण मिश्र, अरविंद यादव, रेनू सिंह सहित भाजपा के जिला एवं नगर पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पूर्व पदाधिकारी, अधिवक्ता, शिक्षक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

तलोई स्थित मेडिकल कालेज का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने रविवार को तहसील तिलोई स्थित नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं परिसर में विकसित की जा रही विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने शेष निर्माण एवं फिनिशिंग कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था की ओर से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि मेडिकल कॉलेज का लगभग साढ़े अठानवे प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ फिनिशिंग एवं अन्य छोटे-मोटे कार्य शेष हैं, जिन्हें शीघ्र पूरा कराने की प्रक्रिया चल रही है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए तथा निर्माण में गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज परिसर में सीवर सिस्टम, सभी ब्लॉकों में जलापूर्ति व्यवस्था, आंतरिक सड़कों के निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम तथा बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण की प्रस्तावित व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित कार्यकारी संस्था से इन व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मेडिकल कॉलेज में स्थापित किए जाने वाले सभी उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। साथ ही, अस्पताल एवं शैक्षणिक भवनों में मरीजों, चिकित्सकों, विद्यार्थियों तथा अन्य कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सभी बुनियादी सुविधाओं को व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जाए। उन्होंने शेष कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने तथा निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए जल्द पूरा कराने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि तिलोई में मेडिकल कॉलेज का निर्माण लोक निर्माण विभाग, अयोध्या इकाई द्वारा लगभग साढ़े सोलह एकड़ भूमि पर कराया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं चिकित्सा शिक्षा के लिए विभिन्न भवनों का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना में तीन सौ बेड का अस्पताल, पचास बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक तथा एक सौ सीटों की क्षमता वाला मेडिकल कॉलेज एवं एकेडमिक ब्लॉक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए बालक एवं बालिका छात्रावास, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। परिसर में साठ सीटों की क्षमता वाले नर्सिंग कॉलेज का भी निर्माण कराया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के पूर्ण होने पर जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा से जुड़ी सुविधाओं को विस्तार मिलेगा। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण आधार तैयार होगा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी शेष कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुसार शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्माण की गुणवत्ता, तकनीकी व्यवस्थाओं, आवश्यक उपकरणों तथा परिसर की मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान देने को कहा, ताकि परियोजना के सभी घटक व्यवस्थित रूप से तैयार हो सकें। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रीना शर्मा सहित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सपा नेताओं ने जेपी नारायण व महाराजा अग्रसेन की मनाई जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण और महाराजा अग्रसेन की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया और दोनों महापुरुषों के विचारों पर चर्चा की गई। तनवीर खान ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित जयप्रकाश नारायण को स्वतंत्रता संग्राम और गरीबों एवं दलितों के उत्थान में अमूल्य योगदान के लिये मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न (1999) से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, लखन प्रताप सिंह, आकाश वर्मा, डॉ. रागिनी सिंह चैहान, सत्येंद्र यादव, हफीज अंसारी, अजीम खान, महावीर सिंह यादव, मनोज यादव, श्यामा सिंह यादव, मोहम्मद अली हुसैन, रानू खान, सरताज अली, नाजिम फारुकी, श्लोक मौर्य, तौसीफ हुसैन, तेजपाल फौजी, मोमिन खान, तैय्यब खान, नीलम, गुफरान खान, आकाश वर्मा, झंकार सिंह, नीरज राणा एडवोकेट, वकार खान, सुभान अख्तर खान, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि व मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक ने पीडीए साइकिल यात्रा को दिखाई झंडी, महानगर में सपा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद की 131 कटरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजपुरी, हैवतपुर और करौंदी गांव के समाजवादी पार्टी के युवा कार्यकर्ता कौशल यादव व सुधीर यादव के नेतृत्व में पीडीए साइकिल यात्रा निकाली गई। इस साइकिल यात्रा को पूर्व विधायक राजेश यादव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा तिलहर होते हुए महानगर में बरेली मोड़ पहुंची, जहां समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने साइकिल यात्रियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही तनवीर खां ने साइकिल चलाकर यात्रियों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद यात्रा को जनपद लखीमपुर खीरी के लिए रवाना किया। साइकिल यात्रियों ने बताया कि पीडीए साइकिल यात्रा आज रात्रि जनपद लखीमपुर खीरी के तहसील मोहम्मदी के उचैलिया में विश्राम करेगी। इसके बाद यात्रा सीतापुर और सिधौली होते हुए 14 अक्टूबर को लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। साइकिल यात्रियों में वीरेंद्र यादव, राहुल राठौर, सुनील यादव, रेखपाल, रोहित सिंह, रजनीश यादव, मंजेश सिंह, शिवनेश यादव, राशोल यादव, संतराम, प्रशांत यादव, आकाश यादव, जितिन कुमार ,आशीष यादव, शोभित यादव, अजीत मौर्य शामिल हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से कांस्टेबल की मौत, एसपी ने दी शोक सलामी व नम आंखों से श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना रोजा में तैनात कांस्टेबल अंकित कुमार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। एसपी समेत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने शोक सलामी और नाम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

थाना रोजा में तैनात 35 वर्षीय कांस्टेबल अंकित कुमार मूल रूप से जनपद मुजफ्फरनगर के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रामपुरी कॉलोनी के रहने वाले थे। बीती देर रात थाना रोजा क्षेत्र में गश्त के दौरान उनकी निजी कार में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और वह कार के अंदर बुरी तरह फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने उन्हें किसी तरह कार से बाहर निकला और उन्हें राजकीय मेडिकल



कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी और शोक संवेदनाएं व्यक्त की। रविवार को पुलिस लाइन में दिवंगत कांस्टेबल के सम्मान में शोक सलामी कार्यक्रम आयोजित किया गया और पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आदि पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने दिवंगत कांस्टेबल को शोक सलामी अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आरक्षी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके कर्तव्यनिष्ठ योगदान को स्मरण किया तथा इस दुःखद घड़ी में शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

एंटी रोमियो टीमों ने चलाया चेकिंग अभियान, महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नवरात्रि के पावन पर्व के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों ने मन्दिरों के बाहर और आसपास भ्रमण कर चेकिंग अभियान चलाया और मंदिरों के आसपास अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर उन्हें हिदायत दी। साथ ही बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान एंटी रोमियो टीमों ने बालिकाओं एवं महिलाओं से संवाद स्थापित कर नवरात्रि पर्व के दौरान धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सतर्क रहने, महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा छेड़छाड़, अभद्रता, पीछा करने, किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की घटना होने तथा किसी भी प्रकार की असहज स्थिति उत्पन्न होने पर बिना किसी संकोच के पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा



एण्टी रोमियो टीमों द्वारा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग एवं साइबर अपराधों से बचाव के सम्बन्ध में आवश्यक सावधानियां बरतने की जानकारी दी। कहा कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि अथवा महिला सम्बन्धी अपराध की जानकारी होने पर उसे नजरअंदाज न करें तथा तत्काल पुलिस को सूचित करें। कहा कि नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए मन्दिरों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमण, चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जो निरंतर जारी रहेगा।

पुलिसकर्मियों संग छात्राओं ने पैदल मार्च कर किया जागरूक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

अलीगंज/सुलतानपुर। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और छात्राओं को चलाए जा रहे अभियान तहत रविवार को पैदल मार्च निकाला गया। पुलिसकर्मियों के साथ कदमताल करते हुए छात्राओं ने पोस्टर-बैनर के माध्यम से नारी सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे ठोस कदम और कानून के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर रविवार को एसओ बंधुआकला प्रमोद कुमार, अलीगंज चौकी इंचार्ज प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में निजी स्कूल की छात्राओं ने पैदल मार्च किया। उनके हाथों में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के संबंध उठाए जा रहे ठोस कदम और कानून के संबंध में जानकारी देते पोस्टर व बैनर थे। इसके पूर्व पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और गलत का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छेड़छाड़ आदि की सूचना के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए फोन नंबर की जानकारी भी दी। इस मौके पर कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव समेत अन्य संभ्रांतजन मौजूद रहे।

फुटपाथ पर कब्जे का आरोप भगत हॉस्पिटल पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। क्या नियम-कानून सिर्फ आम आदमी के लिए हैं? क्या रसूखदारों के मामलों में प्रशासन की कार्रवाई की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। कुड़वार नाका ओवरब्रिज के पास स्थित भगत हॉस्पिटल को लेकर अब ऐसे ही सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सड़क किनारे राहगीरों की आवाजाही के लिए बनी पटरी पर हॉस्पिटल का कुछ हिस्सा निर्मित है। मामले में उपजिलाधिकारी सदर को शिकायती पत्र भी दिया गया, लेकिन शिकायतकर्ता के मुताबिक अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई नजर नहीं आई है। तस्वीरों को देखिए और समझिए कि मामला कितना गंभीर है। आरोप है कि भगत हॉस्पिटल का कुछ हिस्सा सड़क किनारे बनी पटरी पर है। अगर जांच में यह निर्माण सरकारी सड़क की सीमा या



सार्वजनिक फुटपाथ पर अवैध कब्जा पाया जाता है, तो सवाल सिर्फ अतिक्रमण का नहीं, बल्कि जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही का भी है। आखिर शिकायत मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया या नहीं। राजस्व अभिलेखों और सड़क की निर्धारित सीमा की जांच हुई या नहीं? अगर

एसडीएम सदर को शिकायत के बावजूद कार्रवाई पर सवाल

कब्जा अवैध है, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई करेगा, या शिकायत सरकारी फाइलों में ही दबकर रह जाएगी। सवाल किसी व्यक्ति विशेष को दोषी ठहराने का नहीं, बल्कि कानून के समान अनुपालन का है। यदि आम आदमी के अतिक्रमण पर कार्रवाई होती है, तो बड़े प्रतिष्ठानों के मामले में भी वही नियम लागू होने चाहिए। अब निगाहें उपजिलाधिकारी सदर और संबंधित विभाग पर हैं। जांच कब होगी, अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति क्या है और शिकायत पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है। इन सवालों का जवाब प्रशासन को देना चाहिए।

पतावोझी गांव के पास खेत में निकले बाघ ने किसान पर किया हमला, मची अफरा-तफरी अस्पताल में भर्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में बाघ के हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार दोपहर बराही रेंज पतावोझी गांव के पास खेत की रखवाली कर रहे 22 वर्षीय किसान पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया। किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य किसान मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाघ के चंगुल से छुड़ाया। घायल किसान को 108 एंबुलेंस की मदद से पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार, पतावोझी गांव निवासी महेंद्र पाल (22) पुत्र नन्हेलाल शनिवार दोपहर करीब 12 बजे बराही रेंज के पास स्थित अपने खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान अचानक खेत से निकले बाघ ने उस पर हमला कर दिया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। किसान की आवाज सुनकर आसपास मौजूद किसानों ने किसी तरह उसे बाघ से बचाया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम भी अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। जिस स्थान पर यह हमला हुआ, वहां 12 नंबर 2025 को पतावोझी निवासी छोटे लाल पुत्र खेमकरन उम्र 45 वर्ष का अधखाया शव बरामद हुआ था। भी बाघ का हमला हो चुका है। उसी जगह पर बाघ ने एक साल बाद फिर किसान पर हमला कर दिया है।

फ़ेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप, हिन्दू संगठन ने कार्रवाई की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर अभद्र एवं अपमानजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। भारतीय बजरंग दल के धनंजय मिश्रा ने रविवार दोपहर लगभग एक बजे पुलिस को शिकायती पत्र देकर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे उन्होंने फ़ेसबुक पर चुनाव और वोट चोरी से संबंधित एक पोस्ट साझा की थी। पोस्ट में 42 पूर्व न्यायाधीशों के पत्र का हवाला देते हुए विपक्ष से वोट चोरी के आरोपों के समर्थन में सबूत प्रस्तुत करने की बात कही गई थी। आरोप है कि इस पोस्ट पर एक व्यक्ति ने टिप्पणी करते हुए उनके खिलाफ गाली-गलौज और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति ने उनकी मां और बहन को लेकर भी अभद्र टिप्पणी की। धनजंय मिश्रा का कहना है कि इस तरह की टिप्पणियों से उनकी और उनके परिवार की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका भी जताई है।शिकायतकर्ता ने पुलिस से फ़ेसबुक पर की गई टिप्पणियों की निष्पक्ष जांच कराने और साक्ष्यों के आधार पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

सिमराया घर में घुसकर युवती की पिटाई, हालत बिगड़ने पर अस्पताल में कराया भर्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम सिमराया में घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने गांव के ही एक दंपती पर बेटी को लात-घूंसों और डंडे से पीटने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासी कमला देवी पत्नी रामऔतार के अनुसार द्रोपदी पत्नी वेनीराम और वेनीराम पुत्र मेवाराम उनके घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने उनकी बेटी मुन्नी देवी को अचानक लात-घूंसों और डंडे से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके पति को भी जान से मारने की धमकी दी। कमला देवी के मुताबिक, उन्होंने किसी तरह आरोपियों के चंगुल से अपनी बेटी को छुड़ाया। मारपीट में मुन्नी देवी के मुंह से खून निकलने लगा और उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार कराया गया।

सिमराया गौशाला विवाद में समझौते के बाद गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम सिमराया निवासी सोनी देवी पत्नी हृदय लाल ने गांव के ही एक दंपति पर गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।तहरीर के अनुसार, गौशाला से संबंधित विवाद में पहले समझौता कराया गया था, जिसकी लिखित प्रति उनके पास मौजूद है। आरोप है कि समझौते के बाद भी उक्त लोग नहीं मान रहे हैं और उक्त दंपति उनके साथ विवाद कर रहे हैं। महिला का यह भी आरोप है कि उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा है। सोनी देवी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मामले का संज्ञान लेने और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

विधवा महिला से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप, तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुघंचिहाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला के साथ छेड़छाड़ और विरोध करने पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक गांव निवासी विधवा महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है और उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। आरोप है कि 8 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे वह घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान प्रेमपाल पुत्र काशीराम उनके घर में घुस आया और उनका हाथ पकड़कर खींचने लगा। महिला ने छेड़छाड़ का विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोप है कि प्रेमपाल का पुत्र रजनीश और धर्मवीर भी लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए।महिला के मुताबिक, तीनों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मां को बचाने पहुंचे उनके 12 वर्षीय पुत्र को भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला,मुकदमा दर्ज

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जहानाबाद थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गजरौला थाना क्षेत्र के चुरैला गांव निवासी रूबी देवी ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 14 फरवरी 2025 को जहानाबाद के वार्ड नंबर नौ निवासी धर्मेंद्र सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में उसके पिता ने मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के आभूषण, घरेलू सामान और तीन लाख रुपये नकद दिए थे।आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने को लेकर ताने देने लगे। पीड़िता के मुताबिक, 10 अगस्त 2025 को उसे पहने हुए कपड़ों में ही घर से निकाल दिया गया और मायके से पांच लाख रुपये लाने की मांग की गई। साथ ही वापस आने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

सम्पादकीय

कैंसर इलाज में राहत

सही मायने में इसे एक अमानवीय कृत्य ही कहा जाएगा कि कैंसर जैसे घातक रोग से जूझ रहे मरीजों से दवाओं के मनमाने दाम वसूले जाएं। इस जानलेवा रोग से जूझ रहे मरीजों को यूं तो उपचार की अन्य मदों में भी काफी खर्च करना पड़ता है, लेकिन दवाओं की अधिक कीमतों पर नियंत्रण लगाया जाना किसी हद तक राहतकारी साबित हो सकता है। अब केंद्र सरकार ने नॉन-शेड्यूल्ड एंटी-कैंसर दवाइयों पर ट्रेड मार्जिन को तीस फीसदी तक सीमित करने का फैसला किया है। निस्संदेह, यह कदम उस हेल्थकेयर क्षेत्र में एक स्वागत योग्य पहल है, जहां मरीजों को अधिक पैसा चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। दरअसल, कैंसर का त्रास झेल रहे व्यक्ति व उसके परिवार पर इस रोग का उपचार आर्थिक रूप से भारी बोझ डालता है। ऐसे में कैंसर रोग में काम आने वाले दवाइयों की कीमत में कमी लाने का प्रयास समय की जरूरत भी है। सरकार का अनुमान है कि दवाइयों की कीमतों में नये सिरे से नियमन के जरिये मरीजों को हर साल 2,500 करोड़ रुपये तक की बचत होगी। इस बाबत दावा किया जा रहा है कि कुछ दवाइयों की कीमतों में सत्तर फीसदी तक की कमी आ सकती है। हालांकि, मरीजों को लाभ के आंकड़े अनुमानित हैं और इनकी हकीकत प्रावधानों के लागू होने पर ही स्पष्ट हो पायेगी। वास्तव में सबसे पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि दर्शायी जा रही राहत वास्तव में मरीजों तक भी पहुंचे। समय रहते अधिकारियों को तुरंत उन दवाओं की जानकारी मरीजों व तिमारदारों को देनी चाहिए, जिन पर यह कटौती लागू की गई है। साथ ही दर्ज की गई कीमतों में बदलाव को भी स्पष्ट करना चाहिए। इसके अलावा नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर नजर रखी जानी चाहिए। दूसरी ओर ज्यादा कीमत वसूलने वालों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। सरकार को यह भरोसा भी कायम करना होगा कि नई कीमत नियमन के लागू होने के बाद दवा कंपनियां सप्लाई यथावत बनाये रखेंगी। सही मायने में कीमतों में आई असली कमी दृमरीजों की बचत और दवाइयों की उपलब्धता की समय-समय पर जानकारी देने से ही सुनिश्चित हो सकेगी। तभी पता चलेगा कि यह कदम वास्तव में कितना कारगर है। दरअसल, सरकार द्वारा कैंसर के मरीजों को राहत देने का यह प्रयास नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी के 2019 के उस फैसले को ही आगे बढ़ाता है, जिसमें 42 नॉन-शेड्यूल्ड कैंसर-रोधी दवाओं को शामिल किया गया था। दावा किया जाता रहा है कि उस पहल के उपरांत दवाइयों के 526 ब्रांड्स में वार्षिक रूप से 984 करोड़ रुपये की बचत मरीजों को हुई थी। अतरू पिछला अनुभव बताता है कि ट्रेड मार्जिन को रेगुलेट करने से पूरी मार्केट में एक जैसी कीमतें लागू किए बिना भी मरीजों को वास्तविक लाभ जमीनी स्तर पर मिल सकता है। वास्तव में कैंसर के मरीजों को राहत देने के उपायों के क्रम में और अधिक दवाइयों को इस राहत के दायरे में लाना होगा। जिसमें विदेशों से आयातित और पेटेंटेड दवाइयां भी शामिल हैं। तभी कैंसर रोगियों को वास्तव में अधिक राहत मिल सकेगी क्योंकि अभी भी उन्हें बहुत ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। वैसे हकीकत में देखा जाए तो दवाइयों के मूल्य की सीमा तय करने के बाद भी कैंसर के महंगे इलाज का कारगर व्यापक समाधान संभव नहीं है। दरअसल, मरीजों के सामने जांच, सर्जरी, रेडिएशन, अस्पतालों में भर्ती होने और इलाज के बाद की देखभाल के लिये भारी-भरकम बिल चुकाने की मजबूरी होती है। राहत के लिये अस्पतालों के जरिये बेची जाने वाली चिकित्सा सामग्री और दवाइयों की ज्यादा कीमतों की भी जांच होनी चाहिए। पिछले दिनों देश की शीर्ष अदालत ने भी इस बात को लेकर चिंता जतायी थी कि अस्पतालों में दवाइयों और चिकित्सा में सहायक उपकरणों के दाम मनमाने तरीके से वसूले जाते हैं। निश्चित रूप से देश में सुप्रीम कोर्ट की चिंता के अनुरूप चिकित्सा तंत्र में पारदर्शिता लाने और जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है।

नवजीवन के प्रतीक स्त्री शक्ति के नौ रूप

प्रतीक रूप में ये रूप अंततः मनुष्य की ही विभिन्न मनोदशाओं के परिष्कार से जुड़े हैं। इन मनोदशाओं को राक्षसी प्रवृत्ति कह सकते हैं, जो मनुष्य की नकारात्मक विकृतियों के भी प्रतीक हैं। इन रूपों के महत्व को जानते हैं। नवदुर्गा में शैल पुत्री प्रथम दुर्गा मानी जाती हैं। इनके हाथों में त्रिशूल और कमल पुष्प सुशोभित हैं। इनका वाहन वृषभ है। शैल पुत्री अपने पूर्वजन्म में दक्ष प्रजापति की कन्या थीं और इनका नाम सती रखा गया। पिता की इच्छा के विरुद्ध सती ने भगवान शिव से विवाह किया। दक्ष ने एक बार महायज्ञ का आयोजन किया। किंतु इसमें शिव व सती को आमंत्रित नहीं किया। इसे सती ने शिव का अपमान माना और बिना बुलाए ही यज्ञस्थल पर पहुंच गईं। वहां उन्होंने अपने पिता को शिव को आमंत्रित करने के लिए बाध्य किया। किंतु प्रजापति ने शिव का उपहास उड़ाया और उन्हें बुलाने से इनकार कर दिया। तब सती ने क्रोधित होकर यज्ञकुंड में कूंदकर प्राणों की आहुति दे दी। शिव को जब सती के प्राण त्यागने का समाचार मिला तो उन्होंने अपने गणों को भेजकर यज्ञ का विध्वंस करा दिया। बाद में शिव सती के जले शव को कंधे पर लेकर भटकते रहे। पुराणों में उल्लेखित है कि इस दौरान सती के अंग बारह स्थानों पर गिरे। उन्हें बारह ज्योतिर्लिंग की मान्यता प्राप्त है। अगले जन्म में यही सती शैलराज हिमालय के घर में पैदा हुईं और शैलपुत्री कहलाईं। उन्हें ही पार्वती कहा जाता है। दुर्गा का दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी का है, श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में जपमाला और दूसरे में कमंडल है। ब्रह्मचारिणी का जन्म पर्वतराज हिमालय की पत्नी मैना के गर्भ से हुआ था। पहले इनका नाम शुभ लक्षणों को देखते हुए पार्वती रखा गया। बाद में नारद मुनि ने हिमालय को बताया कि यही पार्वती पूर्व जन्म में सती थीं। इस रहस्य को जानने के बाद पार्वती में शिव को प्राप्त करने की इच्छा जागृत हो गई। इसके लिए देवी ने कठिन तपस्या की। इससे उनका शरीर कृशकाया में बदल गया। तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया।

शारदेय नवरात्रों में एक बार फिर हम स्त्री शक्ति के नौ रूपों की पूजा करेंगे। नवरात्र में जो नव उपसर्ग हैं, वे नौ की संख्या के साथ-साथ नूतनता के भी प्रतीक हैं। इस अर्थ में वे परिवर्तन के सूचक हैं। ये रूप-शक्ति, स्त्रीत्व और समृद्धि के प्रतीक भी हैं। इन स्वरूपों की पूजा करते हुए स्त्री रूपी इन देवियों के भव्य रूप हमारी चेतना में उपस्थित रहते हैं। इन्हें शक्ति रूप इसलिए कहा जाता है क्योंकि जब सृष्टि के सृजन काल में देव पुरूष, दानवों से पराजित हुए तो उन्हें राक्षसों पर विजय के लिए दुर्गा से अनुनय करना पड़ा। एक अकेली दुर्गा ने विभिन्न रूपों में अवतरित होकर अनेक रक्षसों का नाश कर सृष्टि के सृजन को व्यवस्थित रूप देकर गति प्रदान की। प्रतीक रूप में ये रूप अंततः मनुष्य की ही विभिन्न मनोदशाओं के परिष्कार से जुड़े हैं। इन मनोदशाओं को राक्षसी प्रवृत्ति कह सकते हैं, जो मनुष्य की नकारात्मक विकृतियों के भी प्रतीक हैं। इन रूपों के महत्व को जानते हैं। नवदुर्गा में शैल पुत्री प्रथम दुर्गा मानी जाती हैं। इनके हाथों में त्रिशूल और कमल पुष्प सुशोभित हैं। इनका वाहन वृषभ है। शैल पुत्री अपने पूर्वजन्म में दक्ष प्रजापति की कन्या थीं और इनका नाम सती रखा गया। पिता की इच्छा के विरुद्ध सती ने भगवान शिव से विवाह किया। दक्ष ने एक बार महायज्ञ का आयोजन किया। किंतु इसमें शिव व सती को आमंत्रित नहीं किया। इसे सती ने शिव का अपमान माना और बिना बुलाए ही यज्ञस्थल पर पहुंच गईं। वहां उन्होंने अपने पिता को शिव को आमंत्रित करने के लिए बाध्य किया। किंतु प्रजापति ने शिव का उपहास उड़ाया और उन्हें बुलाने से इनकार कर दिया। तब सती ने क्रोधित होकर यज्ञकुंड में कूंदकर प्राणों की आहुति दे दी। शिव को जब सती के प्राण त्यागने का समाचार मिला तो उन्होंने अपने गणों को भेजकर यज्ञ का विध्वंस करा दिया। बाद में शिव सती के जले शव को कंधे पर लेकर भटकते रहे। पुराणों में उल्लेखित है कि इस दौरान सती के अंग बारह स्थानों पर गिरे। उन्हें बारह ज्योतिर्लिंग की मान्यता प्राप्त है। अगले जन्म में यही सती शैलराज हिमालय के घर में पैदा हुईं और शैलपुत्री कहलाईं। उन्हें ही पार्वती कहा जाता है। दुर्गा का दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी का है, श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में जपमाला और दूसरे में कमंडल है। ब्रह्मचारिणी का जन्म पर्वतराज हिमालय की पत्नी मैना के गर्भ से हुआ था। पहले इनका नाम शुभ लक्षणों को देखते हुए पार्वती रखा गया। बाद में नारद मुनि ने हिमालय को बताया कि यही पार्वती पूर्व जन्म में सती थीं। इस रहस्य को जानने के बाद पार्वती में शिव को प्राप्त करने की इच्छा जागृत हो गई। इसके लिए देवी ने कठिन तपस्या की। इससे उनका शरीर कृशकाया में बदल गया। तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। तब ब्रह्मा ने उनके समक्ष उपस्थित होकर मनचाहा वर मांगने की प्रार्थना की। पार्वती ने शिव को मांगा। ब्रह्मा ने पार्वती को आशीर्वाद तो दिया ही, उनकी काया को भी सुंदर रूप में बदल दिया। यहीं ब्रह्मा ने तप का आचरण करने के कारण ब्रह्मचारिणी का नाम दिया। नवरात्रों के तीसरे दिन दुर्गा के शरीर से नई शक्ति के रूप में चंद्रघंटा की वंदना की जाती है। सिंह पर सवार ये देवी निडरता के साथ सौम्यता के गुणों से भी भरपूर हैं। इनके आभामंडल से अदृश्य शक्ति का विकिरण होता रहता है। इनके शरीर का वर्ण स्वर्ण है। इनके दस हाथ हैं, जिनमें खड्ग, अस्त्र-शस्त्र, बाण आदि विभूषित हैं। देवासुर संग्राम में इनके घंटे की भयानक ध्वानि से सैंकड़ों दैत्य मारे गए थे। इनकी मुद्रा हमेशा युद्ध के लिए तत्पर दिखाई देती है। दुर्गा का चौथा स्वरूप कूष्मांडा देवी का है। इनका निवास सूर्यलोक में है इसीलिए इनके शरीर की कांति और आभा सूर्य के समान सदैव प्रकाशित रहती है। सृष्टि के संपूर्ण प्राणियों में इन्हीं देवी का आलोक प्रदीप्त है। जब ब्रह्माण्ड का अस्तित्व नहीं था और चारों और अंधेरा था, तब इन देवी ने अपनी मंद मुस्कान द्वारा अंड अर्थात ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति की। इसी कारण इन्हें कूष्मांडा कहा गया। सिंह पर सवार कूष्मांडा अष्ट भुजाधारी हैं। इनके हाथों में कमण्डल, धनुष-बाण, कमल-पुष्प, अमृत-कलश, चक्र गदा और सभी प्रकार की सिद्धियां व जपमाला सुशोभित हैं। दुर्गा का पांचवां रूप स्कंद माता का है। इनके पुत्र कार्तिकेय का एक नाम स्कंद है इसलिए इन्हें स्कंद माता कहा जाता है। सिंह पर सवार इन देवी की चार भुजाएं हैं। इनके दो हाथों में कमल पुष्प हैं एक हाथ वरदान की मुद्रा में है और दूसरा हाथ पुत्र स्कंद को गोद में लिए है। इस कारण ये पद्मासना देवी भी कहलाती हैं। इनके बाद छठे दिन देवी कात्यायनी की पूजा की जाती है। कात्य नामक ऋषि की वंशावली में एक प्रसिद्ध ऋषि कात्यायन हुए हैं। ये दुर्गा के भक्त थे। इस भक्ति से प्रसन्न होकर दुर्गा ने कात्यायन को कोई वर मांगने को कहा। तब महर्षि ने दुर्गा से अपने घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने का आग्रह किया। दुर्गा ने यही वरदान दे दिया। कुछ समय बाद जब पृथ्वी पर महिषासुर नाम के असुर का अत्याचार बढ़ गया, तब दुर्गा के तेज से कात्यायन की पत्नी की कोख से देवी कात्यायनी ने जन्म लिया। पुराणों में ऐसा कहा गया है कि इस तेज में ब्रह्मा, विष्णु और महेश के तेज का भी समावेश है। चार भुजाधारी कात्यायनी का वाहन सिंह है। इनकी चार भुजाओं को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का प्रतीक माना गया है। दुर्गा के सातवें रूप को देवी कालरात्रि के नाम से जाना जाता है। इनकी काया अमावस्या की गहरी काली रात की तरह काली है। इनके मस्तक पर तीन नेत्र विद्यमान हैं, जो ब्रह्मांड के समान गोल तथा तीन लोकों के प्रतीक हैं। इनके केस घने एवं बिखरे हुए हैं। इनके गले में विद्युत ज्वाला सी प्रकाशित माला पड़ी हुई है। सांस लेते समय इनके नासिका छिद्रों से अग्नि की लपटें निकलती रहती हैं। इनकी सवारी गधा है और ये चार भुजाओं वाली हैं। इनके दो हाथों में तलवार और नुकीला अस्त्र है। जबकि एक हाथ वरदान की मुद्रा में और दूसरा अभय की मुद्रा में है। इन देवी को राक्षस और भूत-प्रेत का विनाश करने वाली देवी माना जाता है। दुर्गा पूजन के आठवें दिन महागौरी की उपासना की जाती है। महागौरी ने शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक तपस्या की। इस समय उन्होंने धूप, आंधी, वर्षा और ठंड के थपेड़े सहे। इस कारण उनका शरीर कृशकाय और काला हो गया। अंत में जब भगवान शिव ने पार्वती रूपी इन महागौरी को पत्नी रूप में स्वीकार किया तब शिव ने अपनी जटाओं से निकलने वाली गंगा की जलधारा से पार्वती का शरीर धोया। इस पवित्र और शुद्ध गंगाजल से पार्वती का मैल धुल गया और उनका शरीर गौर वर्ण की तरह चमकने लगा। इसी कारण वे महागौरी के नाम से जानी जाने लगीं। इनका वाहन बैल है और इनकी मुद्रा अत्यंत शांत एवं सौम्य है। नवरात्रि के अंतिम यानी नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा करने की परंपरा है। ये सभी रिद्धी-सिद्धियों की स्वामिनी हैं। पुराण कथाओं के अनुसार जब दुर्गा के मन में सृष्टि की रचना का विचार उत्पन्न हुआ, तब उन्होंने शिव को उत्पन्न किया। शिवजी ने उत्पन्न होने पर दुर्गा से सिद्धियों की मांग की। शिव को सिद्धियां प्रदान करने के लिए एक अंश से देवी सिद्धिदात्री का जन्म हुआ। जो सभी प्रकार की सिद्धियों की ज्ञाता थीं। बाद में सिद्धिदात्री ने शिव को 18 प्रकार की दुर्लभ, अमोघ और शक्तिशाली सिद्धियां दीं। इनसे ही शिव में अलौकिक शक्तियों का तेज उत्पन्न हुआ। इसके बाद शिव ने विष्णु की और विष्णु ने ब्रह्मा की उत्पत्ति की। ब्रह्मा को सृष्टि रचना का, विष्णु को सृष्टि पालन का और शिव को सृष्टि के संहार का दायित्व सुपुर्द किया। ब्रह्माजी को जब नर एवं नारी के अभाव में सृष्टि की रचना असंभव लगने लगी, तब उन्होंने माता सिद्धिदात्री का स्मरण किया। तब सिद्धिदात्री ने प्रकट होकर सिद्धियों द्वारा शिव का आधा शरीर नारी का बना दिया। इस प्रकार शिव आधे नर और आधे नारी के रूप में अर्धनारीश्वर कहलाए। तब कहीं जाकर ब्रह्मा की सृष्टि सृजन संबंधी समस्या का समाधान हुआ। दुर्गा के इन स्त्री रूपों में नारी की इतनी महिमा होने के बावजूद हम हैं कि न केवल स्त्री के साथ दुराचार कर रहे हैं बल्कि कोख में भी स्त्री-भ्रूण की हत्या करने का महापाप कर रहे हैं। सही मायने में नवरात्रि व्रत उपवास का संदेश स्त्री के संरक्षण से जुड़ा है। **–प्रमोद भार्गव**

भारतवंशी को नोबेल सम्मान, ट्रंप की छटपटाहट

विनय के पाठक

ट्रंप का गुस्सा इस बात पर है कि दुनिया को अमन–चैन का पाठ पढ़ाने वाले असली 'महात्मा' तो वही थे लेकिन पुरस्कार किसी ऐसी 'रहस्यमयी महिला' को दे दिया गया जिसे उनके मुताबिक कोई जानता तक नहीं।

ओस्लो की बर्फीली वादियों से लेकर वाशिंगटन के गलियारों तक, इन दिनों नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप की छटपटाहट देखने लायक है। आलम ये है कि पुरस्कार न मिलने के गम में ट्रंप की रातों की नींद और दिन का चैन पूरी तरह उड़ चुका है। इस बार तो हद ही हो गई। एक भारतवंशी महिला नवी पिल्लई को क्या नोबेल मिल गया, ट्रंप की छाती पर जैसे सांप लोटने लगा। न्यूयॉर्क की एक रैली में तो उनका यह दर्द सरेआम छलक पड़ा, जहां वे इस कदर भड़के कि नॉर्वे के इस फैसले को इतिहास का सबसे बड़ा 'अमिट कलंक' घोषित कर दिया। उनकी इस हालत को देखकर राजनीतिक गलियारों में लोग चुटकियां ले रहे हैं और कई तो दबी जुबान में कहने लगे हैं कि नोबेल के इस अंधाधुंध लालच ने उन्हें दुनिया के सामने हंसी का पात्र और राजनीति का एक चलता-फिरता 'जोकर' बना दिया है। ट्रंप का गुस्सा इस बात पर है कि दुनिया को अमन-चैन का पाठ पढ़ाने वाले असली 'महात्मा' तो वही थे लेकिन पुरस्कार किसी ऐसी 'रहस्यमयी महिला' को दे दिया गया जिसे उनके मुताबिक कोई जानता तक नहीं। सोशल मीडिया पर तो उन्होंने बाकायदा रोना रोते हुए लिखा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर यह पुरस्कार सीधे उनके हाथों में आना चाहिए था लेकिन कुछ कट्टरपंथियों ने उनके साथ बहुत बड़ा धोखा कर दिया। अपनी इस छटपटाहट में ट्रंप ने ऐसा मजेदार गणित पेश किया है, जिसे सुनकर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट के जज भी सिर पकड़ लें। उन्होंने बड़े भोलेपन से दावा ठोक दिया कि अपने महान कामों के लिए उन्हें एक-दो नहीं बल्कि पूरे आठ नोबेल शांति पुरस्कार मिलने चाहिए थे। अब ट्रंप की इस अनोखी लिस्ट को देखिए, जिसमें उन्होंने भारत-पाकिस्तान से लेकर इजरायल-हमास तक, दुनिया के उन तमाम देशों के नाम गिना दिए हैं जिनके बीच का सदियों पुराना विवाद उन्होंने सिर्फ अपने एक ट्वीट या जादुई मुस्कान से सुलझा देने का दावा किया है। उनका मानना है कि दुनिया भर के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति रात को सोते समय सिर्फ नोबेल कमेटी को पत्र लिखते हैं कि 'हुजूर, पुरस्कार देना तो सिर्फ ट्रंप साहब को ही देना!' हालांकि, असलियत यह है कि जिन देशों में शांति कराने का सेहरा वे अपने सिर बांध रहे हैं, वहां आज भी लोग सुबह उठकर सबसे पहले यह चेक करते हैं कि कहीं कोई नया बम तो नहीं गिर गया। लेकिन ट्रंप तो अपनी ही धुन में मगन हैं; उनका दावा है कि रूस-यूक्रेन का युद्ध तो वे अपनी 'बुलेट ट्रेन' जैसी रफ्तार से बस खत्म ही करने वाले थे कि बीच में नोबेल वालों ने सारा खेल खराब कर दिया। दूसरी तरफ, ओस्लो की कमेटी ने चुपचाप अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत करने और युद्ध अपराधों के खिलाफ जीवन भर लड़ने वाली भारतीय तमिल मूल की नवी पिल्लई के नाम पर मुहर लगा दी। पिल्लई ने सालों तक अदालतों में नरसंहार के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी, लेकिन शायद वे यह भूल गईं कि असली शांति तो रैलियों के मंच पर खड़े होकर बड़े-बड़े दावे करने से आती है। ट्रंप की इस बेबसी और छटपटाहट को देखकर अब दुनिया भर के कार्टूनिस्टों और व्यंग्यकारों की चांदी हो गई है। लोग हंस रहे हैं कि जो शख्स खुद हर वक्त बातों से बारूद बरसाता रहता हो, वह शांति का मसीहा बनने के लिए इस कदर बेताब है। देखना यह है कि ट्रंप की इस उड़ चुकी नींद को वापस लाने के लिए ओस्लो की कमेटी कोई नया 'ट्रंप स्पेशल नोबेल' बनाती है या फिर ट्रंप खुद ही प्लास्टिक का चमचमाता मेडल खरीदकर छाती पर टांग लेते हैं।

सेहत मंत्र

सहजन सेहत का खजाना



हेल्दी रहने के लिए बेहतरीन डाइट का होना भी काफी जरुरी है। मोरिंग जिसे आम भाषा में सहजन कहा जाता है। असल में यह एक ऐसा वृक्ष है जिसके सभी भाग उपयोग में आते हैं। इसकी फलियां, पत्तियां, फूल, बीज, तना और जड़ सभी औषधि के रुप में कारगर है। साइंस में इसे चमत्कारी वृक्ष माना जाता है। आज ही नहीं हजारों साल पहले भी इससे प्राकृतिक चिकित्सा में प्रयोग किया जा रहा है। असल में इस वृक्ष के प्रति भाग में प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम और मैग्नेशियम जैसे मिनरल्स पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसकी आप सब्जी, सूप या पाउडर का सेवन कर सकते हैं। कुछ लोग ही सिर्फ इडली सांभर में इसका प्रयोग जानते हैं, लेकिन बंगाल, यूपी, बिहार इन राज्यों में इसकी फलियों की सब्जियां बनाई जाती है। आप चाहें तो इस सब्जी के साथ चावल या फिर रोटी कुछ भी खा सकते हैं। यदि आप इसे घर पर बनाना चाहते हैं, तो पहले इसके रेशों को अच्छी तरह से निकाल लें, वरना खाते समय यह गले में फंस जाने से परेशानी होती है। इसलिए इसमें हल्का मसाला और पानी डालकर इसे पका लें। इस बात का ध्यान रखें कि सहजन को ज्यादा उबालने से इसके पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। सहजन की सब्जी ही नहीं इसका सूप और इसके फूल के पकौड़े भी काफी टेस्टी होती है और पौष्टिक से भरपूर होते हैं। यही नहीं, सहजन की छाल, जड़ और पत्तों से बना पाउडर या चूर्ण रोग प्रकिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। इस पाउडर में इतनी शक्ति होती है कि आपको किसी सप्लीमेंट्स की जरुरत नहीं पड़ती है। आप चाहें तो इसे किसी भी तरह के पेय पदार्थ में मिलाकर पी सकते हैं, दूध, चाय, दाल या फिर गुनगुना पानी। वहीं, आप इसका सूप भी बना सकते हैं। रोजाना खाली पेट इसके सेवन से डायबिटीज और वजन नियंत्रण में आता है। पाचन में सुधार होता है और हड्डियां मजबूत होती हैं।

धर्म मंत्र

मां के दरबार से बुलावे के संकेत

भारत में सबसे ज्यादा पूजी जाने वाली देवियों में मां वैष्णो देवी का नाम सबसे पहले आता है। महालक्ष्मी, महाकाली और महासरस्वती की संयुक्त और तेज शक्तियों से मां वैष्णों देवी का प्राकट्य हुआ है। इस बात का प्रतीक मां वैष्णों देवी की पवित्र गुफा मंदिर के अंदर त्रिदेवी यानी की तीन पिंडियों के दर्शन से पता चलता है। अक्सर मां वैष्णो देवी के दर्शन को लेकर आपने लोगों से अक्सर यह सुना होगा कि जब तक मां के दरबार से बुलावा नहीं आता है, कोई उनके दर्शन के लिए नहीं जा सकता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर मां वैष्णो देवी का बुलावा कैसे आता है। क्या भक्तों को मां वैष्णो देवी कोई संकेत देती हैं। हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश और दुनिया से मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन मां वैष्णो देवी के दर्शन को लेकर कहा जाता है, 'मां के दरबार में वही जाता है, जिसको मां बुलाती है।' अक्सर लोग मां के बुलावे को चमत्कार से जोड़कर देखा जाता है। हालांकि इसके पीछे कई संकेत हो सकते हैं। जिसमें से अचानक से मां वैष्णो देवी के दर्शन की तीव्र इच्छा हो सकती है। या फिर कोई दोस्त या रिश्तेदार बिना किसी वजह के दर्शन यात्रा की बात करने लगे होते हैं। कई बार कभी-कभी मां वैष्णो देवी के दर्शन से जुड़े वीडियो, फोटो या रील बार-बार आपके सामने आने लगते हैं। वहीं कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है कि सालों-साल से टल रही यात्रा अचानक से बन जाती है। समय, पैसा और छुट्टी सभी काम अपने आप बनने लगते हैं। मां वैष्णो देवी के दर्शन को लेकर कई भक्तों का कहना है कि जब तक माता रानी का बुलावा नहीं आता है, तब तक मां के दर्शन की हर कोशिश नाकाम रहती है।

पर्यटन



वृंदावन के चारधाम मंदिर में एक साथ करें चार धामों के दर्शन

वृंदावन का नाम आते ही लोगों के मन में सबसे पहले राधा-कृष्ण और मंदिरों के बारे में ख्याल आता है। यहां पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु के दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन वृंदावन के छटीकरा इलाके में एक ऐसा मंदिर भी हैं, जहां पर आपको एक ही स्थान पर अलग-अलग देवी-देवताओं के दर्शन हो सकते हैं। इसको चारधाम मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर आपको राधा-कृष्ण धाम, शिव धाम, शनि धाम और वैष्णो माता धाम देखने को मिलेंगे। चार धाम मंदिर बड़ा होने के साथ-साथ काफी ज्यादा बड़ा भी है। ऐसे में अगर आप भी वृंदावन जाने का प्लान कर रही हैं, तो आप चार धाम को भी अपनी ट्रिप में शामिल कर सकती हैं। वृंदावन के छटीकरा इलाके में चार धाम मंदिर है। मथुरा और आगरा की ओर जाते समय गक्क2 से इस जगह की बड़ी मूर्तियां दूर से ही नजर आने लगती हैं। यहां पर भगवान शिव और मां वैष्णो देवी की बड़ी मूर्तियां शामिल हैं। जो इस मंदिर की खास पहचान है। यहां पर एक बड़ा धार्मिक परिसर है, जिसको अलग-अलग देवी-देवताओं के दर्शन के लिए बनाया गया है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां पर आपको चार अलग-अलग धामों के दर्शन एक साथ हो जाएंगे। इसमें राधा-कृष्ण धाम, शनि धाम, शिव धाम और वैष्णो देवी धाम शामिल हैं। चार धाम मंदिर के शनि धाम में आप शनिदेव के भी दर्शन कर सकते हैं। यहां पर शनिवार को बड़ी संख्या में भक्त आते हैं और शनिदेव पर तेल अर्पित कर पूजा करते हैं। तो वहीं कई लोग परिवार की सुख-समृद्धि और जीवन में स्थिरता की कामना लेकर मंदिर में आते हैं। यहां की खासियत है कि आपको यहां भरपूर शांति मिलेगी। राधा-कृष्ण धाम भी इस मंदिर का बेहद खूबसूरत हिस्सा है। यहां पर भगवान कृष्ण और राधारानी की सुंदर प्रतिमाएं हैं। यह तो सभी लोग जानते हैं कि वृंदावन का संबंध भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ा है। इसलिए यहां पर बने इस राधा-कृष्ण धाम को लोग देखने क लिए आते हैं।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के पूजन के बाद भक्तों के लिए खुला मां का भव्य दरबार, नवरात्र भर होंगे विविध आयोजन

आवास विकास कॉलोनी में सजे पर्वताकार दरबार में उमड़े श्रद्धालु, विधि-विधान से पूजन कर डीएम ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन शहर की आवास विकास कॉलोनी में सजे भव्य पर्वताकार दुर्गा दरबार में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। रविवार की शाम सात बजे जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने दरबार में पहुंचकर मां दुर्गा की स्थापित प्रतिमा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। जिलाधिकारी के पूजन के उपरांत मां का दरबार आम श्रद्धालुओं के दर्शन एवं पूजन के लिए खोल दिया गया। इसके साथ ही पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण छा गया और मां के जयकारों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दरबार पहुंचकर दर्शन किए तथा अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अरदास लगाई।आकर्षक ढंग से सजाए गए पर्वताकार दरबार की भव्यता श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक यहां मां के दर्शन-पूजन के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां की गई हैं, जिससे भक्त पूरे नवरात्र श्रद्धापूर्वक मां के दर्शन कर सकें और धार्मिक आयोजनों में सहभागिता कर सकें।जिलाधिकारी के आगमन से पूर्व अपर पुलिस अधीक्षक, नगर कोतवाल सहित पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आयोजन स्थल पर सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मी सतर्क दिखाई दिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी, केके दीक्षित, अशोक अग्रवाल, अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, कृपाशंकर पाण्डेय, रामकरन सिंह, केसी श्रीवास्तव सहित आयोजन की व्यवस्थाओं से जुड़े अनेक लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे।

डीएम का संदेश , आस्था और भक्ति के पर्व पर सभी को शुभकामनाएं

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के पूजन के उपरांत मां का दरबार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। हालांकि, जिलाधिकारी का कोई आधिकारिक बयान उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसलिए उनके नाम से कोई अपुष्ट बयान प्रकाशित करना उचित नहीं होगा।

कागजी विकास की पोल खोलता किन्तूर मार्ग: ब्लॉक-तहसील से चंद कदम पर ही विकास की उजड़ती तस्वीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकीः योगी सरकार भले ही गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा कर रही हो, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। तहसील और ब्लॉक मुख्यालय सिरौलीगौसपुर से महज चंद किलोमीटर दूर *बदोसराय चौराहा से किन्तूर, अलीनगर, रानीमऊ तटबंध तक जाने वाली 3 किलोमीटर सड़क ने सरकारी विकास के दावों की पोल खोल कर रख दी है।

कागजों में सब चंगा, जमीन पर सब टंगा

ये वही सड़क है जहां से रोज 20 हजार से ज्यादा लोगों का आना-जाना है, जहां कुन्तेश्वर धाम, संत बाबा शंभूदास और कबीरपंथ के आस्था केंद्र हैं। लेकिन सड़क की हालत देखिए – जगह-जगह गहरे गड्ढे, बरसात में घुटने भर कीचड़ और जलभराव।

ग्राम किन्तूर निवासी विवेकानंद यादव ने निर्माण खंड-1, पीडब्ल्यूडी बाराबंकी को भेजे पत्र में लिखा है – ''सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, पता ही नहीं चलता।'' मुन्ना सब्जी फरोस के खेत से लेकर अलीनगर तटबंध तक पूरी सड़क दलदल बनी हुई है।

सबसे शर्मनाक बात ये है कि यह बदहाली उस ब्लॉक मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर है, जहां से विकास की योजनाएं बनती हैं। यानी मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर ही विकास दम तोड़ रहा है,* तो दूर दराज के गांवों का क्या हाल होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन फाइलें ही घूमती रहीं, सड़क नहीं बनी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क को ऊंचीकृत कर पक्का नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

ये खबर सिर्फ एक सड़क की नहीं, बल्कि उस कागजी विकास के सच की है जो फाइलों में दौड़ता है, पर गांव तक पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देता है।

1192 ग्राम पंचायतों में रोजगार की मुहिम, हर गांव में 85 श्रमिकों को काम देने का लक्ष्य

वीबी-जी राम-जी योजना के तहत सोमवार को विशेष रोजगार सृजन दिवस

एक दिन में 1.01 लाख मानव दिवस रोजगार का लक्ष्य

निगरानी के लिए चार तहसीलों में तैनात किए गए नोडल अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । बारिश के कारण गांवों में प्रभावित हुए विका स कार्यों को गति देने और जरूरतमंद ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिले में सोमवार को विशेष रोजगार सृजन दिवस अभियान चलाया जाएगा।वीबी-जी राम-जी योजना के तहत जिले की सभी 1192 ग्राम पंचायतों में एक साथ रोज गार उपलब्ध कराने की तैयारी है।प्रशासन ने प्रत्ये क गांव में 85 लोगों को काम देने का लक्ष्य निर्धा रित किया है।इस अभियान के जरिए एक ही दिन में एक लाख एक हजार 320 मानव दिवस रोजगा र सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है जनप्रतिनिधि यों और अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यों का शुभारंभ कराया जाएगा।

2672 कार्य गांवों में खुलेगा रोजगार का रास्ता

अभियान के लिए जिले में कुल 2672 कार्य चिह्नि त किए गए हैं।इनमें चकमार्गों की पटाई, गो-आश्र य केंद्रों में खाईं का निर्माण,इंटरलॉकिंग और ताला बों के सुंदरीकरण समेत अन्य विकास कार्य शामि ल हैं।अधिकांश कार्य कच्चे कार्यों की श्रेणी में रखे गए हैं,जिनके माध्यम से ग्रामीण श्रमिकों को स्था नीय स्तर पर काम उपलब्ध कराने की योजना है।

बारिश के चलते गांवों में विकास कार्य प्रभावित होने के बाद प्रशासन अब अभियान के जरिए का मकाज को गति देने की तैयारी में है।इसकी सफल ता इस बात पर निर्भर करेगी कि चिह्नित कार्यों को जमीन पर कितनी तेजी से शुरू कराया जाता है और जरूरतमंद श्रमिकों को वास्तव में कितना काम मिल पाता है।

नोडल अधिकारियों के जिम्मे निगरानी

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अभियान की नि गरानी के लिए तहसीलवार चार अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है।सदर तहसील की जिम्मेदारी जिला विकास अधिकारी आदित्य तिवारी,करनैलगंज की परियोजना निदेशक सुशी ल कुमार पांडेय, तरबगंज की उपायुक्त स्वतः रोज गार जेएन राव और मनकापुर की जिम्मेदारी उपा युक्त श्रम रोजगार जनार्दन प्रसाद यादव को सौंपी गई है।नोडल अधिकारियों को अभियान के संचा लन और कार्यों की निगरानी करनी है।जनप्रतिनि धियों और अधिकारियों की भागीदारी के साथ अ भियान को गांवों तक पहुंचाने की तैयारी की गई है।

125 दिन रोजगार की गारंटी,मजदूरी तीन सौ रुपये प्रतिदिन

वीबी-जी राम-जी योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 125 दिन के रोजगार की गारंटी का प्रावधान बताया गया है।श्रमिकों को प्रति दिवस तीन सौ रु पये मजदूरी का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जाएगा। खेती से जुड़े कार्यों के लिए श्रमिकों को नवंबर में अवकाश दिए जाने की योजना है।अब अभियान के सामने सबसे बड़ी चुनौती निर्धारित लक्ष्य को वास्तविक रोजगार में बदलने की है। गांवों में काम शुरू होने, श्रमिकों की भागीदारी और मजदूरी के समयबद्ध भुगतान से ही यह स्पष्ट होगा कि विशेष रोजगार सृजन दिवस जरूरतमंद परिवारों को कितनी राहत दे पाता है।

नवरात्रि के पहले दिन धामों में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों भक्तों ने किए मां भवानी के दर्शन

सुलतानपुर। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन सिद्धपीठ लोहरामऊ धाम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मां भवानी के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों भक्तों ने मंदिर पहुंचकर मां के चरणों में शीश नवाया और सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

सैकड़ों वर्ष प्राचीन लोहरामऊ भवानी मंदिर की क्षेत्र में गहरी धार्मिक आस्था है। मान्यता है कि मां भवानी के दर्शन-पूजन से भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है और सच्चे मन से मांगी गई मनौती पूरी होती है। नवरात्रि के नौ दिनों तक सुलतानपुर सहित आसपास के कई जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी सोखा ने श्रद्धालुओं का आवाहन करते हुए मां भवानी के दर्शन-पूजन के साथ धार्मिक आस्था, सेवा और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि मां की आराधना और जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का पावन पर्व है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए युवा समाजसेवी योगेश तिवारी, पंडित सुभाष चंद्र तिवारी, शशिकांत तिवारी सहित मां के दर्जनों सेवक जुटे रहे। सेवकों ने दर्शनार्थियों की सुविधा और भीड़ को व्यवस्थित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। मंदिर के प्रधान पुजारी राजेंद्र प्रसाद ने मां लोहरामऊ भवानी की महिमा का वर्णन करते हुए नवरात्रि में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर कोतवाली देहात पुलिस सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर तैनात रही। नवरात्रि के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने के साथ ही लोहरामऊ धाम में आस्था, विश्वास और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

माता शैलपुत्री की पूजा शारदीय नवरात्रि पर भक्ति में हुआ वातावरण

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों और घरों में पूजन की तैयारियां शुरू हो गईं। देवी मंदिर शनिवार से ही सज-धजकर तैयार थे। नवरात्र का शुभारंभ होते ही पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई और विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू हुई। रामनगर, फतेहपुर, सिद्धौर, शहर और ग्रामीण अंचलों में भजन-कीर्तन तथा माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

सिद्धौर में भी नवरात्र के पहले दिन कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। पंडालों में माता रानी के विराजमान होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। कस्बे के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं। मंदिरों और पूजा स्थलों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और सजावटी सामग्री से सजाया गया है।

श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां शैलपुत्री से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन के आयोजन भी शुरू हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

नवरात्र को लेकर बाजारों में भी रौनक दिखाई दी। पूजन सामग्री, फल, फूल और प्रसाद की दुकानों पर खरीदारी होती रही। घरों में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना के साथ नौ दिनों की पूजा का संकल्प लिया। देवी आराधना के साथ शुरू हुए नवरात्र को लेकर जिलेभर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

नवागत एसपी रवीना त्यागी का इकबाल बुलंद, पुलिस ने महिला का खोया सोने का लॉकेट लौटाया

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवागत पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी के नेतृत्व में पुलिस की सक्रियता की एक तस्वीर नवरात्रि के पहले दिन सतरिख क्षेत्र के परी माता मंदिर परिसर में देखने को मिली। मेले की भीड़ में लोनीकटरा क्षेत्र की एक महिला का सोने का लॉकेट गिर गया। सूचना मिलते ही मोहद्दीपुर पुलिस चौकी की टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही समय में लॉकेट बरामद कर महिला को सौंप दिया। कीमती सामान वापस मिलने पर महिला और उसके परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

उधर, एसपी रवीना त्यागी ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बहुउद्देशीय हॉल, परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही वज्र वाहन में लगे सुरक्षा उपकरणों, संचार व्यवस्था और दंगा नियंत्रण उपकरणों की जांच कर सभी वाहनों व संसाधनों को हमेशा क्रियाशील रखने के निर्देश दिए।

नेत्र शिविर में 95 ग्रामीणों की जांच, ऑपरेशन के लिए 12 चिह्नित

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत बड़ागांव के पंचायत भवन में शेख फाउंडेशन की ओर से आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 95 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। इनमें 12 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को 100 रुपये में चश्मे भी वितरित किए गए। शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने किया। वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक नियाज खान और उनकी टीम के लवकुश चौधरी ने मरीजों की जांच की। इस मौके पर पंचायत सहायक सैय्यदा, कृष्ण कुमार गुप्ता, मतीन अंसारी, कल्लू यादव, डॉ. मायाराम यादव, शाहिद अली, पप्पू गौतम, राजेंद्र यादव, इशरत अली और अंगद गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक,दोनों बाइक चालक घायल जिला अस्पताल रेफर

पीलीभीत। घुंघचिहाई थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।जानकारी के अनुसार, घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम सिमराया निवासी अजय (16) पुत्र विजेंदर बाइक से दियोरिया से अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे दुसरे बाइक सवार राजपाल पुत्र बालकराम की मोटरसाइकिल से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और घायलों को उपचार के लिए एबुलेंस की मदद से पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पांच माह से अधूरी पुलिया, राहगीरों की बढ़ रही परेशानी, जनप्रतिनिधि अंजान

पूरनपुर-माधोटांडा मार्ग पर पुलिया का निर्माण पांच माह से अधूरा पड़ा होने के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से निर्माण कार्य पूरा न होने से आवागमन प्रभावित है। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। वहीं, रास्ते से गुजरने वाले वाहन चालकों को जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया का निर्माण अधूरा होने से रोजाना आवागमन करने वाले ग्रामीणों, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। पांच माह बीतने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा न होना जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों ने जल्द पुलिया का निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

नवागत एसपी रवीना ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण, वज्र वाहन की परखी तैयारियां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नवागत पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन बाराबंकी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान बहुउद्देशीय हॉल की व्यवस्थाएं भी देखीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों के मद्देनजर एसपी ने वज्र वाहन का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वाहन में लगे सुरक्षा उपकरणों, संचार सेट और दंगा नियंत्रण के लिए उपलब्ध सुरक्षा सामग्री की गहनता से जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस लाइन में उपलब्ध सभी वाहनों और उपकरणों को हमेशा दुरुस्त और क्रियाशील रखा जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उनका उपयोग किया जा सके। एसपी ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था की किसी भी चुनौती और आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस संसाधनों का दुरुस्त रहना जरूरी है। इसके लिए संबंधित अधिकारी नियमित रूप से वाहनों और उपकरणों की जांच सुनिश्चित करें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर पुलिस प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सके।

डबल इंजन सरकार से जनता का भरोसा उठा चुनाव में सत्ता से बेदखल करेंगे: धर्मराज सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकासखंड बंकी की ग्राम पंचायत छतेहना गढ़ी में आयोजित समाजवादी पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम में सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से जनता परेशान है। लोगों के सामने रोजी-रोजगार का संकट खड़ा है।

विधायक ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार सांप्रदायिकता, फासीवाद और भ्रष्टाचार में लिप्त है। जनता का भरोसा सरकार से उठ चुका है। आगामी विधानसभा चुनाव में किसान, नौजवान, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और महिलाएं भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि देश अघोषित आपातकाल के दौर से गुजर रहा है। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। उन्होंने दिल्ली के



जंतर-मंतर की घटनाओं को इसका उदाहरण बताया। कार्यक्रम में पीडीए और समाजवादी पार्टी से जुड़े कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष प्रवीण यादव, रामकुमार यादव, रामगोपाल रावत, सुधीर यादव, दिलीप कुमार, बंशीलाल गौतम, प्रदीप वर्मा, रामगोपाल यादव, राम कैलाश, विक्रम प्रसाद, मोहम्मद नजीर, आशीष यादव, आसाराम वर्मा, सत्येंद्र रावत, सहज राम यादव, सुरेश शर्मा, राजकुमार यादव, चंद्रिका प्रसाद गौतम, ज्ञानचंद यादव, विनोद यादव, राम मनोहर लोधी, बाबुल मिश्रा, नीरज वर्मा, अभिनंदन शर्मा, उत्तम वर्मा और सीताराम कनौजिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।



भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी टीम घोषित कर दी। फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन, रचिन रवींद्र और टिम सीफर्ट को टीम में शामिल किया गया है, जबकि मिचेल सैंटनर टीम की कप्तानी करेंगे। वनडे सीरीज की शुरुआत 4 नवंबर को ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) के ईडन पार्क में होगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 22 अक्टूबर से 1 नवंबर तक पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली जाएगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड के अनुसार टीम जनवरी में भारत के खिलाफ मिली ऐतिहासिक वनडे सीरीज जीत के प्रदर्शन को दोहराने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। न्यूजीलैंड ने जनवरी में भारत को उसकी घरेलू सरजमीं पर 2-1 से हराकर पहली बार भारतीय जमीन पर वनडे सीरीज जीतने का कारनामा किया था। न्यूजीलैंड ने इस वनडे सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए अलग और आखिरी 2 मैचों के लिए अलग टीम का ऐलान किया है। सीरीज के तीसरे वनडे के बाद न्यूजीलैंड टीम के कुछ खिलाड़ी आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए वेलिंगटन रवाना होंगे। ऐसे में चौथे और पांचवें वनडे के लिए सात अतिरिक्त



खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाएगा। फिन एलन और लॉकी फर्ग्यूसन ने आखिरी बार 2023 में वनडे मुकाबला खेला था। फर्ग्यूसन का पिछला वनडे मैच मुंबई में भारत के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का सेमीफाइनल था। वहीं, टिम सीफर्ट ने लगभग 18 महीने पहले पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की घरेलू सीरीज में आखिरी बार वनडे क्रिकेट खेला था। कंधे की चोट के कारण न्यूजीलैंड की टी20 टीम से बाहर हुए रचिन रवींद्र वनडे सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों में वापसी करेंगे।

न्यूजीलैंड की वनडे टीम

पहले तीन वनडे के लिए टीमः मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम (विकेटकीपर), डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, विल यंग और ब्लेयर टिकनर।

चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीमः मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, क्रिस्टियन क्लार्क, जैकब डफी, मैट फिशर, लॉकी फर्ग्यूसन, मिच हे (विकेटकीपर), निक केली, टिम साइफर्ट (विकेटकीपर), ब्लेयर टिकनर और विल यंग।

भारत के साथ खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने पर वनडे में विशेष जर्सी पहनेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के दौरान कमल के फूलों और मंडला कलाकृति वाली विशेष जर्सी पहनेगी, जो दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने का प्रतीक है। इस जर्सी को 'कोताहितांगा' नाम दिया गया है जो दोनों देशों के के क्रिकेट प्रेम और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका डिज़ाइन न्यूजीलैंड और भारत के साझा इतिहास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि इस जर्सी को तैयार करने में कलाकार बेन थॉमसन, शिव नारंदास और जय पंचा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नारंदास और पंचा ने तीन भारतीय प्रतीकों का एकीकृत तत्वों के रूप में इस्तेमाल किया है। इनमें भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल, भारतीय वास्तुकला से जुड़ा ओगी पैटर्न और मंडला कलाकृति शामिल है। मंडला कलाकृति माओरी डिजाइन प्रणालियों से



मेल खाती है। थॉमसन ने पारंपरिक माओरी अमूर्त चित्रित स्क्रॉल डिज़ाइन और प्रतीकों (कोवाईवाई) को हेहे रेखाओं की पृष्ठभूमि पर बुना है, ताकि जीवित लोगों को दिवंगत लोगों से जोड़ा जा सके, राष्ट्रों के बीच संबंध बनाने वाले लोगों को सम्मान दिया जा सके तथा खिलाड़ियों, प्रशंसकों और पृष्ठभूमि में काम करने वाले लोगों के महत्व को दिखाया जा सके। भारत का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर को पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ शुरू होगा, जिसके बाद चार नवंबर से पांच वनडे मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे श्रृंखला के बाद दो टेस्ट मैच की श्रृंखला होगी।

सूर्यवंशी असाधारण प्रतिभा है, उनका भारतीय टीम में चयन से हैरानी नहीं: फर्ग्यूसन

एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भारत के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को गेंदबाजी करने के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने कहा कि इस किशोर खिलाड़ी को भारतीय टीम में शामिल किए जाने पर उन्हें किसी तरह की हैरानी नहीं हुई। सूर्यवंशी को न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 अक्टूबर से शुरू होने वाली पांच टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। फर्ग्यूसन ने रविवार को पत्रकारों से कहा, ''मैं आईपीएल में उनके खिलाफ खेला था। वह वाकई प्रतिभाशाली हैं। उनकी प्रतिभा बेमिसाल है। उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया जाना कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने आईपीएल के अब तक जो दो सत्र खेले हैं उनमें उनका प्रदर्शन असाधारण रहा है। उन्होंने कहा, ''मैं न्यूजीलैंड में उनकी चुनौती का सामना करने के लिए उत्सुक हूं। उनका न्यूजीलैंड में यह पहला अनुभव होगा। मुझे नहीं पता कि उन्होंने पहले यहां क्रिकेट खेली है या नहीं। यह एक शानदार सीरीज होगी। न्यूजीलैंड और भारत के बीच पांच टी20, इतने ही वनडे और दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। फर्ग्यूसन ने कहा, ''हम इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत की टीम बेहद मजबूत है। लेकिन न्यूजीलैंड में उनकी मेजबानी करना वाकई शानदार होगा। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी लगभग एक दशक से आईपीएल का हिस्सा रहा है। वह पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटन्स सहित पांच टीमों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। फर्ग्यूसन ने कहा, ''आईपीएल में उनके (भारतीय खिलाड़ियों के) खिलाफ और उनके साथ खेलना शानदार रहा है। इसलिए हम जानते हैं कि वह मैच की तैयारी कैसे करते हैं। भारतीय टीम में मेरे कई अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह न्यूजीलैंड की अनुकूल परिस्थितियों में गेंदबाजी करने के लिए उत्सुक होंगे। फर्ग्यूसन ने कहा, ''मुझे पता है कि अर्शदीप न्यूजीलैंड में गेंदबाजी करने के लिए उत्सुक हैं, जहां गेंद थोड़ी ज्यादा स्विंग और उछाल लेती है। फर्ग्यूसन को भारत के खिलाफ चौथे और पांचवें वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया है। वह तीन साल बाद न्यूजीलैंड की वनडे टीम में वापसी करेंगे। इस प्रारूप में उन्होंने अपना आखिरी मैच विश्व कप 2023 में भारत के खिलाफ मुंबई में सेमीफाइनल के रूप में खेला था। उन्होंने कहा, ''विश्व कप नजदीक होने के कारण हम वनडे क्रिकेट ज्यादा खेल रहे हैं।

रेनशॉ के 190 रन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने बनाये 390 रन

एजेंसी

डरबन। मैट रेनशॉ ने (190) रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 390 रनों का मजबूत स्कोर बनाने के बाद दूसरे दिन के आखिर में जॉश हेजलवुड ने दक्षिण अफ्रीका के ओपनर रयान रिकेलटन को बिना खाता खोले आउट कर पवेलियन भेज दिया। स्टंप्स के समय दक्षिण अफ्रीका ने एक विकेट पर 27 रन बना लिये है। वह अभी ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 359 रन पीछे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 124 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल स्थिति में फँस गया था, लेकिन रेनशॉ ने 397 गेंदों में 21 चौकें और एक छक्के की मदद से 190 रनों की लंबी पारी खेलकर टीम को मुश्किल से उबारा। हालांकि रेनशॉ अपने पहले दोहरे शतक से चूक गए। आखिरी सेशन की दूसरी ही गेंद पर ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर स्लिप में कैच आउट हो गए। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2017 में एससीजी में पाकिस्तान के खिलाफ



टेस्ट शतक लगाया था, जिसमें उन्होंने 184 रन बनाए थे। मैदान पर 137.2 ओवर बिताने के बाद, दक्षिण अफ्रीका के ओपनर रिकेलटन और एडेन मार्करम को घने होते बादलों के बीच एक मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। दूसरे ओवर में हेजलवुड की गेंद पर एक शानदार ड्राइव लगाने की कोशिश में रिकेलटन ने गेंद को थर्ड स्लिप की तरफ एज कर दिया और वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। लेकिन मारक्रम और तीसरे नंबर पर आए नए बल्लेबाज डेविड बेडिंगहम बिना किसी घबराहट के खेले और कई शानदार बाउंड्री लगाईं। खराब रोशनी के कारण दक्षिण अफ्रीका की पारी के मात्र 8.4 ओवर के बाद ही दिन का खेल खत्म करना पड़ा। पहले दिन ज़्यादातर समय बैक फुट पर रहने के बाद, दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया मज़बूत स्थिति में आ गया क्योंकि रेनशॉ ने दक्षिण अफ्रीका में किसी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी का चौथा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। खास बात यह है कि उन्होंने अपने 174 रन आखिरी चार बल्लेबाज़ों के साथ मिलकर बनाए। 2002 के बाद से टेस्ट पारी में 'टेल-एंडर्स' (निचले क्रम के बल्लेबाज़ों) के साथ बल्लेबाज़ी करते हुए किसी भी खिलाड़ी द्वारा बनाया गया यह सबसे ज़्यादा स्कोर है। रेनशॉ को निचले क्रम के बल्लेबाज़ों से ज़बरदस्त साथ मिला। उन्होंने पैट कमिंस के साथ सातवें विकेट के लिए 86 रन और नाथन लियोन के साथ 134 रन की साझेदारी की। लियोन के साथ हुई यह साझेदारी ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट इतिहास में नौवें विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी थी। कमिंस और लियोन ने मिलकर कुल 190 गेंदों का सामना किया ऽ जो ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष चार बल्लेबाज़ों द्वारा खेली गई गेंदों से 27 ज़्यादा थीं ऽ हालाँकि पिच पर बल्लेबाज़ी आसान हो गई थी, जबकि पहले दिन इसी पिच पर गेंद तेज़ी से उछल रही थी और सीम मूवमेंट भी हो रहा था। रेनशॉ के लिए यह सफ़र मुश्किल रहा है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के बदले हुए बैटिंग ऑर्डर को मज़बूती देकर उन्होंने शायद अपने टेस्ट करियर को फिर से पटरी पर ला दिया है।

लागत के बढ़ते बोझ से सितंबर तिमाही में प्रभावित हो सकता है एफएमसीजी कंपनियों का परिचालन मुनाफा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कच्चे माल और अन्य प्रमुख जिंस कीमतों में बढ़ोतरी से देश की रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के परिचालन मार्जिन पर सितंबर तिमाही में दबाव पड़ने की आशंका है। हालांकि, मांग में स्थिरता और प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में वृद्धि के चलते कई कंपनियों का राजस्व दो अंक यानी 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ने की उम्मीद है। पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे तेल और उससे बने उत्पादों की कीमतों में तेज उछाल के साथ अन्य जिंस की महंगाई ने कंपनियों के लिए लागत बढ़ा दी है। इसके अलावा, कई क्षेत्रों में कम बारिश से कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग प्रभावित होने की आशंका है। इसका असर कंपनियों के कारोबार और मुनाफ़े पर पड़ सकता है। ब्रोकरेज कंपनी आईसीआईसीआई डायरेक्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कच्चे तेल और उससे जुड़े उत्पादों के साथ अन्य प्रमुख कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि से घरेलू उपयोग और व्यक्तिगत देखभाल उत्पाद बनाने वाली अधिकांश कंपनियों के ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले के मुनाफ़े (ईबीआईटीडीए) का मार्जिन प्रभावित हो सकता है। रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में अधिकांश एफएमसीजी कंपनियों का प्रदर्शन मिला-जुला रहने की संभावना है। कई कंपनियों की बिक्री में दोहरे अंक की वृद्धि हो सकती है, लेकिन जिंस की बढ़ती कीमतों के कारण परिचालन मुनाफ़े की वृद्धि राजस्व वृद्धि से कम रह सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, देश के अधिकांश हिस्सों में कम बारिश कृषि उत्पादन को प्रभावित कर सकती है, जिससे ग्रामीण मांग में नरमी आने की आशंका है। वहीं, खाद्य महंगाई में आगे और वृद्धि होने पर शहरी मांग भी प्रभावित हो सकती है।

एक सप्ताह में 2,240 रुपये तक महंगा हुआ सोना, चांदी में 5,100 रुपये की तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट में सोने की कीमत में आई तेजी का असर आज लगातार दूसरे दिन घरेलू सर्राफा बाजार में भी नजर आ रहा है। भारतीय सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इसी तरह चार दिन की स्थिरता के बाद आज चांदी के भाव में 5,100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है। कीमत में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना 640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। भाव में हुए इस बदलाव के बाद ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,420 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,51,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,38,800 रुपये प्रति



10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी का रुख बनने के कारण सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में मजबूती दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 2,240 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 2,050 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। चांदी भी फ्लैट ग्लोबल संकेतों की वजह से पिछले सप्ताह के कारोबार में लगातार सपाट स्तर पर कारोबार करता रहा। हालांकि, आज की तेजी की वजह से चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर 5,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक चढ़ गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,51,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,51,420 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,38,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

सीतारमण ने सिंगापुर में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के समूह चीफ एग्जीक्यूटिव बिल विंटर्स से मुलाकात की

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सिंगापुर में स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के समूह चीफ एग्जीक्यूटिव बिल विंटर्स और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा। वित्त मंत्रालय ने रविवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में बताया कि सिंगापुर में अपनी बैठक के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक समूह के मुख्य कार्यकारी बिल विंटर्स ने भारत की ग्लोबल मार्केट में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए ट्रेड फाइनेंस, क्रॉस-बॉर्डर बैंकिंग और फाइनेंशियल फ्लो को मजबूत करने की अहम रणनीतियों पर चर्चा की। इस दौरान वैश्विक बाजारों के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव को समर्थन देने के लिए उचित टैक्स और रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के जरिए एआई को बड़े पैमाने पर अपनाने और गिफ्ट आईएफएससी में ट्रेजरी सेंटर



स्थापित करने व उनका विस्तार करने के अवसरों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। वित्त मंत्री के साथ इस बैठक में उनके साथ समूह चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुश्री तनुज कपिलाश्रमी, सिंगापुर, आसियान और दक्षिण एशिया के सीईओ पैट्रिक ली और ग्रुप पब्लिक एंड रेगुलेटरी अफ़ेयर्स में सरकारी मामलों के निदेशक कॉलिन तुंग भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 9 से 11 अक्टूबर तक सिंगापुर की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना और भारत में वैश्विक संस्थागत निवेश को आकर्षित करना है।

कंपनियों के तिमाही परिणामों, महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

शेयर समीक्षा

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर कंपनियों के तिमाही परिणामों और महंगाई के आंकड़ों पर रहेगी। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, विप्रो, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों के दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम इसी सप्ताह जारी होने हैं। इसके अलावा खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़े भी इस सप्ताह आएंगे। इनके साथ-साथ वैश्विक कारक, विशेषकर पश्चिम एशिया की स्थिति और कच्चे तेल की कीमत, मिलकर बाजार की निवेश धारणा तय करेंगे। गत सप्ताह सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार को बाजार में तेजी रही जबकि बुधवार और गुरुवार को गिरावट देखी गई। सप्ताह के दौरान बीएसई



का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 562.63 अंक (0.78 प्रतिशत) चढ़कर शुक्रवार को 72,472.33 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 98.50 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में 22,520.45 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.32 प्रतिशत की गिरावट रही। छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.5 प्रतिशत मजबूत हुआ। आलोच्य सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 15 कंपनियों में तेजी और अन्य 15 में गिरावट रही। अच्छे तिमाही आंकड़ों से टाटा समूह की फैशन एवं लाइफस्टाइल क्षेत्र की खुदरा कंपनी ट्रेंट का शेयर 12.42 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 4.84 प्रतिशत, टीसीएस का 4.03, भारती एयरटेल का 3.77, आईसीआईसीआई बैंक का 3.72, एक्सिस बैंक का 3.71, आईटीसी का 3.58 और इटरनल का 3.14 प्रतिशत मजबूत हुआ। अडानी पोर्ट्स में 1.27 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.09 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस में 0.93 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फिनसर्व दोनों के शेयर 0.43 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 0.41 फीसदी और एलएंडटी का 0.37 फीसदी ऊपर रहा। बीईएल में सबसे अधिक 3.91 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट देखी गई। टाटा स्टील का शेयर 3.07 प्रतिशत, सन फार्मा का 2.93, टाइटन का 2.84, एशियन पेंट्स का 2.55, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.34, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.07 और पावरग्रिड का 2.02 प्रतिशत टूट गया। सप्ताह के दौरान एनटीपीसी का शेयर 1.77 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.70, इंडिगो का 1.45, टेक महिंद्रा का 1.43, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.10, इंफोसिस का 1.06 और मारुति सुजुकी का 0.04 प्रतिशत नीचे बंद हुआ।

एफपीआई की 2026 में भारतीय शेयर बाजार से बिकवाली का आंकड़ा तीन लाख करोड़ रुपये के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला लगातार जारी है। अक्टूबर में अबतक विदेशी निवेशकों ने ?44,166 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। इसके साथ ही वर्ष 2026 में अबतक उनकी कुल निकासी ?3.04 लाख करोड़ के पार पहुंच गई है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत डॉलर और अमेरिकी बॉण्ड पर बढ़ते प्रतिफल के कारण विदेशी निवेशकों का रुझान भारतीय बाजार से कमजोर हुआ है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में भी भारतीय शेयर बाजार से ?35,861 करोड़ निकाले थे। हालांकि, जुलाई में उन्होंने ?20,200 करोड़ और अगस्त में ?29,631 करोड़ का निवेश किया था। इस साल अबतक हुई निकासी



पिछले पूरे वर्ष के मुकाबले काफी अधिक है। वर्ष 2025 के दौरान विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से कुल ?1.66 लाख करोड़ निकाले थे, जबकि चालू वर्ष में यह आंकड़ा बढ़कर ?3.04 लाख करोड़ हो गया है। निवेश मंच 'ट्रैक' के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वेदांत गुप्ते के अनुसार, विदेशी निवेशकों की इस बिकवाली को भारत की निवेश संभावनाओं पर अविश्वास के रूप में देखने के बजाय वैश्विक स्तर पर पूंजी के पुनर्वितरण के तौर पर समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में आपूर्ति संबंधी जोखिमों के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। इसके अलावा, मजबूत अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी बॉण्ड पर अधिक प्रतिफल निवेशकों को सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर आकर्षित कर रहा हैं। वहीं, उत्तर एशियाई बाजारों में कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी तेजी भी विदेशी पूंजी को अपनी ओर खींच रही है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि इस वर्ष भारतीय बाजार के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन की प्रमुख वजह विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली रही है। वर्ष 2026 में अबतक निफ्टी में 13.87 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। उनके अनुसार, विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय बाजार से पूंजी निकालना मौजूदा परिस्थितियों में तर्कसंगत है, क्योंकि 10-वर्षीय अमेरिकी सरकारी बॉण्ड पर प्रतिफल 5.2 प्रतिशत से ऊपर बताया गया है। ऐसे में निवेशकों को अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्पों में आकर्षक रिटर्न मिल रहा है।

देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही कांग्रेस : प्रह्लाद जोशी

एजेंसी

हुब्बली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बहाने कांग्रेस देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही है।

कर्नाटक के हुब्बली में रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में शनिवार को किया गया प्रदर्शन कोई न्यायसंगत आंदोलन नहीं था बल्कि देश में अराजकता पैदा करने का प्रयास था। जोशी ने कहा कि देश के संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के अनुरूप मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस और सीजेपी इस प्रक्रिया के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके पीछे देश में अराजकता फैलाने का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में अराजकता फैलाने के प्रयासों को देखकर चुप नहीं बैठ सकती। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने पड़ते हैं। इसी के तहत शनिवार को अराजकता रोकने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने न्यूनतम आवश्यक कदम उठाए।

प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान लगभग तीन करोड़ मृत व्यक्तियों के नाम और तीन करोड़ दोहरी प्रविष्टियों तथा फर्जी मतदाताओं के नाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि मतदाता सूची में नहीं मिल रहे लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम दोबारा शामिल किए जाएं। लेकिन इन नामों में मृत व्यक्तियों, दूसरे स्थानों पर जा चुके लोगों, फर्जी मतदाताओं और अवैध प्रवासियों के नाम भी शामिल हैं। उन्होंने सवाल किया कि ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची में बनाए रखे जाने चाहिए क्या? जोशी ने कहा कि यदि कोई पात्र मतदाता है, तो उसे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपने नाम में सुधार कराने का अवसर निर्वाचन आयोग ने दिया है। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर अपने नेता राहुल गांधी को खुश करने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डी.के. शिवकुमार आरोप लगा रहे हैं कि राज्य में 50 लाख मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश रची जा रही है।

लेकिन राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि केवल 90 हजार मतदाताओं के नाम ही अपात्रों की सूची में हैं। उन्होंने सवाल किया कि यदि ऐसा है तो साजिश कौन कर रहा है? प्रह्लाद जोशी ने सवाल उठाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित नीतियां और नियम भले केंद्र सरकार ने बनाए हों लेकिन राज्य में इस प्रक्रिया को लागू कौन कर रहा है? तहसीलदार, उपखंड अधिकारी और जिलाधिकारी क्या राज्य सरकार के अधीन काम नहीं करते हैं? ऐसे में इसमें केंद्र की साजिश कहां से आ गई?

'भाजपा सरकार में तमिल का गौरव बढ़ा'

राहुल गांधी देश में विभाजन पैदा करना चाहते हैं: सुधांशु त्रिवेदी

एजेंसी

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के चेन्नई में दिए गए बयान पर पलटवार किया है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मोगेम्बो बताते हुए आरोप लगाया था कि वह लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। इस पर सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश में विभाजन पैदा करना है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि हमारी सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अनर्गल और आधारहीन आरोप लगाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि वास्तविकता में सत्य क्या है, इसे स्पष्ट करने के लिए वह एक मिनट का पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन दिखाएंगे। इससे तथ्यों और आंकड़ों की तस्वीर बिल्कुल स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में अराजकता फैलाने का अभियान चलाया जा रहा है। दुनिया की कई ताकतें नहीं चाहतीं कि भारत तरक्की करे। उन्होंने सवाल उठाया कि राहुल गांधी इमरजेंसी की बात करते हैं, लेकिन क्या एक किलोमीटर की बैरिकेडिंग इमरजेंसी है?



सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी का लक्ष्य है कि देश में विभाजन कैसे पैदा किया जाए, जबकि भाजपा का लक्ष्य एकता है। उन्होंने राहुल गांधी के उस आरोप को भी गलत बताया, जिसमें कहा गया था कि नीट परीक्षा लागू होने से तमिल भाषा पर हमला हो रहा है। त्रिवेदी ने कहा कि तमिल भाषा का पूरा सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुआ है। इसके अलग-अलग आयामों को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का प्रयास किया गया है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग-अलग अवसरों पर तमिल भाषा, तमिल संस्कृति और तमिल प्रतीकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उन्होंने तमिलनाडु में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि चेन्नई में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम किया गया है। उन्होंने बताया कि चेन्नई मेट्रो के लिए 4,900 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 3,700 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा कराईकल-पेरलम रेल लाइन के लिए 750 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि चेन्नई, वीओसी और कामराजनगर में कार्गो क्रूज सुविधाओं को उन्नत करने के लिए तीन बंदरगाहों के विकास का काम किया गया है। इसके अलावा तमिलनाडु में रेल बजट के लिए 7,611 करोड़ रुपये दिए गए हैं। राज्य के 77 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नए सिरे से विकसित किया जाएगा।

इससे एक दिन पहले राहुल गांधी ने चेन्नई में छात्रों के गूंज कार्यक्रम के दौरान कहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तमिल संस्कृति, भाषा और इतिहास पर हमला नहीं करने देंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को हिंदी फिल्म 'मिस्टर इंडिया' के खलनायक मोगेम्बो के रूप में पेश करते हुए कहा था कि मोगेम्बो मोदी लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तमिलनाडु की संस्कृति, भाषा और इतिहास पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि परिसीमन के जरिए तमिलनाडु को निशाना बनाया जा रहा है।

कांग्रेस ने शिक्षा संबंधी स्थायी समिति की रिपोर्ट पर सरकार को घेरा

एजेंसी

रिपोर्ट में एनटीए और शिक्षा मंत्रालय की घोर अक्षमता पर सवाल

पेपर लीक और एनटीए की जवाबदेही पर सवाल

नई दिल्ली। कांग्रेस ने संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट को लेकर सरकार को घेरा है। पार्टी का कहना है कि स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और शिक्षा मंत्रालय की घोर अक्षमता और अनियमितताओं का विस्तृत ब्योरा दिया है। ऐसे में उम्मीद है कि केंद्र सरकार इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेगी। कांग्रेस ने सरकार के इस दावे पर सवाल उठाए हैं, जिसमें उसने कहा है कि वर्ष 2017 से 2025 तक एनटीए की तरफ से आयोजित किसी भी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राज्यसभा सदस्य मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट एनटीए और शिक्षा मंत्रालय की घोर अक्षमता और अनियमितताओं का विस्तृत ब्योरा देती है। उन्होंने कहा कि इस वक्त मीडिया में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार छाए हुए हैं, पर पेपर लीक का मुद्दा अभी खत्म नहीं हुआ है।

जयराम रमेश ने कहा कि पूरे देश की जानकारी में है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की तरफ से आयोजित परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अनियमितताओं के नौ मामले सामने आ चुके हैं। जब शिक्षा मंत्रालय गड़बड़ियों को स्वीकार करने तक से इनकार कर रहा है, तो निष्पक्ष जांच या जवाबदेही की उम्मीद आखिर कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि एनटीए सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसाइटी के रूप में पंजीकृत है। यह संसद द्वारा पारित किसी कानून के तहत गठित वैधानिक संस्था नहीं है। इस वजह से एनटीए के कामकाज पर संसद की निगरानी सीमित रहती है और अपने कामकाज के लिए एनटीए की जवाबदेही भी कम होती है।

पार्टी ने कहा कि समिति की रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि एनटीए को एक खोखली संस्था के रूप में तैयार किया गया है, जो अपनी सभी प्रमुख जिम्मेदारियां निजी ठेकेदारों को सौंप देती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एनटीए में केवल 39 स्वीकृत पद हैं, जिसका अर्थ है कि उसे परीक्षाएं आयोजित करने के लिए निजी ठेकेदारों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। स्थायी समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए जयराम रमेश ने कहा कि 39 स्वीकृत पदों में से फिलहाल केवल 23 पदों पर अधिकारी कार्यरत हैं। मतलब यह है कि 41 फीसदी पद खाली हैं। यह स्थिति तब है, जब के राधाकृष्णन समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया था। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि एनटीए का ढांचा और उसकी कार्यप्रणाली पारदर्शी नहीं है और इससे प्रश्नपत्र लीक माफिया को बढ़ावा मिलता है। शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बार बार की गई सिफारिशों के बावजूद देशभर में ऐसी कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिनका पेपर तैयार करने, लॉजिस्टिक्स, प्रिंटिंग, परीक्षा संचालन जैसी सेवाओं में खराब प्रदर्शन का रिकॉर्ड रहा है। एनटीए को मुनाफा कमाने वाला एक व्यवसाय करार देते हुए पार्टी ने कहा कि एनटीए ने कुल 590 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। इसे छात्रों की मदद करने या परीक्षा से जुड़े ढांचे और क्षमताओं को मजबूत करने के बजाय ब्याज कमाने के लिए सावधि जमा में निवेश कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे में उम्मीद है कि सरकार स्थायी समिति की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए उचित कदम उठाएगी।

सीजेपी ने युवाओं से शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जारी रखने की अपील की

एजेंसी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरभ दास ने रविवार को छात्र संगठनों और देश के युवाओं से संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण तरीके से सड़कों पर उतरने और विरोध दर्ज कराने की अपील की।

सीजेपी प्रवक्ताओं ने दिल्ली स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर लोकतंत्र को दबाने तथा शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शनों को कुचलने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली को सैन्य छावनी में तब्दील कर दिया गया था और देश में 1975 जैसी अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति निर्मित कर दी गई है। सौरभ दास ने आरोप लगाया और कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरते ही दिल्ली पुलिस ने उन्हें, आशुतोष रांका और अभिजीत दीपके को बिना किसी वैध दस्तावेज या गिरफ्तारी वारंट के जबरन विमान से हिरासत में ले लिया। उनके फोन जब्त कर लिए गए और कानूनी प्रक्रिया के तहत जरूरी जब्ती सूची भी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने आशंका जताई कि हिरासत के दौरान उनके डिजिटल उपकरणों के साथ छेड़छाड़ या डेटा प्लांटिंग की जा सकती है। इसके अलावा, हिरासत के दौरान वकीलों से संपर्क करने के मौलिक अधिकार से भी वंचित रखने का आरोप लगाया गया। दास ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और न्यायपालिका की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए अदालतों से इस पूरे मामले में स्वतः संज्ञान (सुओ मोटो) लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह पूरी कार्रवाई मुख्य चुनाव आयुक्त को बचाने और व्यवस्थागत खामियों को छिपाने के लिए की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि देश में बड़े पैमाने पर मतदाताओं, विशेषकर युवा और जेन-जी वोटरों के अधिकारों की अनदेखी की गई है। वहीं, आशुतोष रांका ने कहा कि शनिवार को सीमावर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से बीएसएफ तथा अन्य केंद्रीय बलों की टुकड़ियों को बुलाकर 40 हजार से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। 57 मेट्रो स्टेशनों, अंतरराज्यीय रेल सेवाओं और प्रमुख राजधानी ट्रेनों के परिचालन को बाधित किया गया। आम नागरिकों की आवाजाही और व्यापारिक गतिविधियों पर अघोषित रोक लगाकर आंदोलन के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि गुरुद्वारा बंगला साहिब में शरण लेने वाले प्रदर्शनकारियों को निकालने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने धार्मिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया।

कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को दिल्ली में रहने के दिए निर्देश

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सीईसी के खिलाफ सोमवार को प्रस्तावित मार्च में अपने सभी सांसदों को शामिल होने के निर्देश दिए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन 12 अक्तूबर को फिर से सड़कों पर उतरेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ़े की मांग को लेकर शनिवार को हुए विरोध-प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं ने छात्रों और महिलाओं के खिलाफ हिंसा की। उन्होंने कहा कि युवाओं को दबाने की सरकार की कोशिशों से उनका गुस्सा और बढ़ेगा।

उत्तर रेलवे ने कई ट्रेनों का संचालन बहाल किया, कुछ रद्द और आंशिक रूप से निरस्त

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने रविवार को कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव की सूचना जारी की है। इसके तहत कुछ ट्रेनों को बहाल किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों को रद्द और कुछ को आंशिक रूप से निरस्त करते हुए उनका प्रारंभिक स्टेशन बदला गया है। उत्तर रेलवे के अनुसार, 11 अक्टूबर को चलने वाली ट्रेन संख्या 15308 सिरसा-तिलक ब्रिज को सिरसा से रेवाड़ी जंक्शन के बीच आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। अब यह ट्रेन रेवाड़ी जंक्शन से चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 54310 हिसार-दिल्ली जंक्शन को हिसार से रेवाड़ी जंक्शन के बीच आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। यह ट्रेन भी अब रेवाड़ी जंक्शन से चलेगी। इन दोनों ट्रेनों को पहले पूरी तरह रद्द किए जाने के बजाय आंशिक रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। रेलवे ने ट्रेन संख्या 01941/01942 आगरा कैंट-पलवल-आगरा कैंट और ट्रेन संख्या 74004 रेवाड़ी जंक्शन-दिल्ली जंक्शन को 11 अक्टूबर के लिए रद्द कर दिया है। इसके अलावा ट्रेन संख्या 54085 दिल्ली जंक्शन-सातरोद का संचालन भी रविवार को रद्द रहेगा। वहीं, यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 64105 अलीगढ़ जंक्शन-नई दिल्ली और ट्रेन संख्या 64426 नई दिल्ली-गाजियाबाद का संचालन बहाल कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 54076 दिल्ली जंक्शन-बरेली को भी बहाल कर दिया गया है। उत्तर रेलवे ने यात्रियों से यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की है। यात्री रेलवे की वेबसाइट या एनटीईएस के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

सेंट्रल सेक्रेटेरिएट क्लब से सामान ले जाने की अनुमति

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने राष्ट्रपति भवन परिसर स्थित सेंट्रल सेक्रेटेरिएट क्लब के दो पदाधिकारियों को क्लब से अपना सामान और अन्य जरूरी दस्तावेज ले जाने की अनुमति दे दी है। अदालत ने केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों को इस प्रक्रिया में सहयोग करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने कहा कि क्लब के दो पदाधिकारी दो सप्ताह के भीतर परिसर में जाकर अपना सामान एकत्र कर सकेंगे। क्लब की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया गया। क्लब को पहले तालकटोरा क्लब के नाम से जाना जाता था। क्लब ने अपनी मान्यता रद्द करने और इसके बाद संपत्ति अधिकारी की ओर से जारी बेदखली के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस बीच संबंधित अधिकारियों ने परिसर का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। सुनवाई के दौरान क्लब के वकील ने अदालत से परिसर में प्रवेश की अनुमति मांगी थी, ताकि वहां रखा सामान और जरूरी दस्तावेज निकाले जा सकें। इस पर अदालत ने निर्देश दिया कि क्लब के दो पदाधिकारियों को परिसर में जाने और अपना सामान देखने की अनुमति दी जाए।

पेज एक का शेष

पुतिन शांति चाहते...

ने भी ट्रम्प के बयान का विरोध किया। उन्होंने शनिवार देर रात एक्स पर लिखा कि जेलेंस्की को यूक्रेन के लोगों का समर्थन हासिल है और अपने नेता को चुनने का अधिकार भी उन्हीं के पास है।

खैबर पख्तूनख्वा...

को राजधानी में प्रवेश नहीं करने देगी। इससे पहले रविवार को ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक के बाद संघीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बैठक में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई।

युवाओं के पास दुनिया...

है। वहीं, कुछ नई परियोजनाओं की नींव रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं से लोगों का रोजाना सफर आसान होगा। साथ ही, उद्योग और व्यापार को भी मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन सभी परियोजनाओं से मिलकर तमिलनाडु के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने विकास परियोजनाओं को राज्य में आवागमन, उद्योग, व्यापार और रोजगार से जोड़कर बताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है। 2014 के बाद से देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 11 गुना बढ़ा है, जबकि रक्षा निर्यात में 50 गुना वृद्धि हुई है। इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात ने भी नया रिकॉर्ड बनाया है। विनिर्माण क्षेत्र में इस वृद्धि से देश के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। आज देश में बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को भी मजबूत किया जा रहा है, जिससे जहाजरानी क्षेत्र नई ऊंचाइयों तक पहुंच सके। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी विकास हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि शहरीकरण कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक अवसर है। इस अवसर को साकार करने में सार्वजनिक परिवहन की अहम भूमिका है। बेहतर सार्वजनिक परिवहन से लोगों का जीवन आसान होता है। उन्होंने कहा कि परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केवल सड़कों को चौड़ा करना काफी नहीं है। आधुनिक शहरों के लिए हर तरह के बुनियादी ढांचे का विकास जरूरी है। इसी सोच के साथ हमने पिछले एक दशक में देशभर में मेट्रो कनेक्टिविटी का विस्तार करने पर ध्यान दिया है। 2014 में देश के केवल पांच शहरों में मेट्रो सेवाएं उपलब्ध थीं। आज देश के 25 शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में मैंने राज्यों की एक्सपेक्टेशन को समझा, इसलिए प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने न सिर्फ उस एस्पिरेशन को पूरा करने का प्रयास किया, बल्कि कोशिश भी की कि हर राज्य अपने एस्पिरेशन्स गोल को पूरा कर सके।

यूपी चुनाव में तीसरे ...

गैर एनडीए, इंडिया गठबंधन से इतर भी तो भी दल है। क्षेत्रीय दलों को साथ लेकर तीसरा मोर्चा भी तो है। हम विकल्प तलाश कर रहे हैं। क्षेत्रीय आधार पर सक्रिय सामाजिक समूहों को भी एकजुट किया जा रहा है। शौकत का कहना है कि हम मुद्दों की राजनीति करते हैं। समाज के गरीब, कमजोर तबके को जोड़ा जा रहा है। उनके हक की आवाज उठाते हैं। पार्टी आसन्न विधानसभा चुनाव में सक्रिय रूप से भागीदारी करेगी, चाहे किसी दल से गठबंधन हो या न हो। शौकत के मुताबिक बड़े दलों के बजाय छोटे-छोटे दलों, सामाजिक संगठनों को जोड़कर तीसरा मोर्चा भी बनेगा। यह चुनाव प्रभावित करने की स्थिति में होगा।

अमेरिका से ऑनलाइन...

में हैं। अभियोजन पक्ष इन अधिकारियों के बयान हलफनामे के माध्यम से दर्ज कराना चाहता है। अदालत ने निर्देश दिया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये गवाही दर्ज करने के लिए साकेत कोर्ट परिसर के दक्षिण जिला स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष को मुख्य केंद्र बनाया जाएगा। अदालत ने मुख्य केंद्र के समन्वयक को विशेष लोक अभियोजक मधुकर पांडेय और बचाव पक्ष के वकीलों के साथ समन्वय कर गवाही की तारीखें तय करने का निर्देश दिया है।

शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों ...

जनरल ने अदालत को बताया कि इंटरनेट सेवाएं पिछली रात से ही बहाल हैं। अदालत ने इस बयान को रिकॉर्ड पर लेने की बात कही। यह मुद्दा इसलिए महत्वपूर्ण रहा क्योंकि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रदर्शनकारियों की हिरासत के साथ-साथ मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के निलंबन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ मामले का हवाला दिया, जिसमें इंटरनेट प्रतिबंधों से संबंधित कानूनी सिद्धांतों पर विचार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के दौरान पूरी दिल्ली से बैरिकेड हटाने और नागरिकों की आवाजाही सामान्य करने की मांग की गई। वकीलों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के बाहर बैरिकेड लगाए गए हैं और हाई कोर्ट तक पहुंचने में भी बाधाएं आ रही हैं। अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भगवान दास रोड पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू होने से संबंधित बोर्ड का जिक्र किया। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रतिबंधात्मक आदेशों के दायरे को सीमित करने की मांग रखी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता शहदान फरासत ने प्रदर्शनकारियों को कथित तौर पर घसीटकर बसों में बैठाने और कुछ लोगों को बसों से बाहर फेंके जाने के आरोपों का मुद्दा उठाया। मीडिया में सामने आए कुछ दृश्यों में फरासत को भी प्रदर्शन के दौरान पुलिस हिरासत में लेते हुए देखा गया था। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता एन. हरिहरन ने नागरिकों की स्वतंत्र आवाजाही पर लगी पाबंदियों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ऐसा प्रतीत होता है कि नागरिकों के लिए शहर में स्वतंत्र रूप से आना-जाना मुश्किल हो गया है। इन दलीलों के माध्यम से अदालत के सामने पुलिस की कार्रवाई, हिरासत की प्रक्रिया और आम नागरिकों की आवाजाही से जुड़े सवाल रखे गए। ये आरोप और दलीलें सुनवाई के दौरान संबंधित वकीलों की ओर से प्रस्तुत की गईं। दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हिरासत में लिए गए लोगों से जुड़ी याचिकाओं पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलीलें रखीं। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों को चुनौती देने वाले पक्ष की ओर से अपनी बात रखी। सिब्बल ने आरोप लगाया कि लोगों को ट्रेनों समेत अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि इस संबंध में पहले से मौजूद न्यायिक दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत के प्रति विश्वास खोने संबंधी सिब्बल की टिप्पणी का भी जिक्र हुआ। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भविष्य में किसी वरिष्ठ अधिवक्ता को अदालत के बारे में इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि वह वकीलों को ऐसी टिप्पणी करने से रोकने का आदेश नहीं दे सकती। सुप्रीम कोर्ट की विशेष सुनवाई के बाद वरिष्ठ वकीलों ने अदालत के फैसले का स्वागत किया।

नारी का सम्मान और...

बच्चों के पास सर्दियों में स्वेटर तक नहीं होते थे। सरकार ने बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और अन्य सुविधाएं देने की व्यवस्था शुरू की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प से सरकारी विद्यालयों की तस्वीर बदली जा रही है। स्कूलों में बेहतर फर्श और फर्नीचर के साथ स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी विकसित हो रही हैं। जिन बच्चों की पहुंच कभी कंप्यूटर तक नहीं थी, वे भी आधुनिक शिक्षा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने आकांक्षी जनपद में मंडलायुक्त और जिला प्रशासन की स्टडी टेबल वितरण पहल की सराहना की। कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और स्वावलंबन का लाभ बिना भेदभाव हर वर्ग तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना में धनराशि घर की महिला मुखिया के नाम जाएगी। मकान का मालिकाना अधिकार भी उसी का होगा। उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन महिलाओं के नाम दिए जा रहे हैं। एक करोड़ से अधिक परिवारों को मिली घरौनी में महिला सदस्यों को मालिकाना अधिकार मिला है। तीन करोड़ से अधिक घरों में शौचालय निर्माण नारी गरिमा की रक्षा का भी अभियान है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 1.10 करोड़ परिवारों को वृद्धावस्था, निराश्रित महिला और दिव्यांगजन पेंशन के तहत सालाना 12 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माता कौशल्या, जानकी, शबरी, देवकी, यशोदा, द्रौपदी, मैत्रेयी और गार्गी भारतीय नारी के सामर्थ्य की प्रतीक हैं।

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने काशी विश्वनाथ, सोमनाथ और केदारनाथ सहित अनेक मंदिरों का पुनरुद्धार कराया। रानी लक्ष्मीबाई ने 25 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध किया और 26 वर्ष में बलिदान हो गईं। अवंतीबाई लोधी, ऊदा देवी पासी और झलकारी बाई ने भी देश के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत में संविधान निर्माण के साथ ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर मतदान का अधिकार मिला। मुख्यमंत्री योगी ने फीता काटकर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कृषि, उद्यान, रेशम विकास, पराग मिल्क और कृषि विज्ञान केंद्र के स्टॉलों का अवलोकन किया। विराट किसान मेले में कस्टम हायरिंग सेंटर के तहत किसानों को चाबियां सौंपीं और कीटनाशक छिड़काव यंत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सरयू नहर परियोजना पूरी हो चुकी है। इसकी शाखाओं का विस्तार कृषि विकास को गति देगा। कृषि मेले से किसानों को नई तकनीक और नवाचार समझने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने बेसिक और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के बच्चों को स्टडी टेबल देकर प्रोत्साहित किया। हीरालाल, अर्चना, काजल, प्रभु जायसवाल, निसफा, गणेश, चांदनी, शालू, बेबी, रुद्राणी, सानिया और सुधा को आशीर्वाद पत्र तथा स्टेशनरी किट दी। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को ट्रैक सूट वितरित किए। बच्चों ने अपनी लिखी कविताओं की प्रकाशित पुस्तक भी मुख्यमंत्री योगी को भेंट की। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि देवीपाटन मंदिर प्रांगण में नवरात्रि पर कन्याओं का पूजन और प्रतिभावान बच्चों का सम्मान सनातन परंपरा का उदाहरण है। मुख्यमंत्री योगी ने बच्चों को प्रोत्साहित कर उनका उत्साह बढ़ाया है। उन्होंने क्षेत्र और जनपद की ओर से मुख्यमंत्री योगी का आभार जताया।

दुर्गा पूजा में सुरक्षा के...

का निरीक्षण कर सभी जरूरी प्रबंध सुनिश्चित कर लें। बैठक में नदियों के जलस्तर की जानकारी ली और बाढ़ एवं भारी बारिश से प्रभावित लोगों के लिए किए गए राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को पूरी मदद मुहैया करायी जाए। नदियों के जलस्तर पर नजर बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अलर्ट पर रहें। मुख्यमंत्री योगी ने जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कहा कि सभी कार्यों को समय से पूरा किया जाए। किसी भी परियोजना में विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने चौरीचौरा के भोपा बाजार में बने रेल ओवरब्रिज की सड़क को जल्द से जल्द बना लेने के लिए भी निर्देशित किया।

मुख्य न्यायाधीश...

का माहौल बना दिया है। देश में अघोषित इमरजेंसी जैसे हालात हैं और विपक्ष इसके खिलाफ लड़ता रहेगा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के वरिष्ठ नेताओं से राहुल गांधी ने खुद संपर्क साधा है। सूत्रों का कहना है कि सोमवार को होने वाले धरना प्रदर्शन के लिए शिवसेना (यूबीटी) और राजद नेता तेजस्वी यादव से संपर्क साधा गया है। हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि ये नेता मार्च में हिस्सा लेंगे या नहीं। राहुल गांधी एक दिन पहले ही सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कह चुके हैं कि सोमवार को कांग्रेस, पूरा इंडिया गठबंधन और देश के युवा बड़ी संख्या में एक बार फिर सड़कों पर उतरेंगे। इस बार भी आवाज पूरे देश में गूंजेगी। उन्होंने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं। पीछे हटने वाले नहीं हैं। लड़ाई अब नहीं रुकेगी। राहुल गांधी के मुताबिक, सोमवार को हम मुख्य न्यायाधीश से भी मिलेंगे और मांग करेंगे कि जब दिल्ली की सड़कों पर संविधान को तार-तार किया जा रहा है और लोकतंत्र को कुचला जा रहा है, तब कानून के संरक्षक आंखों पर पट्टी डालकर नहीं बैठ सकते। हालांकि, इंडिया गठबंधन के मार्च से पहले रविवार को कोर्ट ने कई अहम आदेश दिए हैं।

कन्या पूजन तभी सार्थक,जब बेटियों को मिले सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुख्यमंत्री ने 149 मेधावी बालिकाओं को स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कन्या पूजन की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब बेटियों को सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। बेटियां केवल परिवार की खुशियां ही नहीं, बल्कि समाज की शक्ति और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला भी हैं। मुख्यमंत्री ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर देहरादून स्थित आईआरटीडी प्रेक्षागार में आयोजित 'बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम' में उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 149 मेधावी बालिकाओं को स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस और शारदीय नवरात्र का प्रथम दिवस एक साथ होना विशेष संयोग है। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को शक्ति का स्वरूप मानकर पूजा जाता है। इस परंपरा को सार्थक बनाने के लिए बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसर देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना और लखपति दीदी जैसी पहलों से महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। राज्य सरकार भी बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार तक विभिन्न स्तरों पर सहयोग दे रही है। धामी ने बताया कि राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जा रहा है। नंदा गौरा योजना के तहत बेटी के जन्म पर 11 हजार रुपये और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने पर 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना से अब तक चार लाख से अधिक बेटियां लाभान्वित हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से 12वीं तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेधावी छात्र प्रोत्साहन, उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति और गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं के माध्यम से भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षा के महत्व को देखते हुए मेधावी बालिकाओं को स्मार्टफोन दिए गए हैं, ताकि वे तकनीक के माध्यम से ज्ञान और कौशल विकास के नए अवसरों का लाभ उठा सकें। राजकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध कराने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से धनराशि देने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों की रोकथाम के साथ ही बच्चों के संरक्षण और सहायता के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बालिकाओं से बड़े सपने देखने, निरंतर परिश्रम करने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में 35 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं और युवाओं के हितों की रक्षा के लिए कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राज्य सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मेधावी बालिकाओं को सम्मानित करने का उद्देश्य उनकी उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के साथ अन्य छात्राओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के सशक्तीकरण के साथ उनकी प्रतिभा और क्षमताओं को पहचानने तथा सम्मान देने का अवसर भी है। रेखा आर्या ने कहा कि पहले समाज में बेटियों के जन्म को लेकर नकारात्मक सोच थी, लेकिन शिक्षा के बढ़ते अवसरों और सामाजिक जागरूकता से इसमें बदलाव आया है। आज बेटियां अपनी मेहनत, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। वे अपने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन करने के साथ दूसरों के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों को बेहतर शिक्षा, समान अवसर और प्रोत्साहन देना जरूरी है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को साकार कर सकें और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे सकें। मेधावी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि वे अपनी उपलब्धियों को अंतिम मंजिल नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की शुरुआत मानें, अपने सपनों को ऊंची उड़ान दें और चुनौतियों का साहस के साथ सामना करें। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खजान दास, अपर सचिव कर्मेंद्र सिंह, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के निदेशक बंशीलाल राणा,उपनिदेशक विक्रम सिंह, राज्य परियोजना अधिकारी मोहित चौधरी सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में मेधावी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

मान ने दिल्ली पुलिस के गुरुद्वारे में जबरन घुसने की निंदा की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में शनिवार को दिल्ली पुलिसकर्मियों के कथित रूप से प्रवेश करने की रविवार को कड़ी निंदा की और पुलिस पर तालिबानी रवैया अपनाने एवं धार्मिक स्थल की पवित्रता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा गुरुद्वारे में शरण लेने के बाद, शनिवार को दिल्ली पुलिसकर्मियों के गुरुद्वारा परिसर में कथित प्रवेश को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर यह वीडियो ''दुर्भावनापूर्ण इरादे'' से प्रसारित किया गया है और वह इस पर कानूनी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री मान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं कल दिल्ली में गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) की पुलिस द्वारा जबरन घुसने की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं३ इतिहास गवाह है कि गुरुओं के घर जरूरतमंदों को शरण देने के लिए हमेशा दरवाजे खुले रहते हैं३ यदि प्रदर्शन कर रहे इस देश के युवा कल वहां चले गए, तो गुरु घर का उसूल है कि सेवादारों को उन्हें शरण देनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''भाजपा की दिल्ली पुलिस ने अपने तालिबानी रवैये के साथ, बिना सिर ढके और जूते पहनकर गुरुद्वारा साहिब में प्रवेश किया और गुरु घर की पवित्रता को भंग किया३ सिख समुदाय इस शर्मनाक कृत्य के लिए भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा। नयी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सचिन शर्मा ने इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर स्पष्ट किया कि वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मी उस सामान्य मार्ग से गुजर रहे थे जिसका इस्तेमाल श्रद्धालु गुरुद्वारे में प्रवेश करने से पहले जूते उतारने के स्थान तक जाने के लिए करते हैं। डीसीपी ने कहा, ''यह वीडियो एक सम्मानित धार्मिक समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की दुर्भावनापूर्ण मंशा से जानबूझकर प्रसारित किया गया है। उधर, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के प्रमुख हरमीत सिंह कालका ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने और धार्मिक संस्था को बदनाम करने का आरोप लगाया है।कालका ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी विरोध प्रदर्शन के दौरान तख्तियां लेकर और नारेबाजी करते हुए गुरुद्वारा परिसर में दाखिल हुए थे, जिन्हें कर्मचारियों ने मुख्य हॉल में जबरन घुसने से रोका था। प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए परिसर में दाखिल हुए पुलिसकर्मियों की आलोचना पर सवाल उठाते हुए कालका ने कहा कि पुलिस ने तब हस्तक्षेप किया, जब प्रदर्शनकारी गुरुद्वारे में दाखिल हो गए थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रदर्शन के दौरान शनिवार को जंतर-मंतर की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे 7,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था।

पंजाब के पटियाला में एंटीबायोटिक दवाओं के सही इस्तेमाल के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पंजाब में पहली बार विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का राज्य स्तरीय आयोजन



पटियाला। नई दिल्ली के फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रायोजन तथा मोहाली के पंजाब फार्मेसी काउंसिल की ओर से विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह-2026 का राज्य स्तरीय समारोह पटियाला के पंजाबी विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। पंजाब में पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'स्वस्थ भारतः एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) से मुकाबला' अभियान के तहत लोगों को जागरूक करना और एंटीबायोटिक दवाओं के जिम्मेदार इस्तेमाल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में पंजाब के लगभग 110 फार्मेसी कॉलेजों से 2,000 से अधिक फार्मेसी पेशेवरों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर करीब 1,500 प्रतिभागियों ने जागरूकता रैली में हिस्सा लेकर एंटीबायोटिक दवाओं के उचित उपयोग तथा एएमआर की रोकथाम का संदेश दिया। समारोह के दौरान उद्घाटन सत्र, विशेषज्ञ पैनल चर्चा, फार्मा क्विज, साइंस कार्टून (साइटून), पोस्टर, लीफलेट और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटू कुमार एम. पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दूर-दराज के क्षेत्रों से लंबा सफर तय करके कार्यक्रम में पहुंचे विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि फार्मेसी क्षेत्र को मजबूत बनाने में शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। डॉ. पटेल ने कहा कि फार्मेसी के विद्यार्थियों और पेशेवरों को गांवों तथा झुग्गी-बस्तियों में जाकर लोगों को दवाओं के सही इस्तेमाल के बारे में जागरूक करना चाहिए। संस्थानों को इन क्षेत्रों को अपनाकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि लोग अपनी दवाएं सही मात्रा और उचित तरीके से ले रहे हैं या नहीं। उन्होंने फार्मेसी कॉलेजों के प्रोफ़ेसरों और प्रबंधन से अपील की कि वे हर महीने अपने क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां और अन्य गतिविधियां आयोजित करें। उनके अनुसार, विद्यार्थियों का मरीजों और आम लोगों से सीधा संवाद उन्हें समाज में प्रचलित बीमारियों, बैक्टीरिया और वायरस के बारे में व्यावहारिक जानकारी देगा। इससे उन्हें नई तकनीक विकसित करने और शोध के लिए नए विचार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्टों की जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका से उनकी उपयोगिता को बेहतर ढंग से समझा जा सकेगा और रोजगार के नए अवसरों के साथ बेहतर नीतियां बनाने में भी मदद मिलेगी। पंजाबी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) जगदीप सिंह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण, मानवता और सभी जीवों की सुरक्षा के लिए 17 सतत विकास लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इनमें तीसरा लक्ष्य स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों और नर्सों के साथ फार्मासिस्टों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहां डॉक्टर बीमारी की पहचान कर उपचार बताते हैं, वहीं फार्मासिस्ट मरीजों को निर्धारित दवा सही खुराक, सही समय और तय अवधि तक लेने में मार्गदर्शन देते हैं। कार्यक्रम का संयोजन पंजाब फार्मेसी काउंसिल, मोहाली के अध्यक्ष सुशील बंसल ने किया, जबकि डॉ. सुरेश कुमार कार्यक्रम समन्वयक रहे। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन को फार्मेसी संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने और एएमआर के प्रति जन-जागरूकता मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

उत्तराखंड में शारदीय नवरात्र की धूम, मंदिरों में उमड़ रहे श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में शारदीय नवरात्र का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को नवरात्र के प्रथम दिवस पर प्रदेशभर में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ घरों में भी कलश स्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। देहरादून में मां डाट काली मंदिर, भवन श्री कालिका माता मंदिर, झंडा बाजार स्थित मां कालिका मंदिर और रायपुर रोड के तपोवन क्षेत्र स्थित मां काली मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु व्रत रखकर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना कर रहे हैं। घरों में दुर्गा सप्तशती के पाठ और भजन-कीर्तन के माध्यम से भी मां की उपासना की जा रही है। धर्मनगरी हरिद्वार में भी नवरात्र को लेकर धार्मिक उत्साह है। मनसा देवी, चंडी देवी और माया देवी मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर मां का आशीर्वाद ले रहे हैं। बिल्व पर्वत पर स्थित मनसा देवी मंदिर और नील पर्वत पर स्थित चंडी देवी मंदिर में मां के दर्शन का विशेष धार्मिक महत्व है। वहीं, प्राचीन माया देवी मंदिर में भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना कर रहे हैं। शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्रीनगर के निकट अलकनंदा नदी के तट पर स्थित मां धारी देवी मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नवरात्र के प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है। नवरात्र के दौरान यहां मां की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालु मां धारी देवी से परिवार की सुख-शांति और कल्याण की कामना कर रहे हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि शारदीय नवरात्र भारतीय संस्कृति और आस्था का पावन पर्व है, जो शक्ति, भक्ति और संकल्प की महत्ता का स्मरण कराता है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना साहस, धैर्य और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती है।

रेलवे ने एनटीपीसी-स्नातक के 3,548 पदों के लिए मांगे आवेदन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। रेलवे ने गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (एनटीपीसी-स्नातक) की भर्ती के तहत स्नातक स्तर के 3,548 पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की ओर से केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) संख्या 06/2026 जारी की गयी है। इसके माध्यम से योग्य स्नातक उम्मीदवारों को भारतीय रेलवे में करियर बनाने और देश के सबसे बड़े सार्वजनिक सेवा संगठनों में से एक के कामकाज में योगदान देने का अवसर मिलेगा। रेलवे की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इस भर्ती में चार श्रेणियों के पद शामिल हैं, जिनमें मुख्य वाणिज्यिक सह टिकट पर्यवेक्षक, मालगाड़ी प्रबंधक, कनिष्ठ लेखा सहायक सह टाइपिस्ट और वरिष्ठ लिपिक सह टाइपिस्ट शामिल हैं। ये पद वाणिज्यिक सेवाओं, ट्रेन संचालन, लेखा और प्रशासन के क्षेत्र में करियर के अवसर प्रदान करेंगे। कुल 3,548 रिक्तियों में से 2,750 पद मालगाड़ी प्रबंधक के लिए, 371 पद वरिष्ठ लिपिक सह टाइपिस्ट के लिए, 300 पद कनिष्ठ लेखा सहायक सह टाइपिस्ट के लिए और 127 पद मुख्य वाणिज्य सह टिकट पर्यवेक्षक के लिए हैं। इन पदों पर प्रारंभिक मूल वेतन सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अंतर्गत दिया जाएगा। मुख्य वाणिज्यिक सह टिकट पर्यवेक्षक का प्रारंभिक मूल वेतन वेतन स्तर छह पर 35,400 रुपये प्रति माह है, जबकि अन्य तीन श्रेणियों का प्रारंभिक मूल वेतन वेतन स्तर पांच पर 29,200 रुपये प्रति माह है। लागू भत्ते और सेवा शर्तें संबंधित नियमों के अनुसार होंगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आठ अक्टूबर से शुरू हो गयी है और योग्य उम्मीदवार छह नवंबर को रात 11:59 बजे तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि आठ नवंबर है, जबकि आवेदन में संशोधन की अवधि नौ नवंबर से 18 नवंबर तक निर्धारित है। उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री या उसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिए और उन्हें पद-विशिष्ट निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करना होगा। अधिसूचित आयु सीमा एक जनवरी 2027 को 18-33 वर्ष है, जिसमें निर्धारित नियमों के तहत पात्र श्रेणियों के लिए आयु में छूट दी जाएगी। योग्य स्नातकों को सलाह दी जाती है कि वे विस्तृत अधिसूचना की समीक्षा करें, अपनी पसंद के पदों के लिए आवश्यक शर्तों की पुष्टि करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया, जिसमें पात्र उम्मीदवारों के लिए प्रावधान शामिल हैं। चयन प्रक्रिया में प्रथम चरण में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी), द्वितीय चरण में सीबीटी, और आवश्यकतानुसार दस्तावेज़ सत्यापन एवं चिकित्सा परीक्षा शामिल है। चयन योग्यता और निर्धारित पात्रता शर्तों के पूरी होने के आधार पर होगा। भर्ती प्रक्रिया में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पात्र दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए लागू आरक्षण और आयु में छूट के लाभों के साथ-साथ लेखक सहायता और क्षतिपूर्ति समय का प्रावधान भी है। सीईएन क्रमांक 06/2026 के अंतर्गत एक अन्य प्रावधान कनिष्ठ लेखा सहायक सह टाइपिस्ट और वरिष्ठ लिपिक सह टाइपिस्ट के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित टाइपिंग कौशल परीक्षा (सीबीटीएसटी) से छूट प्रदान करना है। फिर भी, उम्मीदवारों से बुनियादी कंप्यूटर और टाइपिंग दक्षता की अपेक्षा की जाती है, जिसका मूल्यांकन अधिसूचना में निर्दिष्ट अनुसार कार्यभार ग्रहण करने के बाद किया जाएगा।

कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू, जयकारों से गूंजे दुर्गा पंडाल

नवादा। नवादा। जिले में रविवार को दुर्गा पंडालों में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर नवादा नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भक्तिमय माहौल देखने को मिला। सैकड़ों श्रद्धालु बाजे-गाजे और हाथी-घोड़े के साथ भव्य जुलूस निकालकर कलश यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवरों और नदियों से जल भरकर विभिन्न दुर्गा पंडालों में विधि-विधान के साथ कलश स्थापना की। नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही दुर्गा पूजा समितियों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में स्थापित दुर्गा पंडालों से श्रद्धालुओं की टोलियां गाजे-बाजे के साथ निकलीं। कलश यात्रा के दौरान मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु कोरियाना नदी स्थित सूरज मंदिर सूरजधाम पहुंचे, जहां से कलश में पवित्र जल भरकर पूजा पंडालों की ओर रवाना हुए।

शहर के विकास को मिलेगी रफ्तार: भागलपुर नगर निगम खोलेगा 19 करोड़ के टेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। शहर की सूरत बदलने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। शहर के विभिन्न वार्डों में लटके और नए विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए कुल 19 करोड़ रुपये की 93 विकास योजनाओं की निविदाएं (टेंडर) खोलने का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। छुट्टी के दिनों (शनिवार और रविवार) में भी निगम की तकनीकी टीम और संबंधित अधिकारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए अब तक 27 महत्वपूर्ण योजनाओं के टेंडर खोलने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, इस बार टेंडर प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है ताकि केवल योग्य और अनुभवी एजेंसियों को ही काम का जिम्मा मिले। शेष बची 66 निविदाओं को अगले दो दिनों (48 घंटे) के भीतर खोलकर संवेदकों (ठेकेदारों) का चयन फाइनल कर लिया जाएगा। वर्क ऑर्डर जारी होते ही शहर के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस 19 करोड़ के भारी-भरकम बजट से शहर की कई पुरानी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके तहत सड़क एवं नाली निर्माण, जलजमाव वाले वार्डों में पक्की नालियों और क्षतिग्रस्त मुख्य सड़कों का जीर्णोद्धार, जलजमाव से मुक्ति और सुगम आवागमन, पेयजल आपूर्ति जिन मोहल्लों में पाइपलाइन का विस्तार नहीं हुआ है, वहां नए कनेक्शन और चापाकल औश्र गर्मियों से पहले शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट एवं सौंदर्यीकरण शहर के मुख्य चौराहों और अंधेरे वाले वार्डों में नई एलईडी लाइटें लगाना शामिल है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों की बाट जोह रहे वार्ड पार्षदों ने निगम के इस कदम का स्वागत किया है। पार्षदों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया समय पर पूरी होने से वित्तीय वर्ष के भीतर ही काम पूरे हो सकेंगे, जिससे आम जनता को जर्जर सड़कों और बजबजाती नालियों से परमानेंट राहत मिल सकेगी। नगर आयुक्त ने भी साफ निर्देश दिया है कि टेंडर फाइनल होने के बाद काम की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063